राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Www.gauravshalibharat.com

# गौरवशाली भारत



वर्ष : 13 , अंक : 285, पृष्ठ : 08, नई दिल्ली रविवार 28 अप्रैल 2024, मूल्य : 2 /-

नई दिल्ली से प्रकाशित

RNI No .DELHIN/2011/38334

**मुख्य अपडेट**

हाईकोर्ट की टिप्पणी, महिला पुलिस अधिकारी भी हो सकती है घरेलू हिंसा का शिकार
.... पेज 03

शाहजहांपुर : बालिका से अश्लील हरकत करने वाला वैन चालक गिरफ्तार
.... पेज 05

अब लगता है कि टी20 में कोई भी लक्ष्य सुरक्षित नहीं है : करन
.... पेज 07

## उत्तराखंड के जंगलों में आग का तांडव, आग बुझाने के लिए हेलीकॉप्टर की सेवा ली

नैनीताल। उत्तराखंड के वनों में आग लगने की घटनाएं लगातार बढ़ रही है। राज्य में अभी तक 689.89 हेक्टेयर जंगल आग की भेंट चढ़ चुका है। इससे वन विभाग को लाखों का नुकसान हुआ है। नैनीताल में आग बुझाने के लिए वायु सेना के हेलीकॉप्टर को लगाया है। वन विभाग से मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार रात तक पूरे प्रदेश के जंगलों में आग लगने की 575 घटनायें सामने आ चुकी हैं। आग लगने से कुल 689.89 हेक्टेयर क्षेत्रफल जल कर राख हो चुका है। इससे वन विभाग को 14,41,771 रुपये का नुकसान हुआ है।

वनाग्नि की सबसे अधिक 405 घटनायें आरक्षित वन क्षेत्र में हुई हैं। आरक्षित वन क्षेत्र में 478.29 हेक्टेयर क्षेत्रफल आग की भेंट चढ़ चुका है। इसी प्रकार सिविल वन क्षेत्र में 170 घटनायें प्रकाश में आयी हैं। इसमें 211.6 हेक्टेयर वन खाक हो गया है।

आग से कुमाऊं मंडल खासा प्रभावित है। गढ़वाल मंडल में कल शाम तक 211 जबकि कुमाऊं मंडल में 313 घटनायें दर्ज की गयी हैं। कुमाऊं मंडल में 395.92 हेक्टेयर क्षेत्रफल वनाग्नि की भेंट चढ़ गया है। वन विभाग की ओर से दी गयी जानकारी के अनुसार कुमाऊं मंडल में 8.30 लाख का नुकसान हुआ है।

प्रदेश में पिछले 24 घंटे में आग की 31 घटनायें सामने आयीं। इस दौरान कुमाऊं मंडल में 24 घटनायें दर्ज की गयीं। यहां भी सबसे अधिक आरक्षित वन क्षेत्र प्रभावित हुआ है।

नैनीताल में कल देर शाम को पाइंस क्षेत्र में वनाग्नि ने भीषण रूप ले लिया। आग लड़ियाकांटा क्षेत्र में एयर फोर्स स्टेशन तक पहुंच गयी। स्टेशन को बचाने के लिये केन्द्र सरकार से मदद की गुहार लगायी गयी। केन्द्र सरकार से नौ सेना के हेलीकॉप्टर की मांग की गयी। केन्द्र सरकार की ओर से नौ सेना का एमआई-17 हेलीकाप्टर को कल ही मौके पर भेज दिय गया। आज दिन भर हेलीकाप्टर आग बुझाने में जुटा रहा। उसने भीमताल से पानी भरने के



लिये कई चक्कर लगाये। दूसरी ओर सरकार भी वनाग्नि की घटनाओं से हलकान है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आग की घटनाओं को ध्यान में रखते हुए आज शाम हल्द्वानी में एक बैठक बुलाई है।

## जनता को गुमराह कर रहे हैं मोदी : प्रियंका

नयी दिल्ली। कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी असली मुद्दों की बात करने की बजाय पूर्व प्रधानमंत्रियो का नाम लेकर कल्पना के सहारे देश की जनता को गुमराह करने का काम कर रहे हैं।

वाड्रा ने कहा कि चुनावी सभाओं में मोदी को अपने 10 साल के कामकाज का हिसाब देना चाहिए था लेकिन वह गुमराह करने की राजनीति कर रहे हैं और असली मुद्दों से जनता को भटका कर काल्पनिक मुद्दे उठाकर लोगों को भटका रहे हैं। उन्होंने कहा,पिछले दस सालों से केंद्र में भाजपा की सरकार है। आज जब चुनाव आया है और जनता हिसाब मांग रही है तो नरेंद्र मोदी जी अपने काम गिनाने की जगह ये बता रहे हैं कि पूर्व प्रधानमंत्रियों ने क्या किया, क्या नहीं किया। वे काल्पनिक मुद्दों के सहारे जनता को डराने और भटकाने की कोशिश कर रहे हैं। लेकिन देश की जागरूक जनता अब उनके झांसे में नहीं आने वाली।

# 5 दिन तक हीटवेव का अलर्ट

## दिल्ली समेत 15 राज्यों में तापमान 40 के पार; एमपी में ओले, छत्तीसगढ़ में बारिश के आसार



नई दिल्ली। देश में तेज गर्मी का दौर लगातार जारी है। मौसम विभाग ने बिहार, झारखंड, तेलंगाना, कर्नाटक, तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश, ओडिशा और पश्चिम बंगाल के लिए शनिवार से अगले 5 दिनों तक हीटवेव का अलर्ट जारी किया है।

इसके अलावा, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, ओडिशा, पश्चिम बंगाल और तेलंगाना के कुछ जिलों में तापमान 42 डिग्री से 44 डिग्री के बीच रिकॉर्ड किया गया।

उधर, गुजरात, आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु , हरियाणा और दिल्ली में तापमान 40 से 42 डिग्री के बीच बना हुआ है। आंध्र प्रदेश के नांदयाल में सबसे ज्यादा टेम्परेचर 44.6 दर्ज हुआ है। मौसम विभाग ने कहा कि हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, पंजाब, हरियाणा, दिल्ली और मध्य प्रदेश में आज ओले भी गिर सकते हैं।

वहीं, जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, पंजाब, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और महाराष्ट्र समेत नॉर्थ ईस्ट के 7 राज्यों में आज बारिश हो सकती है।

### मौसम विभाग ने कहा- आने वाले दिनों में उत्तर भारत के राज्यों में हीटवेव से राहत मिलेगी

आईएमडी की साइंटिस्ट सोमा सेन रॉय ने कहा- आने वाले दिनों में उत्तर भारत के राज्यों में आंधी-तूफान की स्थिति देखने को मिलेगी। इस कारण हीटवेव चलने की संभावना कम है। तापमान में भी 4 से 5 डिग्री सेल्सियस की कमी भी आ सकती है। सोमा सेन ने कहा शुक्रवार को भी उत्तर भारत के राज्यों खास तौर पर पंजाब और हरियाणा में आंधी तूफान देखने को मिला था। वहीं, दिल्ली में 50 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से हवाएं चलीं। हिमाचल प्रदेश के 10 जिलों में अगले 2 दिन तक ओले और बारिश का अलर्ट है। उत्तर प्रदेश और ओडिशा के कुछ जिलों में 45 डिग्री से 47 डिग्री सेल्सियस का अनुमान जताया गया है।

### आतंकी कसाब को फांसी दिलाने वाले वकील उज्ज्वल को भाजपा ने बनाया प्रत्याशी

नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी की केंद्रीय चुनाव समिति ने अपनी एक और लिस्ट जारी कर दी है। 2024 के लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा ने महाराष्ट्र के उत्तर मध्य मुंबई सीट से उज्ज्वल देवराव निकम को अपना उम्मीदवार बनाया है। उज्ज्वल देवराव निकम 26/11 मुंबई आतंकवादी हमले के मामले में विशेष लोक अभियोजक हैं। इस सीट से भाजपा की पूनम महाजन मौजूदा सांसद हैं। वह दो बार की सांसद हैं। पूनम महाजन भाजपा के दिग्गज नेता रहे दिवंगत प्रमोद महाजन की बेटी हैं। उज्ज्वल निकम 1993 के मुंबई सिलसिलेवार विस्फोटों और 26/11 हमलों के बाद पकड़े गए एकमात्र आतंकवादी अजमल कसाब के मुकदमे जैसे कई हाई प्रोफाइल मामलों में विशेष लोक अभियोजक रहे हैं। उनका मुकाबला कांग्रेस की मुंबई इकाई प्रमुख और धारावी से विधायक वर्षा गायकवाड़ से होगा।

## छत्तीसगढ़ : सड़क हादसे में परिवार के 4 लोगों की मौत

जांजगीर-चांपा। छत्तीसगढ़ के जांजगीर-चांपा में शनिवार को सड़क हादसे में एक ही परिवार के 4 लोगों की मौत हो गई। इसमें एक बच्ची भी शामिल है जिसका आज ही जन्मदिन था। दंपती अपने बेटे और नातिन के साथ एक ही बाइक में सवार थे तभी ट्रक ने बाइक को कुचल दिया। गुस्साए लोगों ने चक्काजाम कर दिया है। परिजनों को 30 लाख रुपए मुआवजा और न्यूवोको सीमेंट फैक्ट्री में नौकरी की मांग कर रहे हैं।

काफी देर से आवागमन बाधित है। सड़क के दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतारें लगी हैं। पूरा मामला मुलमुला थाना क्षेत्र के अरसमेटा मोड़ का है। हादसे में 3 लोगों की मौत पर मौत हो गई। वहीं एक महिला ने इलाज के




दौरान दम तोड़ दिया। जानकारी के मुताबिक गंभीर रूप से घायल महिला को बिलासपुर के सिम्स हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था। वहीं हादसे के बाद गुस्साए लोगों ने चक्काजाम कर दिया है।

### सड़क हादसे में 4 लोगों की मौत

पुलिस के मुताबिक, 47 साल का रामकुमार कश्यप एक बाइक पर अपनी पत्नी शतरूपा बाई (42), बेटा चंद्र प्रकाश कश्यप (19) और 3 साल की नातिन के साथ सवार थे। सभी कोनारगढ गांव से बर्थडे मानने के लिए परसदा गांव जा रहे थे। इसी दौरान 12.30 बजे के आसपास अरसमेटा मोड़ पर हादसे का शिकार हो गए।

### मौके से भागा ट्रक ड्राइवर

ट्रक की टक्कर के बाद सभी बाइक सवार दूर सड़क किनारे जा गिरे। जिसमें 3 साल की बच्ची समेत 3 लोगों की मौके पर मौत हो गई। वहीं टक्कर मारने के बाद ट्रक चालक मौके से गाड़ी लेकर फरार हो गया। बताया जा रहा है कि बाइक के परखच्चे उड़ गए हैं।

## रामबन लैंडस्लाइड- अबतक 30 घर टूटे, 55 परिवारों का रेस्क्यू

### एक किमी के इलाके में जमीन धंसी; रामबन से ही निकलती है अमरनाथ यात्रा

रामबन। जम्मू में रामबन-गूल रोड पर गुरुवार (26 अप्रैल) की शाम से लैंड स्लाइड हो रहा है। करीब 1 किलोमीटर तक की जमीन धंसने के बाद रामबन से 6 किलोमीटर दूर पेरनोट गांव में करीब 30 से ज्यादा घर क्षतिग्रस्त हो गए हैं। लैंड स्लाइड के बाद स्थानीय प्रशासन ने 55 परिवारों को सुरक्षित जगहों पर पहुंचाया है। लेकिन इलाके में हो रही बारिश के कारण हालात खतरनाक होते जा रहे हैं। इस साल अमरनाथ यात्रा 29 जून से शुरू होने जा रही है। ऐसे में रामबन में लैंड स्लाइड की घटना यात्रा पर असर डाल सकती है। काफिला जम्मू के भगवती नगर बेसकैंप से उधमपुर, पटनीटॉप से रामबन होते हुए अनंतनाग तक जाता है।

घटना के कारण इलाके में बिजली सप्लाई ठप हो गई और 60 हजार से ज्यादा लोगों का मुख्य शहर से संपर्क



टूट गया है। मकानों में दरारें आने के बाद लोगों का रेस्क्यू करके सुरक्षित स्थानों पर भेजा गया। रामबन के डीसी बसीर-उल-हक चौधरी ने बताया है कि ग्रिड स्टेशन के लैंड स्लाइड में ढह जाने के बाद से जिले में बिजली आपूर्ति प्रभावित हुई है।

रामबन-गूल मार्ग पर वाहनों की आवाजाही रोक दी गई है। परनोट गांव के लोगों का कहना है कि जमीन धंसने के कारण फसलों को भी नुकसान पहुंचा है।

### बारिश में बेकार हो गया शेल्टर

रामबन के एडीशनल डिप्टी कमिश्नर वरुणजीत सिंह चरक ने बताया कि परिवारों का रेस्क्यू करने में एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, एनजीओ और स्थानीय लोग हमारी मदद कर रहे हैं। एक टेम्परेरी शेल्टर बनाया था, लेकिन लगातार बारिश के कारण यह बेकार हो गया है। हमने संबंधित विभागों से अपील की है कि वे यहां आएं और इस आपदा के कारणों पर रिसर्च करें।

### 2023 में डोडा में जमीन धंसने से 21 घरों में दरारें आई थी

साल 2023 में जम्मू के डोडा में जमीन धंसने से 21 घरों में दरारें आ गई थीं। आपदा पीड़ितों को सुरक्षित जगहों पर ले जाया गया। घटना के कारणों की जांच के लिए जियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया की टीम पहुंची और मामले की जांच की। हालांकि, अभी तक कोई जांच रिपोर्ट सामने नहीं आई है।

## मणिपुर में सीआरपीएफ के 2 जवान शहीद

### कुकी उग्रवादियों ने सेंट्रल फोर्स की चौकी पर बम फेंका, 2 अन्य जवान जख्मी





इम्फाल। मणिपुर में लोकसभा चुनाव की वोटिंग के ठीक 6 घंटे बाद शुक्रवार-रविवार रात विष्णुपुर जिले में कुकी उग्रवादियों के हमले में सीआरपीएफ के दो जवान शहीद हो गए। घटना में दो जवान घायल भी हुए हैं। इनका इलाज इंफाल के रीजनल इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस में चल रहा है। मणिपुर पुलिस के मुताबिक, कुकी समुदाय के उग्रवादियों ने देर रात 12: 30 बजे से लेकर 2: 15 बजे के दौरान मैतेई बहुल गांव नारानसैना की ओर फायरिंग की और 4 बम भी फेंके।

यहां सीआरपीएफ की चौकी के अंदर दो धमाके हुए। सुरक्षाबलों ने जवाबी कार्रवाई के बाद हमलावर भाग गए।

घटना में सीआरपीएफ की 128वीं बटालियन के इंस्पेक्टर जादव दास, सब इंस्पेक्टर एन सरकार, हेड कॉन्स्टेबल अरूप सैनी और कॉन्स्टेबल आफताब हुसैन घायल हो गए। इनमें एन सरकार और अरूप सैनी की इलाज के दौरान मौत हो गई।

### सिनम कोम में दो गुटों के बीच गोलीबारी में एक की मौत

दूसरी तरफ, मणिपुर के कांगपकोपी और इंफाल ईस्ट जिलों के बॉर्डर पर सिनम कोम गांव में भी शुक्रवार रात दो गुटों के बीच गोलीबारी हुई। इसमें 33 साल एक विलेज वालंटियर की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि मृतक की पहचान लैशराम प्रेम के रूप में की गई है। गोलीबारी के बाद से लैशराम लापता था। शनिवार सुबह उसका शव बरामद किया गया।

## असम के सोनितपुर में जंगली हाथी का आतंक, दो वनरक्षकों समेत तीन लोगों को कुचलकर मार डाला

तेजपुर। असम के सोनितपुर जिले में शनिवार को एक जंगली हाथी के हमले में दो वन रक्षकों सहित तीन लोगों की मौत हो गई और एक अन्य व्यक्ति घायल हो गया। एक वन अधिकारी ने यह जानकारी दी।

पश्चिम तेजपुर प्रभागीय वन अधिकारी निपेन कलिता ने कहा कि जब वनकर्मी इलाके में गश्त कर रहे थे, तब एक जंगली हाथी पास के ढेकियाजुली जंगल से भटककर धीराई माजुली गांव में घुस गया और तीन लोगों को कुचलकर मौके पर ही मार डाला, जबकि वन विभाग के एक अन्य कर्मचारी को घायल कर दिया।

### लाहौल स्पीति व किन्नौर में ताजा हिमपात

शिमला। हिमाचल प्रदेश के लाहौल स्पीति और किन्नौर जिले में शनिवार को ताजा हिमपात हुआ जबकि राज्य में अलग-अलग स्थानों पर व्यापक बारिश हुई। मौसम विभाग के अनुसार लाहौल स्पीति और किन्नौर के ऊंचे इलाकों में भारी हिमपात हुआ। लाहौल स्पीति के गोंदला में आठ सेंटीमीटर, हंसा में 2.5 सेंटीमीटर, केलांग में दो सेंटीमीटर और कुकमसेरी में 1.5 सेंटीमीटर हिमपात हुआ। लाहौल स्पीति के ऊंचे दर्रों पर एक से दो फीट तक हिमपात हुआ। कोठी में 28 मिमी, चंबा के तीसा और डलहौजी में 10 मिमी, पालमपुर और चंबा में आठ मिमी, किन्नौर के कल्पा में सात मिमी, चंबा और धर्मशाला में पांच मिमी बारिश हुई। दोपहर में राज्य में व्यापक बारिश या हिमपात से पारा गिर गया।

**विज्ञापन खर्च**

### 6 साल में पब्लिश पॉलिटिकल एडवरटाइजमेंट में भाजपा के 73 प्रतिशत, सबसे ज्यादा 10.8 करोड़ कर्नाटक पर खर्च

## भाजपा ने गूगल-यूट्यूब को दिए 102 करोड़ के विज्ञापन

नई दिल्ली। भाजपा गूगल और यूट्यूब पर विज्ञापन के लिए 100 करोड़ रुपए से ज्यादा खर्च करने वाली पहली भारतीय पॉलिटिकल पार्टी बन गई है।

गूगल की विज्ञापन ट्रांसपेरैंसी रिपोर्ट के मुताबिक, 31 मई 2018 से 25 अप्रैल 2024 तक भाजपा ने 102 करोड़ रुपए विज्ञापन के लिए खर्च किए हैं।

पिछले पांच सालों में पब्लिश्ड गूगल विज्ञापन में भाजपा का हिस्सा करीब 26त्न है। इस दौरान कुल 390 करोड़ रुपए के पॉलिटिकल विज्ञापन पब्लिश हुए हैं।

इस दौरान कुल 2.17 लाख ऑनलाइन ऐड दिए गए हैं। इनमें से कुल 1.61 लाख ऐड (73 प्रतिशत) राजनीतिक विज्ञापन कैटेगरी के तहत भाजपा के थे।

भाजपा ने कर्नाटक में सबसे ज्यादा 10.8 करोड़ रुपए के ऐड दिए हैं। इसके बाद उत्तर प्रदेश के लिए पार्टी ने 10.3 करोड़, राजस्थान के लिए 8.5 करोड़ और दिल्ली के लिए 7.6 करोड़ रुपए के विज्ञापन दिए हैं।

वहीं, लोकसभा चुनाव 2024 के पहले और दूसरे फेज के दौरान (19 से 25 अप्रैल तक) भाजपा से ज्यादा खर्च कांग्रेस ने किया है। कांग्रेस ने 5.7 करोड़ रुपए, जबकि भाजपा ने 5.3 करोड़ खर्च किए हैं।




### कांग्रेस ने सबसे ज्यादा विज्ञापन साउथ के राज्यों में दिए

रिपोर्ट में कहा गया है कि 5992 ऑनलाइन ऐड के साथ कांग्रेस दूसरे नंबर पर रही। पार्टी ने इन विज्ञापनों पर 45 करोड़ रुपए खर्च किए हैं। जो भाजपा के ऐड का सिर्फ 3.7 प्रतिशत है।

इसके विज्ञापन अभियान मुख्य रूप से कर्नाटक और तेलंगाना (प्रत्येक पर 9.6 करोड़ रुपए से अधिक खर्च) और मध्य प्रदेश (6.3 करोड़ रुपए) पर केंद्रित थे।

### रिपोर्ट के तीन महत्वपूर्ण पॉइंट्स

तीसरे स्थान पर तमिलनाडु की सत्ताधारी पार्टी डीएमके है। इसने 2018 से अब तक ऑनलाइन ऐड पर 42 करोड़ रुपए खर्च किए हैं। इसमें इस साल फरवरी से राजनीतिक सलाहकार फर्म पॉपुलस एम्पावरमेंट नेटवर्क द्वारा उसकी ओर से खर्च किए गए 16.6 करोड़ रुपए भी शामिल हैं।

तमिलनाडु के बाहर डीएमके ने कर्नाटक और केरल में डिजिटल विज्ञापनों पर 14 लाख रुपए और 13 रुपए खर्च किए।

चुनाव रणनीतिकार प्रशांत किशोर की इंडियन पॉलिटिकल एक्शन कमेटी ने अलग-अलग पार्टियों के लिए 11.2 करोड़ रुपए के विज्ञापन दिए हैं।

## कानपुर में सड़क हादसे में ससुर-बहू समेत 3 की मौत

### बेटा और नाती गंभीर हालत में हैलट रेफर, इलाज के लिए फतेहपुर से कानपुर आ रहे थे

घाटमपुर। कानपुर में शनिवार को कार और डंपर की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। हादसे में ससुर-बहू और कार चालक समेत तीन की मौके पर मौत हो गई। जबकि बेटा और नाती घायल हुए हैं। पुलिस ने घायलों को बिधनू सीएचसी में भर्ती कराया। जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद दोनों कानपुर के हैलट अस्पताल रेफर कर दिया। पुलिस ने क्रेन की सहायता से वाहनों को किनारे करवाकर हाईवे पर यातायात बहाल किया। घटना बिधनू थाना क्षेत्र के माधवबाग के पास की है। फतेहपुर के जहानाबाद निवासी हाफिस ने बताया की उनके पिता हबीब की तबीयत खराब थी। उनको दिखाने के लिए कानपुर जाना था, इसलिए कार बुक की थी। शनिवार दोपहर घर से



कार में उनकी पत्नी हुसनारा (45), बेटा अमन (18) के साथ पिता हबीब को दिखाने कानपुर जा रहे थे। कार कानपुर-सागर हाईवे पर बिधनू थाना क्षेत्र के माधवबाग के पास पहुंची। तभी सामने से आ रहे डंपर से आमने सामने भिड़ंत हो गई।

हादसा इतना भीषण था कि कार के परखचे उड़ गए। हादसे में कार चालक पंकज समेत कार में सवार उनकी पत्नी हुसनारा, पिता हबीब की मौके पर ही मौत हो गई। पिता-पुत्र घायल हो गए हैं। राहगीरों ने फोनकर घटना की सूचना पुलिस को दी। जानकारी मिलते मौके पर पहुंची बिधनू पुलिस ने एम्बुलेंस से घायलों को बिधनू सीएचसी पहुंचाया।

### शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा

जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद पिता हाफिस और बेटे अमन को कानपुर के हैलट अस्पताल रेफर कर दिया। जहां दोनो का उपचार जारी है। बिधनू थाना प्रभारी प्रेमचंद्र ने बताया कि घटना की सूचना मिली थी। घायलों को अस्पताल पहुंचाया है। परिजनों को घटना की सूचना देने के साथ तीनों के शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा जा रहा है।

## शार्ट न्यूज

### श्रीनगर नाव दुर्घटना में एक और बालक का शव मिला, मृतकों की संख्या आठ हुई

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर की राजधानी श्रीनगर में झेलम नदी में नाव पलटने की घटना के 12 दिन बाद एक बालक का शव बरामद किया गया, जिससे इस घटना में मरने वालों की संख्या आठ हो गई। अधिकारियों ने बताया कि लापता बालक का शव नूरबाग श्रीनगर के पास बरामद किया गया। राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल के कमांडर अतुल शर्मा ने बताया कि स्थानीय लोगों को नूरबाग श्रीनगर के पास झेलम नदी की सतह पर एक बालक का शव तैरता हुआ मिला। शव को बरामद करके पोस्टमार्टम के लिये अस्पताल ले जाया गया। मृतक हाजिक के पिता शौकत अहमद शेख अभी भी लापता हैं और उनकी तलाश जारी है। गौरतलब है कि 16 अप्रैल को, श्रीनगर के गंडबल में स्थित झेलम नदी को पार कर रही नाव उफनती नदी की चपेट में आ गयी और उसमें सवार दो स्कूली बच्चे और उनकी मां सहित छह लोगों की मौत हो गई।

### कश्मीर में अगले तीन दिनों में तेज बारिश के आसार

श्रीनगर। कश्मीर घाटी के कुछ हिस्सों में शनिवार को हल्की से मध्यम बारिश हुई और अगले तीन दिनों में यहां तेज बारिश होने के आसार हैं। श्रीनगर मौसम विज्ञान केंद्र के मुताबिक जम्मू कश्मीर के मैदानी इलाकों में अगले तीन दिनों के दौरान हल्की से तेज बारिश तथा ऊपरी इलाकों में हल्के हिमपात होने का अनुमान है। प्रदेश में शनिवार को आमतौर पर बादल छाये रहेंगे और कई स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश या ऊंचाई वाले इलाकों में हिमपात हो सकता है। इसके साथ ही तेज बारिश तथा अलग-अलग स्थानों पर ओलावृष्टि के भी आसार हैं। वहीं एक से पांच मई के बीच मौसम शुष्क रहने के आसार हैं। प्रदेश में खराब मौसम के कारण ज़ोजिला, सिंथन दर्रा, मुगल रोड और राजदान दर्रा के ऊंचे इलाकों में यातायात अस्थायी रूप से बाधित होने का अनुमान है। मौसम विभाग ने किसानों को 30 अप्रैल तक कृषि कार्य स्थगित करने की सलाह दी है।

### देहरादून में तैनात फालोवर ने की आत्महत्या

देहरादून। उत्तराखंड के देहरादून स्थित भारतीय तिब्बत सीमा पुलिस बल (आईटीबीपी) में अनुचर (फालोवर) पद पर नियुक्त कर्मचारी ने शनिवार को आत्महत्या कर ली। आत्महत्या के कारणों का अभी पता नहीं चल सका है। मृतक हरियाणा के महेंद्रगढ़ का मूल निवासी था। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि आज थाना बसंत विहार के थानाध्यक्ष आईटीबीपी के असिस्टेंट कमांडेंट द्वारा यहां तैनात फालोवर राशिद खान द्वारा अपने निजी किराए के कमरे के किचन फांसी लगा लेने की सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस को फॉलवर राशिद खान पुत्र सितार खान, निवासी ग्राम दोचाना, तहसील, थाना नरनौल, महेंद्रगढ़, हरियाणा, उम्र 33 वर्ष द्वारा किराए पर लिए गए कमरे की किचन में फांसी लगाकर लटका मिला। जिसे आइटीबीपी जवानों के सहयोग से नीचे उतारा गया एवं एंबुलेंस की मदद से कोरोनेशन अस्पताल भेजा गया, जहां डॉक्टरों द्वारा उसे मृत घोषित किया गया। पुलिस द्वारा पंचायतनामा एवं पोस्टमार्टम की कार्रवाई की जा रही है। आत्महत्या के कारणों की जांच की जा रही है।

### औजला की हैट्रिक के लिये पत्नी ने की वोट अपील

अमृतसर। कांग्रेस के अमृतसर सीट से लोकसभा प्रत्याशी गुरजीत सिंह औजला की पत्नी अंदलीब कौर ने शनिवार को पार्टी की स्थानीय महिला इकाई के साथ मिलकर यहां लोगों से वोट देने अपील की। कौर ने यहां नॉवेल्टी स्वीट्स से कांग्रेस की स्थानीय महिला इकाई की सदस्यों के साथ शुरुआत की। उन्होंने हर दुकानदार और राहगीर से अपील की कि अपने वोट के अधिकार का इस्तेमाल अवश्य करें और कांग्रेस का साथ दें। उन्होंने कहा कि अमृतसर और देश के विकास के लिये अब कांग्रेस का सत्ता में आना बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि उन्हें पूरा विश्वास है कि लोग गुरजीत सिंह औजला के साथ हैं। उन्हें लोगों का बहुत प्यार मिल रहा है और यही प्यार उन्हें गुरु नगरी की सेवा करने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सिर्फ झूठे वादों पर सरकार नहीं बनाना चाहती, बल्कि वह हर वादे को पूरा करेंगे और देश को विकास की राह पर ले जायेंगे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने बेहद सोच-समझकर घोषणापत्र तैयार किया है और उसके हिसाब से हर वर्ग को फायदा दिया जायेगा। किसी को भी जाति, धर्म और मजहब के नाम पर बांटा नहीं जायेगा।

### सिरसा को राजनीतिक क्षेत्र नहीं घर-परिवार माना है

चंडीगढ़। कांग्रेस महासचिव कुमारी सैलजा ने कहा है कि उन्होंने सिरसा को राजनीतिक क्षेत्र न मानकर परिवार की तरह माना है और कई दशकों से उन्होंने यहां की जनता की सेवा की है। सैलजा ने शनिवार को मीडिया को जारी बयान में कहा कि लोग आज भी उनके पिता दिवंगत दलबीर सिंह और उनके काम को याद करते हैं, एक बार फिर उन्हें जनता की सेवा करने का अवसर मिला है। उन्होंने कहा कि सिरसा की जनता ने उनके पिता को चार बार सांसद चुना, उन्हें काम करने का मौका दिया। उनके बाद सिरसा के लोगों ने उन्हें भी मौका दिया, प्यार दिया, समर्थन दिया, यह मौका सिरसा और अंबाला से दो- दो बार मिला। उन्होंने कहा कि उन्होंने सिरसा को कभी राजनीतिक क्षेत्र न मानकर परिवार की तरह माना है। सिरसा लोकसभा से प्रत्याशी सैलजा 28 अप्रैल को डबवाली, रानियां और ऐलनाबाद का दौरा कर कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक लेगी। रविवार पूर्वाह्न 10.00 बजे गांधी चौक मंडी डबवाली में कार्यकर्ता बैठक होगी, जहां पर चुनाव कार्यालय का उद्घाटन भी किया जायेगा। दोपहर बाद एक बजे रानियां के गाबा रिजॉर्ट में कार्यकर्ताओं की बैठक लेंगी। शाम चार बजे ऐलनाबाद के लढ़ा रिजॉर्ट में कार्यकर्ता बैठक को संबोधित करेंगी।

### एक ही परिवार के चार लोग घायल

धर्मशाला। हिमाचल प्रदेश के जिला कांगड़ा के उप मंडल पालमपुर में दराट से हमला करने का एक और मामला सामने आया है। मामला पालमपुर के सिहर का बताया जा रहा है, जहां पर बेटे और पिता ने परिवार के चार सदस्यों पर शनिवार सुबह दराट से हमाला किया जिसमें चारों गंभीर रूप से घायल हो गये। गम्भीर रुप से घायल चारों का उपचार अस्पताल में चल रहा है। बताया जा रहा है कि मामला जमीनी विवाद के चलते दूसरे पक्ष ने परिवार के चार सदस्यों पर दराट से हमला किया है। बताया जा रहा है कि पिछले काफी समय से कोर्ट में केस चला हुआ था। लेकिन बीते दिन उसका निर्णय जब सामने आया तो हमला करने वाला पक्ष हार गया। इस हमले में घायल हुए मदन भाटिया ने बताया कि जमीनी का केस जीतने पर विरोधी पार्टी जो की केस हार गई थी, उसने उनके परिवार पर दराट से हमला कर उन्हें लहूलुहान किया। उन्होंने बताया कि शनिवार सुबह जब आरोपी के पिता और पुत्र आए तो उनकी पत्नी और पिता पर दरार से हमला कर दिया। इस दौरान मदन भाटिया अपने पत्नी और पिता को बचाने गए तो वह भी घायल हुए हैं। दराट से हमला करने के बाद दोनों आरोपी मौके से फरार हो गए हैं और परिवार के चार सदस्यों को बुरी तरह से जख्मी किया हुआ है। फिलहाल पुलिस ने मामला दर्ज कर मौके की छानबीन कर रही है।

### बेटे ने अपने पिता पर पेट्रोल डाल लगा दी आग

हमीरपुर। हिमाचल प्रदेश के हमीरपुर जिले में शराब के नशे में धुत्त कलियुगी बेटे ने मामूली कहासुनी के बाद अपने पिता पर पेट्रोल डालकर आग लगा दी। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार रघुवीर सिंह (66) पुत्र टीटो राम निवासी गांव घलेड़ा डाकघर टिक्कर खतरियां की अपने छोटे बेटे पम्मी से किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई, बहसबाजी के दौरान पम्मी ने पेट्रोल की बोतल उठाकर पिता के ऊपर डालकर आग लगा दी। आग लगने से रघुवीर सिंह बुरी तरह से झुलस गया। परिजन उपचार के लिए रघुवीर सिंह को सिविल अस्पताल भोरंज ले आए,जहां से डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे डॉ.राधाकृष्णन मेडिकल कॉलेज हमीरपुर रेफर कर दिया लेकिन गंभीर हालत को देखते हुए हमीरपुर से डॉ. राजेंद्र प्रसाद मेडिकल कॉलेज टांडा को रेफर कर दिया है। इस घटना में बेटा भी झुलस गया है। जानकारी के अनुसार आग लगने से पिता लगभग 55 प्रतिशत और बेटा 20 प्रतिशत झुलस गया है। पुलिस ने बेटे को गिरफ्तार कर लिया है और आगामी कार्रवाई की जा रही है।

# रवि काना व उसकी गर्लफ्रेंड गिरफ्तार

## दोनों पर 50 हजार का इनाम था घोषित, पुलिस ने पूछे 40 से ज़्यादा सवाल



गौतम बुद्ध नगर। गैंगरेप और गैंगस्टर के मामले में फरार चल रहे स्क्रैप माफिया रवि काना और उसकी महिला मित्र को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। दो दिन पहले ही उन्हें थाईलैंड में पकड़ा गया था, जिसके बाद उन्हें भारत डिपोर्ट किया गया और दिल्ली एयरपोर्ट से उसे गिरफ्तार कर लिया गया।

जनवरी में बीटा 2 पुलिस द्वारा रवि काना और उसके गिरोहों के 15 सदस्यों के खिलाफ गैंगस्टर की कार्रवाई की गई थी और उससे पहले नोएडा के थाना सेक्टर 39 में रवि काना और उसके सहयोगियों पर गैंगरेप का मुकदमा दर्ज हुआ था। लंबे समय से पुलिस रवि की तलाश कर रही है। रवि के गिरोह के काफी सदस्य और उसकी पत्नी पहले ही गिरफ्तार किया जा चुके हैं, लेकिन रवि व उसकी महिला मित्र लगातार फरार चल रहे थे।

पुलिस को पहले ही शक था कि वह देश छोड़कर कहीं भाग चुका है। इसी को लेकर उसके खिलाफ रेड कॉर्नर नोटिस भी जारी किया गया था। नोएडा पुलिस इस मामले में थाईलैंड पुलिस के संपर्क में भी थी। शुक्रवार रात को इन दोनों को इंडिया डिपोर्ट किया गया, जिसके बाद एयरपोर्ट से नोएडा पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।

रवि काना और काजल झा को गिरफ्तार कर उनसे पूछताछ भी की गई। इस दौरान पुलिस ने सवालों की बड़ी फेहरिस्त तैयार की गई। जिसमें रवि काना से 45 सवाल तो वहीं काजल जहां से करीब 38 सवाल पूछे गए ।जिसमे उनके राजनीतिक और प्रशासनिक अधिकारियों से संरक्षण देने वालो के बारे में पूछा गया। बताया जा रहा है कि इस दौरान रवि काना ने कई सफेद पोशों और अफसर के नाम पुलिस को बताएं हैं। पुलिस के द्वारा रवि को कोर्ट में पेश कर उसका रिमांड मांगा गया।

रवि काना हरेंद्र प्रधान दादुपुर का छोटा भाई है। हरेंद्र प्रधान की हत्या वर्ष 2015 में सुंदर भाटी ने करवाई थी। हरेंद्र नागर हत्याकांड गौतमबुद्ध नगर के चर्चित हत्याकांड में शामिल है। हरेंद्र नागर की हत्या होने के बाद स्क्रैप और सरिया तस्करी का सारा काम रवि काना ने संभाल लिया।

### 250 करोड़ रुपए से ज्यादा की संपत्ति कुर्क

रवि काना और उसके गिरोह के सदस्यों की करीब 250 करोड़ रुपए से ज्यादा की संपत्ति को पुलिस के द्वारा कुर्क कर लिया गया है। बीटा 2 थाने में रवि काना सहित 16 लोगों के खिलाफ गैंगस्टर की कार्रवाई हुई थी, अब इन सभी लोगों को गिरफ्तार कर लिया है।

### सरकार ने रवि काना को पुलिस सुरक्षा दी थी, लेकिन रवि ने इसका दुरुपयोग

हरेंद्र प्रधान हत्याकांड के बाद रवि काना ने अपनी जान का खतरा बताते हुए सुरक्षा मांगी और सरकार ने रवि काना को पुलिस सुरक्षा दी। सुरक्षा मिलने के बाद रवि ने इसका दुरुपयोग किया। रवि काना ने स्क्रैप माफिया और तस्करी के लिए पुलिस सुरक्षा का इस्तेमाल किया था। रवि के अलावा उसकी भाभी यानी कि हरेंद्र नागर की बीवी बेवन नागर और भाई राजकुमार नागर को भी पुलिस सुरक्षा मिली। हालांकि, रेप का मुकदमा दर्ज होने से करीब 6 महीने पहले रवि काना की पुलिस सुरक्षा हटा ली गई थी।

# गौतमबुद्ध नगर : पिछली बार से 7.17 फीसदी कम हुआ मतदान

एजेंसी

ग्रेटर नोएडा। गौतमबुद्ध नगर लोकसभा सीट पर शुक्रवार को 53.3 प्रतिशत मतदान हुआ जो वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव की तुलना में 7.17 फीसदी कम है। पिछली बार 60.47 प्रतिशत मतदान हुआ था। विधानसभा क्षेत्रवार मतदान की बात करें तो इस बार सबसे अधिक सिकंदराबाद विधानसभा क्षेत्र में 60 प्रतिशत मतदान हुआ है।

वहीं नोएडा विधानसभा क्षेत्र एक बार फिर फिसड्डी साबित हुआ है। यहां केवल 46.48 प्रतिशत मतदान हुआ। आमतौर पर मतदान शांतिपूर्ण रहा। हालांकि कुछ जगहों पर देरी से मतदान शुरू होने कुछ बूथों पर ईवीएम बंद होने की शिकायत दर्ज की गई।

सुबह 7 बजे से 2717 बूथों पर मतदान शुरू हुआ। नोएडा, दादरी और जेवर विधानसभा क्षेत्रों में कई बूथों पर देरी से मतदान शुरू हुआ।

सुबह सात बजे से नौ बजे तक ज्यादातर बूथों पर मतदाताओं की कतार दिखी। सुबह नौ बजे तक 12.08 प्रतिशत मतदान हुआ। जो सुबह 11 बजे तक 24.48 प्रतिशत तक पहुंच गया। हालांकि इसके बाद मतदान प्रतिशत कम होता चला गया। शाम छह बजे तक गौतमबुद्ध नगर सीट पर कुल 53.30 प्रतिशत मतदान हुआ।

नोएडा विधानसभा क्षेत्र में 46.48 प्रतिशत दादरी में 52.83 प्रतिशत, जेवर में 55.24 प्रतिशत, खुर्जा क्षेत्र में 59.12 प्रतिशत और सिकंदराबाद क्षेत्र में 60 प्रतिशत मतदान हुआ।

मतदान के दौरान ग्रेटर नोएडा के बूथ नंबर 542 की ईवीएम की बैट्री खत्म होने के कारण कुछ देर मतदान बंद रहा। बैट्री बदलने के बाद मतदान शुरू कराया गया। वहीं अल्फा वन के एक बूथ पर ईवीएम खराब होने से करीब 15 मिनट तक मतदान रुका रहा।

ग्रेनो वेस्ट की सोसाइटियों के निवासी बूथों पर परिवार के साथ पहुंचे। उनके साथ बच्चे भी पहुंचे। काफी बच्चे मतदान देखने पहुंचे। बूथ के बाहर खड़े होकर बच्चों ने मतदान की प्रक्रिया देखी। महागुन मायवुड्स सोसाइटी में एक बच्ची को उसके माता-पिता पीएम नरेंद्र मोदी से मिलवाने की बात बोलकर लाए थे। जब पीएम नहीं मिले तो बच्ची ने माता पिता से पूछा।

### बीवी से हुई लड़ाई तो फांसी पर झूला पति

नोएडा के सेक्टर-63 में एक व्यक्ति ने फांसी का फंदा लगाकर सुसाइड कर लिया। बताया जा रहा है कि व्यक्ति का उसकी बीवी के साथ विवाद हुआ था, जिसके बाद उसने फांसी लगाकर सुसाइड कर लिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इस मामले में पुलिस के द्वारा आगे की जांच की जा रही है। थाना सेक्टर-63 के प्रभारी निरीक्षक अवधेश प्रताप सिंह ने बताया कि छीजारसी कॉलोनी में रहने वाले 37 वर्षीय वेद प्रकाश ने अपने घर पर पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। वह मूल रूप से बुलंदशहर जिले के डिबाई के रहने वाले थे। पुलिस ने बताया कि मृतक की शादी करीब 12 साल पहले हुई थी। उनके तीन बच्चे हैं। थाना प्रभारी ने बताया कि घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस मामले की जांच कर रही है। उन्होंने बताया कि मृतक ने कोई सुसाइड नोट नहीं लिखा है। उन्होंने बताया कि पूछताछ के दौरान पुलिस को पता चला है कि मृतक के उसकी पत्नी से किसी बात को लेकर विवाद हुआ था, इस वजह से उसने आत्महत्या किया है। पुलिस ने बताया कि मृतक शराब पीने का आदि था।

# ग्रेटर नोएडा में छात्रों से भरी बस अनियंत्रित होकर पलटी

## हादसे में 12 स्टूडेंट्स घायल, यूनिवर्सिटी से सभी पीजी जा रहे थे

**गौतम बुद्ध नगर।** ग्रेटर नोएडा में छात्रों को लेकर जा रही है बस अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में बस में सवार एक दर्जन छात्र घायल हो गए। घायल छात्रों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसा बीटा 2 थाना क्षेत्र के अपोलो हॉस्पिटल के पास हुआ है।

एक निजी यूनिवर्सिटी की बस छात्रों को लेकर एक पीजी जा रही थी। जैसे ही बस अपोलो अस्पताल के पास



पहुंची तभी अचानक से बस अनियंत्रित होकर पलट गई। बस में करीब 55 छात्र बैठे थे। बस के पलटते ही चीख पुकार मच गई और छात्रों ने शोर मचाना शुरू कर दिया। मौके पर मौजूद लोगों ने सभी छात्रों को बाहर निकाला और नजदीकी अस्पताल पहुंचाया।

हादसे में करीब एक दर्जन छात्र घायल हो गए। हालांकि सभी छात्रों को हल्की-फुल्की छोटे आई। इसमें तीन छात्राएं भी शामिल हैं।

बताया यह जा रहा है कि बस का ड्राइवर नशे में था और वह बस को तेजी से चला रहा था। इसी वजह से मोड़ पर जब उसने बस को मोड़ना चाहा तो बस अनियंत्रित हो गई और पलट गई। यह हादसा इतना जबरदस्त था कि बस पलटने के बाद क्षतिग्रस्त हो गई। बस का ड्राइवर मौके से फरार हो गया। फिलहाल पुलिस ने बस को क्रेन की मदद से रोड से हटा दिया है और सभी छात्रों को अस्पताल में उपचार करने के बाद उनके घर भेज दिया गया।

# नोएडा में एलिवेटड के तीसरे चरण का काम शुरू

## करीब एक सप्ताह तक नहीं चल सकेंगे वाहन

**नोएडा।** नोएडा में एलिवेटेड रोड की मरम्मत के तीसरे चरण का काम शनिवार से शुरू हो गया। ऐसे में शनिवार से सेक्टर-61 से 31-25 तक के हिस्से में एलिवेटेड रोड पर करीब एक सप्ताह तक वाहन नहीं चल सकेंगे। वाहन एलिवेटेड रोड के नीचे से होकर सेक्टर-18 की ओर जा सकेंगे। सेक्टर-31-25 लूप से चढ़कर एलिवेटेड रोड के जरिए सेक्टर-18 की तरफ जा पाएंगे। सेक्टर-18 से 61 की तरफ आते समय एलिवेटेड रोड का रास्ता करीब 10 दिन पहले से ही बंद है।



बता दें कि, मरम्मत कार्य 7 अप्रैल को शुरू हुआ था। पहले चरण में सेक्टर-18 से 24 एनटी पीसी तक, दूसरे चरण में सेक्टर-24 एनटीपीसी से सेक्टर-61 तक मरम्मत का कार्य किया गया। इस हिस्से में बिटुमिन का कार्य लगभग पूरा हो गया है।

मैस्टिक का बचा कार्य रात में किया जाएगा। इसे देखते हुए सेक्टर-18 से 61 की तरफ का हिस्सा रविवार या सोमवार को ट्रैफिक के लिए खोल दिया जाएगा।

### वाहन इन रास्तों से होकर जा सकेंगे

सेक्टर-67, फेज तीन की ओर से एलिवेटेड रोड का प्रयोग कर सेक्टर-18 की तरफ जाने वाले वाहन चालक सेक्टर-60 अंडर पास के पास से लेफ्ट टर्न लेकर सेक्टर-71-52 होते हुए सिटी सेंटर, सेक्टर-37 होते हुए जा सकेंगे।

सेक्टर-62 मॉडल टाउन से आकर एलिवेटेड रोड होकर सेक्टर-18 की तरफ जाने वाले लोग सेक्टर-71-52 होते हुए एमपी तीन रास्ता के होशियार पुर, सिटी सेंटर, सेक्टर-37 होकर जाएं।

सेक्टर-71 की ओर से एलिवेटेड रोड होकर 18 की तरफ जाने वाले सेक्टर-52 मेट्रो स्टेशन के सामने से सीधे सेक्टर-32 सिटी सेंटर, 37 होते हुए जाएं।

किसान चौक, पर्थला सिग्नेचर ब्रिज से एलिवेटेड रोड होकर जाने वाले लोग सेक्टर-71 अंडरपास होकर सीधे सेक्टर-37 से गंतव्य की ओर जा सकेंगे।

### नोएडा में कंस्ट्रक्शन साइट पर लगी आग



**नोएडा।** नोएडा के सेक्टर-62 में एक निर्माणाधीन कंस्ट्रक्शन साइट के 20वें फ्लोर पर शनिवार को भीषण आग लग गई। आग लगने की सूचना मिलते ही दमकल विभाग की 10 गाड़ियां मौके पर पहुंची। गाजियाबाद नजदीक होने से वहां से भी दो गाड़ियों को बुलाया गया। इन गाड़ियां को इसलिए बुलाया गया क्योंकि आग काफी ऊंचाई पर लगी थी। ऐसे में पाइप को हाइड्रोलिक की मदद से ऊपर ले जाया गया। इसके बाद पानी की बौछार की गई। सीएफओ प्रदीप चौबे ने बताया कि सेक्टर-62 के ए-37 में भवन मास्टर्स इंफ्रा का प्रोजेक्ट है। ये प्रोजेक्ट अंडर कंस्ट्रक्शन है। इसके 20वें फ्लोर पर काम चल रहा था। यहां वैल्डिंग के दौरान शॉट सर्किट हुआ और आग लग गई। इस दौरान वहां चार मजदूर मौजूद थे। उन्होंने ही आग की सूचना फोन के जरिए दमकल विभाग को दी। सूचना मिलते ही दमकल की गाड़ियां मौके पर भेजी गई। इसके बाद आग बुझाने का काम किया गया। करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। साइट पर कंस्ट्रक्शन मटेरियल और मशीन जलकर राख हो गई। हादसे के दौरान चारों मजदूर पहले ही नीचे आ गए थे। ऐसे में जनहानि नहीं हुई। 20वें फ्लोर पर आग लगी होने से गाजियाबाद से भी दमकल की गाड़ी मंगाई थी। लेकिन आग पर समय रहते ही काबू पा लिया गया। इस आग की लपट कई किलोमीटर दूर से भी देखी जा सकती थी। बता दें गर्मी बढ़ने के साथ आग लगने की घटनाएं बढ़ने लगी है। इसलिए सावधानी बरतना बहुत जरुरी है।

### क्रौंच पर्वत स्थित भगवान कार्तिक स्वामी मंदिर में डीएम ने परखी व्यवस्थाएं

रुद्रप्रयाग/देहरादून। उत्तराखंड के रूद्रप्रयाग जनपद में क्रौंच पर्वत पर स्थित कार्तिकेय स्वामी मंदिर में आगामी 15 मई को भव्य 108 बालमपुरी शंख पूजा व हवन कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है।

पर्यटन विकास परिषद, जिला प्रशासन एवं मंदिर समिति के संयुक्त तत्वावधान में होने वाले कार्यक्रम को दिव्यता एवं भव्यता के साथ आयोजित करने के लिए की जाने वाली तैयारियों एवं व्यवस्थाओं का शनिवार को जिलाधिकारी (डीएम) सौरभ गहरवार ने पैदल निरीक्षण किया।

उन्होंने खडपतिया हैलीपैड़ से क्रौंच पर्वत में अवस्थित मंदिर तक सभी व्यवस्थाओं को समय से पूरा करने का निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिया।

गहरवार ने निर्देश दिए कि मंदिर परिसर को फूलों एवं लाइटिंग के माध्यम से दिव्य एवं भव्यता के साथ सजाया जाए तथा आने वाले श्रद्धालुओं एवं मुख्य अतिथियों के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर ली जाए। उन्होंने लोनिवि को निर्देश दिए हैं कि खडपतिया से लेकर कार्तिकेय स्वामी मंदिर तक आने वाले श्रद्धालुओं के लिए चैक प्वाइंट तैयार करते हुए उनमें पेयजल एवं शीतल पदार्थ भी पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध कराया जाय। साथ ही मंदिर पैदल मार्ग में अस्थाई शौचालय की व्यवस्था की जाय।

# जमात के पूर्व प्रवक्ता का पीएसए किया रद्द, अवैध हिरासत के लिए सरकार पर जुर्माना

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर और लद्दाख उच्च न्यायालय ने प्रतिबंधित जमात-ए-इस्लामी के एक पूर्व प्रवक्ता के खिलाफ सार्वजनिक सुरक्षा अधिनियम (पीएसए) के तहत निवारक हिरासत आदेश को अवैध और अनुचित बताते हुए रद्द कर दिया है।

उच्च न्यायालय ने पुलवामा के जिला मजिस्ट्रेट और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को भी फटकार लगाई और जम्मू-कश्मीर सरकार को याचिकाकर्ता को 5 लाख रुपये का मुआवजा देने का आदेश दिया।




वकील अली मोहम्मद लोन उर्फ एडवोकेट जाहिद अली बनाम जम्मू-कश्मीर सरकार के एक मामले में न्यायमूर्ति राहुल भारती की एकल पीठ ने कहा कि यह अदालत यह मानने से बच नहीं सकती कि याचिकाकर्ता की निवारक हिरासत दुर्भावनापूर्ण और अवैध है। तीन अप्रैल को सुनाए गए अदालत के आदेश में कहा गया, याचिकाकर्ता को 2019 से मार्च 2024 तक लगातार चार हिरासत आदेशों की अवधि के तहत कुल मिलाकर 1080 दिनों से अधिक की निवारक हिरासत अवधि के दौरान अपनी स्वतंत्रता का नुकसान उठाना पड़ा है।

याचिकाकर्ता की निवारक हिरासत की प्रक्रिया 3 मार्च, 2019 को उस समय शुरू हुई जब गांदरबल जिले के मजिस्ट्रेट ने उसे जम्मू और कश्मीर पीएसए अधिनियम के तहत राज्य की सुरक्षा के लिए हानिकारक तरीके से काम करने के आरोप में हिरासत में लेने का आदेश दिया। पीएसए अधिकारियों को दो साल तक बिना किसी ट्रायल के किसी व्यक्ति को हिरासत में लेने की अनुमति देता है।

# राजस्थान में लोकसभा चुनाव में 62.10 प्रतिशत मतदान हुआ

जयपुर। राजस्थान में लोकसभा आम चुनाव-2024 में 62 प्रतिशत से अधिक मतदान हुआ जो पिछले लोकसभा चुनाव-2019 से 4.24 प्रतिशत कम रहा हैं। राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि इस बार चुनाव में प्रदेश के सभी 25 लोकसभा क्षेत्रों में 62.10 प्रतिशत मतदाताआं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। गुप्ता ने बताया कि इस बार राज्य में इलेक्ट्रोनिक वोटिंग मशीन के माध्यम से 61.53 प्रतिशत और पोस्टल बैलेट के माध्यम से 0.57 प्रतिशत मतदान हुआ और राज्य में वर्ष 2019 के लोकसभा आम चुनाव में 66.34 प्रतिशत मतदान हुआ था। उन्होंने बताया कि हालांकि लोकसभा आम चुनाव-2024 में वर्ष 2019 के मुकाबले तीन लोकसभा क्षेत्रों बाड़मेर, कोटा और बांसवाड़ा के मतदान प्रतिशत में वृद्धि दर्ज हुई है। इस वर्ष बाड़मेर लोकसभा क्षेत्र में सर्वाधिक और करौली-धौलपुर लोकसभा क्षेत्र में सबसे कम मतदान हुआ। उन्होंने बताया कि आठ लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र ऐसे हैं जहां महिलाओं ने पुरूषों के मुकाबले अधिक मतदान किया है। इसमें द्वितीय चरण वाले पांच और प्रथम चरण वाले तीन लोकसभा क्षेत्र शामिल हैं। इनमें चूरू में 63.71 प्रतिशत महिला जबकि 63.51 प्रतिशत पुरुष, झुंझनूं में 54.03 महिला एवं 51.92 पुरुष, सीकर में 58.92 महिला एवं 56.26 पुरुष, पाली में 57.25 महिला एवं 57.13 पुरुष, उदयपुरमें 68.01 महिला एवं 65.36 पुरुष, बांसवाड़ा में 75.75 महिला एवं 72.05 पुरुष तथा राजसमंद में 59.18 महिला एवं 57.63 पुरुष मतदाता शामिल है।

### हेलीकॉप्टर में फिसल जाने से ममता घायल



कोलकाता। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री एवं तृणमूल सुप्रीमो ममता बनर्जी को शनिवार को दुर्गापुर में हेलीकॉप्टर के अंदर फिसलकर गिर जाने से मामूली चोटें आयीं। यह घटना तब हुई, जब सुश्री बनर्जी चुनाव प्रचार के वास्ते आसनसोल जाने के लिये हेलीकॉप्टर के अंदर गयीं। उनके सुरक्षाकर्मियों ने हालांकि उनकी मदद की। इस घटना के बाद भी, वह चुनावी सभा के लिये निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार आसनसोल रवाना हुईं। आसनसोल पहुंचने पर उनका स्वागत तृणमूल कांग्रेस के उम्मीदवार शत्रुघ्न सिन्हा ने किया। गौरतलब है कि प्रसिद्ध अभिनेता एवं सांसद श्री सिन्हा आसनसोल लोकसभा सीट से चुनाव लड़ रहे हैं।

## शार्ट न्यूज

### भाजपा ने सीएम हाउस को बताया भ्रष्टाचार का अड्डा, साइनबोर्ड लगाया

**नई दिल्ली।** प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने शनिवार को मुख्यमंत्री पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि शराब घोटाले में अदालत के बयानों से साफ पता चलता है कि घोटाले की डील सीएम हाउस में हुई थी। आलीशान घर का निर्माण अवैध तरीके से किया गया है, इसलिए इसका नाम शीश महल भ्रष्टाचार का अड्डा रखा गया है। सचदेवा ने सिविल लाइंस स्थित मुख्यमंत्री के आवास के पास इस संबंध में साइनबोर्ड भी लगा दिया।सचदेवा ने मीडिया से कहा कि हर दूसरे दिन केजरीवाल सरकार के भ्रष्टाचार की नई कहानी सामने आती है। मुख्यमंत्री के जेल में होने से उनके घर पर कैंप कार्यालय को बंद कर देना चाहिए। इस महल का खर्च सरकारी खजाने पर बोझ डालने वाला है। अदालत की टिप्पणी के बाद मुख्यमंत्री को सत्ता में बने रहने का कोई अधिकार नहीं है। मंत्री सौरभ भारद्वाज में नैतिकता बची हो तो तुरंत इस्तीफा दें। स्कूलों की व्यवस्था पर घड़ियाली आंसू न बहाएं।

### मेयर चुनाव टलने के विरोध में आप का प्रदर्शन

नई दिल्ली। मेयर चुनाव टलने के विरोध में आप ने शनिवार को भाजपा मुख्यालय के पास प्रदर्शन किया। इस दौरान आप नेताओं ने भाजपा पर दलित विरोधी होने का आरोप लगाया। प्रदर्शन शुरू होने के कुछ देर बाद ही पुलिस ने विधायक राखी बिड़लान, अजय दत्त, मेयर प्रत्याशी महेश खींची सहित अन्य आप कार्यकर्ताओं को हिरासत में ले लिया। राखी ने कहा कि इस बार दलित बेटे को दिल्ली का मेयर बनना था, लेकिन एलजी ने रातों-रात चुनाव रद्द कर दिया। भाजपा बाबा साहब के संविधान को बदलकर दलितों के वोट का अधिकार और आरक्षण छीन लेना चाहती है। एलजी ने पीठासीन अधिकारी नियुक्त नहीं किया। विधायक अजय दत्त ने कहा कि 5 साल में एक बार किसी दलित को मेयर बनाया जाता है। चुनाव आयोग ने दिल्ली में मेयर चुनाव की इजाजत भी दी थी, लेकिन एक दिन पहले चुनाव रद्द कर दिया। यह संविधान के खिलाफ है। भाजपा नेता बार-बार संविधान बदलने और दलितों का आरक्षण छीनने की बात करते हैं। बाबा साहब के संविधान को बचाने के लिए जो भी करना पड़ेगा, हम करेंगे।

### वक्फ बोर्ड मामले में आप विधायक अमानतुल्ला को जमानत

नई दिल्ली। अदालत ने शनिवार को आप विधायक अमानतुल्ला खान को दिल्ली वक्फ बोर्ड मनी लॉन्ड्रिंग मामले में समन में कथित तौर पर उपस्थित न होने पर जमानत दे दी। अदालत की ओर से समन जारी किए जाने के बाद अमानतुल्लाह अदालत में पेश हुए। अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट दिव्या मल्होत्रा ने उन्हें 15,000 रुपये के निजी मुचलके और इतनी ही राशि पर जमानत दे दी। ईडी ने हाल ही में दिल्ली वक्फ बोर्ड में नियुक्ति और संपत्तियों को पट्टे पर देने में कथित अनियमितताओं से संबंधित मामले में एजेंसी के सामने पेश नहीं होने और जांच में शामिल नहीं होने के लिए शिकायत दर्ज कराई थी। ईडी के वकील ने आरोप लगाया कि अमानतुल्ला ने अग्रिम जमानत याचिका दायर कर और जांच से भागकर अपनी भूमिका गवाह से आरोपी तक बढ़ा ली है। ईडी कभी भी उनके खिलाफ जांच पूरी नहीं कर पाई, क्योंकि अमानतुल्लाह एजेंसी के सामने पेश नहीं हो रहे थे। आरोपी की भूमिका अन्य की तुलना में बड़ी है, जिन्हें पहले ही गिरफ्तार कर आरोपपत्र दाखिल किया जा चुका है। अदालत ने 1 मार्च को आरोपी की अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी थी। यह मामला अमानतुल्ला के कथित इशारे पर ओखला में 36 करोड़ रुपये की संपत्ति की खरीद से संबंधित है।

### शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म



गुरुग्राम। भोंडसी थाना क्षेत्र में शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। आरोपी पिछले दो साल से युवती को दिलासा देता रहा और शारीरिक संबंध बनाता रहा। युवती ने शादी करने का दबाव बनाया तो आरोपी अब उसे जान से मारने की धमकी दे रहा है। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में 22 वर्षीया युवती ने कहा कि वह मॉल में नौकरी करती है। वर्ष 2022 में उसकी मुलाकात साहिल नामक युवक से हुई। साहिल ने उसे शादी करने का झांसा दिया और उसके साथ दो साल तक शारीरिक संबंध बनाता रहा। इस दौरान साहिल युवती के घर भी आने-जाने लगा। उसने उसके साथ कई बार जबरन भी शारीरिक संबंध बनाए। युवती ने जब शादी की बात कही तो साहिल साफ मुकर गया और उसके साथ संबंध तोड़ने की बात कही। युवती ने साहिल पर ज्यादा जोर दिया तो उसने युवती के साथ अभद्र व्यवहार करते हुए उसे जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

### सात माह की बच्ची की पटककर मार डाला

गुरुग्राम। डीएलएफ फेज-3 थाना क्षेत्र में बृहस्पतिवार की रात सात माह की बच्ची को जमीन पर पटककर पिता ने मार डाला। पुलिस ने आरोपी को कुछ ही घंटों के भीतर गिरफ्तार कर लिया। आरोपी स्नेचिंग के मामले में जेल से छूटकर आया था। वहीं पुलिस ने बच्ची का पोस्टमार्टम करा कार्रवाई शुरू कर दी है। डीएलएफ फेज-3 थाना पुलिस को दी शिकायत में बच्ची की मां ने कहा कि उसका पति बिहार के सीतामढ़ी मूल का विजय साहनी शराब बेचने के केस में दिल्ली में पकड़ा गया था। वहां से छूटने पर करीब चार वर्ष पहले चेन स्नेचिंग के केस में पकड़ा गया था और भोंडसी जेल में बंद था। इस दौरान वह अपने देवर के साथ गृहस्थ जीवन में रहने लगी। उसने सात माह पहले एक बच्ची को जन्म दिया था। वहीं विगत 24 अप्रैल को भोंडसी जेल से छूटकर उसका पति आ गया। वह 25/26 की रात को बच्ची की मां की झुग्गी में आया और झगड़ा करने लगा। इसी बीच उसने सात माह की बच्ची को उठाकर जमीन पर पटक दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। मामले में डीएलएफ फेज-3 प्रभारी इंस्पेक्टर बलराज की टीम ने आरोपी 30 वर्षीय विजय साहनी को वारदात के कुछ ही घंटों के अंदर नाथूपुर झुग्गियों से काबू कर लिया।

# ममता, केजरीवाल पर भाजपा का निशाना

## बनर्जी के राज में संदेशखाली के गुंडे महिलाओं का मंगलसूत्र नोच रहे हैं





नयी दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर आतंकवादियों एवं अपराधियों को संरक्षण देने तथा आम आदमी पार्टी पर दिल्ली के सरकारी स्कूलों को बरबाद करने एवं बच्चों के भविष्य से खिलवाड़ करने का आरोप लगाया है। भाजपा के प्रवक्ता प्रेम शुक्ला और शहजाद पूनावाला ने आज पार्टी के केन्द्रीय कार्यालय में एक संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में ये आरोप लगाये। प्रेम शुक्ल ने पश्चिम बंगाल सरकार पर प्रहार करते हुए कहा कि बनर्जी के राज में संदेशखाली के गुंडे महिलाओं का मंगलसूत्र नोच रहे हैं और शाहजहां शेख जैसे बलात्कारियों को तृणमूल सरकार से संरक्षण प्राप्त है। जो शाहजहां शेख पुलिस की हिरासत में शहंशाह की तरह अदाएं पेश कर रहा था, कल सीबीआई की हिरासत में विलाप कर रहा था। शेख शाहजहां के विलाप का कारण है कि कल संदेशखाली में एनएसजी कमांडो ने सीबीआई के साथ संयुक्त छापेमारी की और बड़ी मात्रा में हथियार बरामद किए। बंगाल पुलिस के हथियार भी शाहजहां शेख के गुर्गों के पास से बरामद हुए हैं। संदेशखली से इतनी अधिक मात्रा में हथियारों का बरामद होना इस बात को स्पष्ट करता है कि बंगाल पुलिस स्वयं आतंकवाद को शरण दे रही थी। एनएसजी को हथियारों का जखीरा बरामद होने के बाद भी बंगाल सरकार सीबीआई की जांच को रोकने के लिए उच्चतम न्यायालय तक जाती है। ममता सरकार द्वारा आतंकवाद को दिए जा रहे संरक्षण को देखकर स्पष्ट है कि किस तरह पश्चिम बंगाल अराजकता के मुहाने पर बैठा है।

भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि ममता बनर्जी की ममता आतंकवादियों, बलात्कारियों और भ्रष्टाचारियों के साथ है, लेकिन जैसे ही केन्द्रीय एजेंसियां एनआईए, ईडी या सीबीआई किसी भी आतंकवादी या भ्रष्टाचारी पर कार्रवाई करती है तो ममता बनर्जी की निर्ममता प्रकट होती है। ममता बनर्जी बार-बार यह सवाल उठाती है कि एनआईए रात के समय क्यों कार्रवाई कर रही है, ईडी के अधिकारियों पर हमला करने वालों के समर्थन में ममता बनर्जी खड़ी होती है। सीबीआई के अधिकारियों द्वारा लाखों की नकदी बरामद की जाती है तो ममता दीदी भ्रष्टाचारियों के साथ खड़ी जो जाती हैं, लेकिन एक बार भी सीबीआई का समर्थन नहीं करती हैं। ममता बनर्जी के राज में न तो मां सुरक्षित है, न ही माटी सुरक्षित है और न ही मानुष सुरक्षित है। बंगाल में शाहजहां जैसे बलात्कारी, आतंकवादी और ईडी पर हमला करने वाले गुंडे सुरक्षित हैं। शुक्ल ने कहा कि एनएसजी के कमांडो द्वारा हथियारों की बरामदी के बाद भी तृणमूल सरकार को सीबीआई जांच को रोकने और न्यायालय में जाने का नैतिक अधिकार है? क्या राजनीतिक निर्देश पर शाहजहां शेख के गुर्गों को पश्चिम बंगाल की पुलिस सुरक्षा दे रही है? जिस बंगाल में सुभाष चंद्र बोस का शौर्य प्रदर्शित होता था, गुरु रवीन्द्र का संगीत लोगों के कानों में गूंजता था और अरविंदो घोष का दर्शन प्रचलित था, आज वह बंगाल बम धमाकों की गूंज सुनाई दे रही है। पश्चिम बंगाल की जनता चरण दर चरण बढ़-चढ़कर मतदान में भाग ले रही है और आगामी 4 जून को अपना जनादेश स्पष्ट कर देगी। इंडी अलायंस के नेता छोटे-छोटे मुद्दों पर भी ट्वीट और टिप्पणी करते हैं, लेकिन संदेशखाली जैसे संवेदनशील मुद्दे पर ममता की निर्ममता पर राहुल, स्टालिन, उद्धव और अखिलेश चुप क्यों है?

भाजपा प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने कहा कि उच्च न्यायालय दिल्ली की सरकार को लिखित में अनेक संदेश दे रहा है।

# गोपाल राय ने आप वॉर रूम का उद्घाटन किया



नई दिल्ली। दिल्ली के मंत्री गोपाल राय और आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव पंकज गुप्ता ने लोकसभा चुनाव के मद्देनजर पार्टी मुख्यालय में आप वॉर रूम का उद्घाटन किया।

दिल्ली सरकार में मंत्री गोपाल राय ने कहा, आप का चुनाव प्रचार जिस तेजी के साथ आगे बढ़ रहा है उससे भाजपा डरी हुई है। लेकिन ये चुनाव इस बार आप नहीं लड़ रही है बल्कि दिल्ली की जनता लड़ रही है। दिल्ली के लोगों ने अपने वोट से चुनकर दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को अपना समर्थन दिया था। जिस तरह का तानाशाहीपूर्ण रवैया अपनाते हुए उन्हें गिरफ्तार किया गया, दिल्ली के लोग तैयार हो रहे हैं इस तानाशाही का जवाब देने के लिए। भाजपा ने जिस तरह से तानाशाही की है, दिल्ली के लोग अपने वोट से इस तानाशाही को खत्म करेंगे। उधर, अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के खिलाफ आप कार्यकर्ताओं ने जेल का जवाब वोट से अभियान चलाया। पूर्वी दिल्ली लोकसभा सीट से पार्टी के उम्मीदवार कुलदीप कुमार ने कहा, जिन्होंने दिल्लीवासियों को सर्वश्रेष्ठ स्कूल और मुफ्त बिजली देने का काम किया, ऐसे मुख्यमंत्री को भाजपा ने झूठे मामले में जेल में डाल दिया है। आज से सुनीता केजरीवाल का रोड शो शुरू होगा। वह इस सरकार के खिलाफ लड़ने के लिए दिल्ली की जनता से समर्थन और आशीर्वाद मांगने जा रही हैं।

दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर हमला बोलते हुए कहा, कोई सरकारी कर्मचारी अगर किसी भी आरोप में पकड़ा जाता है तो 48 घंटे के अंदर उसका इस्तीफा ले लिया जाता है। अरविंद केजरीवाल, आप तो सरकार चलाने वाले मुख्यमंत्री हैं। आपको शर्म आनी चाहिए थी। अब तक आपको इस्तीफा दे देना चाहिए था लेकिन कुर्सी का मोह, उस बंगले का मोह जो आपने जनता के पैसों से बनाया वो आपको ये पद छोड़ने नहीं दे रहा।

# रिटायर बीएसएफ जवान ने छात्र की गोली मारकर की हत्या

गाजियाबाद। गाजियाबाद के थाना क्रॉसिंग रिपब्लिक क्षेत्र में शनिवार की सुबह रिटायर्ड बीएसएफ जवान ने युवक की गोली मारकर हत्या कर दी। इसके बाद खुद पुलिस को सूचना देकर सरेंडर कर दिया। आरोपी अभी एक कंपनी में सुरक्षाकर्मी है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। उससे पूछताछ की जा रही है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

गाजियाबाद में एसीपी वेव सिटी पूनम मिश्रा ने बताया की थाना क्रॉसिंग रिपब्लिक की पैरामाउंट सोसाइटी में शनिवार सुबह 25 साल के विपुल की गोली मारकर हत्या कर दी गई। आरोप इसी सोसायटी में रहने वाले राजेश कुमार पर है। आरोपी बीएसएफ से रिटायर्ड है और फिलहाल एक कंपनी में सुरक्षागार्ड है। पुलिस ने हत्यारोपी राजेश को हिरासत में ले लिया है। राजेश की बेटी से विपुल की दोस्ती थी।

पता चला है कि शुक्रवार रात राजेश और विपुल में किसी बात को लेकर विवाद हुआ था। इसी विवाद में राजेश ने गोली मारी है। पुलिस ने राजेश को हिरासत में ले लिया है और उससे पूछताछ की जा रही है। राजेश ने विपुल के सिर में तीन गोली मारी। इसके बाद खुद राजेश ने पुलिस को सूचना दी थी। पुलिस ने विपुल के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है वहीं उसके परिवार को भी सूचना दी है।

# सिख समुदाय के 1000 लोगों ने ली भाजपा की सदस्यता





नयी दिल्ली। दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधन समिति के सदस्यों और सिख समुदाय के प्रमुख नेताओं सहित लगभग 1,000 से अधिक प्रतिष्ठित हस्तियों ने आज यहां भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सदस्यता ग्रहण की।

भाजपा के केन्द्रीय कार्यालय में एक कार्यक्रम में पार्टी अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा जी के समक्ष भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव तरुण चुघ, पार्टी के राष्ट्रीय सचिव मनजिंदर सिंह सिरसा और दिल्ली प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा भी उपस्थित थे।

लोकसभा चुनावों के पहले इस महत्वपूर्ण घटनाक्रम में सिख समाज के लगभग एक हजार प्रतिष्ठित व्यक्तित्वों ने एक साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में अटूट विश्वास करते हुए भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। इन लोगों में दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधन कमेटी के सदस्य भूपेन्द्र सिंह गिन्नी, रमनदीप सिंह थापर, परविंदर सिंह लक्की, मंजीत सिंह औलख, रमनज्योत सिंह, जैस्मीन सिंह नौनी और हरजीत सिंह पप्पा भी इस अवसर पर भाजपा परिवार में शामिल हुए। भाजपा में शामिल होने वाले सभी सदस्यों को सदस्यता की पर्ची देकर और पट्टिका पहना कर भाजपा परिवार में शामिल किया गया। सभी ने एक स्वर में देश की विकास यात्रा में योगदान देने का अपना संकल्प दोहराया।

भाजपा अध्यक्ष श्री नड्डा ने दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधन कमेटी के सदस्यों का भाजपा परिवार में स्वागत करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी का सिख समुदाय के प्रति सदैव विशेष लगाव रहा है। प्रधानमंत्री श्री मोदी के जन कल्याणकारी और विकास कार्यों से प्रभावित हो कर हर वर्ग और हर समुदाय के लोग भाजपा से जुड़ रहे हैं। दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधन कमेटी के सदस्यों समेत सभी लोग प्रधानमंत्री के विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने में योगदान देना चाहते हैं।

नड्डा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी अपने सिख भाइयों के साथ मिलकर देश की एकता, अखंडता और प्रहरी के रूप में पार्टी में शामिल होने के लिए आभार प्रकट करती है।

सिख भाइयों ने देश के कल्याण और सुरक्षा के लिए खुद को समर्पित करते हुए देश के लिए हमेशा महत्वपूर्ण बलिदान दिया है।

# दिल्ली की सातों सीटों पर सोमवार से नामांकन

नई दिल्ली। सभी सातों लोकसभा सीटों के लिए सोमवार से नामांकन शुरू हो जाएगा। सभी लोकसभा क्षेत्रों के रिटर्निंग अधिकारी के कार्यालय में सुबह 11 बजे से दोपहर बाद 3 बजे तक नामांकन पत्र दाखिल किए जाएंगे। उम्मीदवारों को रिटर्निंग अधिकारी के कार्यालय से निशुल्क नामांकन पत्र मिलेंगे। नामांकन स्थल पर भीड़ को रोकने के लिए अंदर और बाहर बैरिकेडिंग कर सुरक्षाकर्मी तैनात रहेंगे। निर्वाचन अधिकारियों ने बताया कि लोकसभा चुनाव की अधिसूचना जारी कर दी गई है। सोमवार सुबह 11 से दोपहर तीन बजे तक नामांकन की प्रक्रिया होगी। तीन बजे के बाद आने वाले किसी भी उम्मीदवार का नामांकन पत्र दाखिल नहीं किया जाएगा। उन्हें अगले दिन आना होगा।

सामान्य वर्ग के प्रत्याशी को 25000 रुपये की जमानत राशि जमा करनी होगी, जबकि एसटी-एससी वर्ग के उम्मीदवारों को 12500 रुपये की जमानत धनराशि जमा करनी होगी। यह धनराशि नकद और आनलाइन माध्यम से दी जा सकती है। नामांकन कक्ष में प्रत्याशी के साथ चार लोगों को प्रवेश दिया जाएगा। इसमें उम्मीदवार के दो प्रस्तावक भी होंगे। नामांकन की प्रक्रिया की वीडियोग्राफी कराई जाएगी।

### ऑनलाइन आवेदन भी कर सकेंगे प्रत्याशी

प्रत्याशियों को नामांकन के लिए ऑनलाइन आवेदन करने की सुविधा भी मिलेगी। प्रत्याशी चुनाव आयोग की वेबसाइट https://suvidha.eci.gov.in/login पर जाकर ऑनलाइन नामांकन कर सकते हैं। इसकी एक प्रतिलिपि डाउनलोड कर रिटर्निंग अधिकारी के पास जमा करानी होगी।

### 100 मीटर की दूरी पर रुकेगा काफिला

नामांकन स्थल पर आने वाले उम्मीदवारों के काफिले में सिर्फ तीन वाहन ही होंगे। इन्हें नामांकन स्थल से 100 मीटर की दूरी पर ही रोकना होगा।

### दिल्ली में यह है कार्यक्रम

29 अप्रैल : नामांकन की प्रक्रिया शुरू
6 मई : नामांकन का अंतिम दिन
7 मई : नामांकन पत्रों की जांच
9 मई : नाम वापस लेने का दिन
25 मई : मतदान
04 जून : मतगणना

### 13600 मतदान केंद्र होंगे

दिल्ली में लोकसभा चुनाव के लिए कुल 13600 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। इनमें दिल्ली पुलिस ने 460 को अतिसंवेदनशील माना है। उत्तर-पूर्वी जिले में सबसे ज्यादा करीब 45 अतिसंवेदनशील मतदान केंद्र हैं। इनमें से करीब 20 को बहुत ही ज्यादा अतिसंवेदनशील मतदान केंद्र माना गया है।

वहीं, नई दिल्ली जिले में एक भी अतिसंवेदनशील मतदान केंद्र नहीं है। दिल्ली पुलिस ने यहां पर किसी भी मतदान केंद्र को अतिसंवेदनशील नहीं माना है। उत्तर-पूर्वी दिल्ली के बाद बाहरी दिल्ली अतिसंवेदनशील मतदान केंद्रों के मामले में दूसरे नंबर पर है। यहां पर करीब 42 अतिसंवेदनशील मतदान केंद्र हैं।

### यहां होगा नामांकन

लोकसभा क्षेत्र--------रिर्टनिंग अधिकारी कार्यालय
-चांदनी चौक----------- उपायुक्त (उत्तर जिला)
-उत्तर पूर्वी------------- उपायुक्त (उत्तर पूर्वी जिला)
-पूर्वी दिल्ली------------ उपायुक्त (पूर्वी जिला)
-नई दिल्ली------------- उपायुक्त (नई दिल्ली जिला)
-उत्तर पश्चिमी दिल्ली------ उपायुक्त (उत्तर पश्चिम जिला)
-पश्चिमी दिल्ली---------- उपायुक्त (पश्चिम जिला)
-दक्षिण दिल्ली------------ उपायुक्त (दक्षिण जिला)

# चुनाव प्रचार में शामिल हुईं स्वाति मालीवाल

दिल्ली। लोकसभा चुनाव को लेकर दिल्ली में आम आदमी पार्टी ने चुनाव प्रचार शुरू कर दिया है। आप सांसद स्वाति मालीवाल आज पश्चिमी दिल्ली पहुंची।

जहां उन्होंने लोगों से घर घर जाकर वोट मांगे। इसके अलावा मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल शनिवार को पूर्वी दिल्ली में एक मेगा रोड शो करेंगी।

आप सांसद स्वाति मालीवाल ने विधायक विनय मिश्रा और राजेश ऋषि के साथ मिलकर पार्टी के लोकसभा उम्मीदवार महाबल मिश्रा के समर्थन में पश्चिमी दिल्ली लोकसभा क्षेत्र में प्रचार किया। उन्होंने घर-घर जाकर आप उम्मीदवार के लिए वोट की अपील की है।

आप सांसद स्वाति मालीवाल ने शुक्रवार को चुनाव प्रचार शुरू किया। वे निजी कारणों से देश से बाहर थीं। उनके बाहर रहने के कारण सवाल उठ रहे थे। शुक्रवार को उन्होंने पूर्वी दिल्ली से आप प्रत्याशी के लिए विधानसभा अध्यक्ष रामनिवास गोयल के साथ विवेक विहार में पदयात्रा की।

इस मौके पर स्वाति ने महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में घर से बाहर निकलकर भविष्य के लिए वोट करें। मेरा परिवार अमेरिका में रहता है, कुछ आपात कारणों से जाना पड़ा। अब वापस आ गई हूं और सभी के साथ मिलकर पार्टी को मजबूत करुंगी।

शनिवार को सुनीता पूर्वी दिल्ली लोकसभा क्षेत्र में मेगा रोड शो से प्रचार की शुरुआत करेंगी। रविवार को पश्चिमी दिल्ली में जनता से केजरीवाल के लिए समर्थन मांगेगी। वे दिल्ली के अलावा पंजाब, गुजरात और हरियाणा में भी आप प्रत्याशियों के लिए प्रचार करेंगी।

# हाईकोर्ट की टिप्पणी, महिला पुलिस अधिकारी भी हो सकती है घरेलू हिंसा का शिकार

नई दिल्ली। उच्च न्यायालय ने हाल ही में कहा कि एक पुलिस अधिकारी भी घरेलू हिंसा का शिकार हो सकता है और अदालतों को किसी भी पेशे से जुड़ी लिंग-आधारित या रूढ़िवादी धारणाओं से अंधा नहीं होना चाहिए। अदालत ने एक व्यक्ति को उसकी पत्नी के प्रति क्रूरता के आरोप से जुड़े मामले से बरी करने के सत्र अदालत के फैसले को रद्द करते हुए यह टिप्पणी की।

### पति-पत्नी दोनों हैं पुलिस अधिकारी

सत्र अदालत ने यह देखते हुए कि शिकायत दर्ज करने वाले आरोपी पति और पत्नी दोनों पुलिस अधिकारी हैं। धारा 34 के साथ धारा 498 ए (क्रूरता) के तहत आरोपों को खारिज कर दिया था।

### जानें उच्च न्यायालय ने क्या कहा

हालाँकि, उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति स्वर्ण कांता शर्मा ने कहा कि आपराधिक आरोप तय करने के सवाल पर निर्णय लेते समय कानून की अदालत की राय को किसी लिंग या पेशे के बारे में किसी भी रूढ़िवादी धारणा के माध्यम से नहीं आंका जा सकता।

उच्च न्यायालय ने कहा कि ऐसी धारणाएं बनाना यह मानने जैसा होगा कि किसी विशेष पेशे में कोई व्यक्ति हमेशा उसी तरह व्यवहार करेगा जैसा जनता मानती है। उच्च न्यायालय ने कहा कि यह मान लेना अनुचित और पक्षपातपूर्ण होगा कि एक पुलिस अधिकारी के रूप में काम करने वाला व्यक्ति कभी भी घरेलू हिंसा का शिकार नहीं हो सकता।

अदालत ने कहा इसके अलावा वर्तमान मामला भी एक विरोधाभासी दृष्टिकोण प्रस्तुत करता है जहां पति और पत्नी दोनों दिल्ली पुलिस में समान स्थिति/पद पर काम कर रहे हैं, हालांकि, पुलिस अधिकारी के रूप में पत्नी की स्थिति को यह देखते हुए उसके खिलाफ रखा गया है कि चूंकि वह एक पुलिस अधिकारी है।

पुलिस अधिकारी उसे डराया नहीं जा सकता, परेशान नहीं किया जा सकता, उससे दहेज की मांग नहीं की जा सकती, वह अपनी शादी को बचाने के लिए सहनशील नहीं हो सकती, उसके विशिष्ट आरोप और निवेदन को पूरी तरह से नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। चूंकि आरोपी पति पुलिस में है। इसलिए वह अपनी पत्नी को नहीं डराएगा।

### सुनीता केजरीवाल का रोड शो फ्लॉप, कांग्रेस नेताओं ने बनाई दूरी

नई दिल्ली। प्रदेश भाजपा ने शनिवार को इंडिया गठबंधन पर निशाना साधा। प्रदेश भाजपा प्रवक्ता प्रवीण शंकर कपूर ने कहा कि प्रचार कार्यक्रम में गठबंधन की एकता की पोल खुल गई। पूर्वी दिल्ली संसदीय क्षेत्र में सुनीता केजरीवाल का रोड शो फ्लॉप साबित हुआ। कांग्रेस का एक भी नेता इसमें नहीं पहुंचा। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अरविंदर सिंह लवली, पूर्व सांसद संदीप दीक्षित, पूर्व अध्यक्ष अनिल चौधरी समेत कई नेता पूर्वी दिल्ली की राजनीति में सक्रिय हैं। चुनाव के लिए इसी क्षेत्र से दावेदारी भी कर रहे थे, लेकिन उन्होंने रोड शो से दूरी बना ली। गठबंधन केवल सीट बंटवारे तक ही सीमित रहा। लोकसभा चुनाव के महज सात महीने बाद विधानसभा चुनाव हैं और ऐसे में कोई भी आप विधायक नहीं चाहता कि उनके क्षेत्र का कोई कांग्रेस नेता फिर से सक्रिय हो या जमीन पर लोगों से जुड़े।

# सुनीता केजरीवाल ने किया रोड शो

## बोलीं- इस देश को बचा लीजिए, तानाशाही के खिलाफ वोट करें



दिल्ली। लोकसभा चुनाव को लेकर राजनेता प्रचार के लिए मैदान में उतरे हुए हैं। दिल्ली में भी प्रचार जोरों पर है। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल ने पूर्वी दिल्ली में मेगा रोड शो निकाला। जिसके बाद उनकी राजनीति में एंट्री हो गई है। यह उनका पहला रोड शो है।

### सड़कों पर लगे केजरीवाल के पोस्टर

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल ने पूर्वी दिल्ली से आप के लोकसभा उम्मीदवार कुलदीप कुमार के समर्थन में कोंडली इलाके में रोड शो किया।

मिली जानकारी के मुताबिक, कोंडली इलाके में रोड शो से पहले आई लव केजरीवाल और जेल का जवाब वोट से के पोस्टर लगाए गए हैं।

### दिल्ली वालों से सुनीता केजरीवाल की अपील

सुनीता केजरीवाल ने रोड शो के दौरान कहा कि ये देश तानाशाही की ओर जा रहा है। इस देश को बचा लीजिए। 25 मई को वोटिंग का दिन है। आप लोग वोट देने जाएंगे। उस दिन तानाशाही के खिलाफ वोट दें। जय हिंद.. उन्होंने जेल का जवाब वोट से का नारा भी लगाया। मंत्री आतिशी ने शुक्रवार को प्रेसवार्ता में बताया कि वे पहली बार आप के चुनावी कार्यक्रम का नेतृत्व कर रही हैं। अभी तक ऐसे कार्यक्रम के प्रमुख मुख्यमंत्री केजरीवाल हुआ करते थे। उनके जेल जाने के बाद इस कमी को दूर करने के लिए सुनीता चुनावी मैदान में हैं।

सुनीता केजरीवाल के रोड शो से पहले दिल्ली मंत्री गोपाल राय ने कहा कि आज से शुरुआत हो रही है। हम लोग रोड शो के जरिए दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल का मैसेज जनता तक पहुंचाएंगे।

### दिल्ली के अलावा इन राज्यों में भी रोड शो

रविवार को पश्चिमी दिल्ली में जनता से केजरीवाल के लिए समर्थन मांगेगी। वे दिल्ली के अलावा पंजाब, गुजरात और हरियाणा में भी आप प्रत्याशियों के लिए प्रचार करेंगी।

मुख्यमंत्री की गिरफ्तारी के बाद से दिल्ली में भाजपा के लिए अलग माहौल बन गया है। लोग पूछ रहे हैं कि मुख्यमंत्री को क्यों गिरफ्तार किया गया।

हर कोई इस गिरफ्तारी के खिलाफ है। दिल्ली-पंजाब की जनता केजरीवाल के साथ खड़ी है।

## संपादकीय

# वैश्विक साझेदारी से पर्यावरण संकट का समाधान

'ग्रेट इंडियन बस्टर्ड' (तिलोर) नामक पक्षी का वजूद बचाए रखने के मामले में सर्वोच्च न्यायालय के हालिया फैसले में जलवायु परिवर्तन के प्रभावों से मुक्त रहने को मानव के मूलभूत अधिकार जितना दर्जा दिया गया है। इस निर्णय ने नीति-निर्माताओं एवं अक्षय ऊर्जा तंत्र विकसित करने वाले निर्माताओं को विस्मित किया है। उनका कहना है कि न्यायाधीश वैज्ञानिक विशेषज्ञों की सलाह को दरकिनार कर रहे हैं और इससे जलवायु परिवर्तन को दुरुस्त करने हेतु बनाए जाने वाले तंत्र की स्थापना में देरी होगी। अदालत ने माना है कि जलवायु परिवर्तन अनचाहे क्षेत्रों में भी न्यायशास्त्र की दखल करवा रहा है। जलवायु परिवर्तन के प्रभाव से वजूद पर बने संकट को पूंजीवादी अर्थव्यवस्था और बेढंगे विज्ञान के मौजूदा आदर्शों द्वारा समझा और सुलझाया नहीं जा सकता।

पूंजीवादी अर्थव्यवस्था में, प्राकृतिक संपदा इसके मालिक की पूंजी है। राजा और जमींदार भूमि मालिक होते हैं और उनके इलाके की तमाम जलीय, वनीय और मत्स्य संपदा, पशु-पक्षी तक उनकी संपत्ति हैं। उनकी भूमि पर रह रहे और काम करने वाले नौकर या दासों द्वारा हुई उत्पादकता या पैदावार के मालिक भी वही हैं। जो मालिक अपनी मालिकाना भूमि पर घर बनाकर रहते हैं और लोगों से मेल-जोल रखते हैं, जहां उनके नौकर-चाकर पसीना बहाते हैं, वे अपनी निगरानी में वनों और फसलों को फलते-फूलते स्वयं देख सकते हैं। परंतु जो जमींदार अन्यत्र रहते हैं उन्हें कोई परवाह नहीं होती। उन्हें तो केवल मुनाफे से मतलब है फिर चाहे भूमि सूखाग्रस्त हो या बाढ़ग्रस्त, न ही नौकरों की मुश्किलों से कोई सरोकार होता है।

वस्तु मंडियों का उद्भव, जहां पर लाए गए पशु, खेतों में उगी फसलें, लकड़ी और खनिज इत्यादि को, व्यापारियों द्वारा तय भावों पर, मुद्रा के लेन-देन से, खरीदा-बेचा जाता है, यह ढंग प्राकृतिक पूंजी को वित्तीय पूंजी में तब्दील करता है। वित्तीय बाजारों ने पूंजीपतियों का नया वर्ग तैयार कर दिया, जिन्हें जमीनी हकीकतों की जानकारी देहात में न बसने वाले जमींदारों से भी कम होती है। वे दुनिया की स्थिति का आकलन तालिकाओं (चार्ट) या डाटा से करते हैं कि किस वस्तु या शेयर का भाव मंडियों और स्टॉक बाजारों में ऊपर चढ़ा या गिरा। जब देहात से निकलकर कोई बंदा कारखानों में बतौर मजदूर काम करने लगता है तो वहां उसका मेहनताना काम के घंटों और इस दौरान दिखाई कारगुजारी के मुताबिक मिलता है। कारखाने के मालिक के लिए उसका कौशल और श्रम भी एक खरीदने लायक वस्तु भर है।

अर्थ-व्यवस्था और न्याय-शास्त्र में जायदाद पर हक आदिकाल से एक अधिकार है। मानवाधिकार को मान्यता तो कहीं बहुत बाद में जाकर मिली, जिसकी प्राप्ति राजनीतिक आंदोलन-अधिकांशत: हिंसा के बाद हुई। उद्देश्य था दासता खत्म करना, उचित मजदूरी पाना और काम करने के लिए सुरक्षित माहौल बनवाना।

'गिग वर्क' व्यवस्था श्रम को वस्तु में बदलने का 21वीं सदी का एक तरीका है, जिसमें केवल जरूरत पड़ने पर कामगार की सेवाएं लेना, जो काम हुआ उसी का मेहताना देना और अन्य किसी किस्म की कोई सामाजिक सुरक्षा नहीं होती, यह व्यवस्था मालिकान को तो खूब रास आती है लेकिन आम लोगों के लिए खराब है।

# देश के अधिकांश हिस्सों पर मंडराता लू का खतरा

मौसम विज्ञानियों द्वारा वर्ष 2023 को पिछले 174 सालों का सबसे गर्म साल घोषित किए जाने के बाद अब भारतीय मौसम विभाग ने भी चालू वर्ष की ग्रीष्म ऋतु को सामान्य से अधिक गर्म होने की चेतावनी दे दी है।

जाहिर है कि हमारे सामने एक नहीं बल्कि दो खतरे मुंह बाए खड़े हैं। इनमें एक खतरा लू का और दूसरा खतरा अतिवृष्टि से बाढ़ आदि का है, इसलिए आशा की जानी चाहिए कि हमारी सरकारें और खासकर आपदा प्रबंधन तंत्र इन खतरों से निपटने के लिए तैयार हो चुका होगा।

इस साल कोलकाता में अधिकतम तापमान 41 डिग्री सेल्सियस पार कर चुका है जबकि अभी ग्रीष्म ऋतु की शुरुआत ही हुई है। भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) द्वारा इस साल की ग्रीष्म ऋतु के बारे में जारी पूर्वानुमान के अनुसार अप्रैल से जून के बीच देश के अधिकांश हिस्सों में अधिकतम तापमान सामान्य से अधिक रहने की संभावना है। केवल उत्तर पूर्व और उत्तर पश्चिम भारत के इक्का दुक्का क्षेत्रों में तापमान सामान्य से कम रहने की संभावना व्यक्त की गई है।

देश के अधिकांश हिस्सों में मासिक न्यूनतम तापमान भी सामान्य से अधिक रहने की संभावना है। विभाग द्वारा मैदानी इलाकों में हीट वेव यानी कि लू चलने की चेतावनी दी गई है। इसके साथ ही उत्तर पश्चिम भारत के अधिकांश हिस्सों और मध्य भारत के कई हिस्सों, उत्तरी प्रायद्वीपीय भारत, पूर्व और उत्तर पूर्व के कुछ हिस्सों में सामान्य से अधिक वर्षा होने का पूर्वानुमान मौसम विभाग ने जारी किया हुआ है।

भारतीय मौसम विभाग के पूर्वानुमान भारत के हीटवेव संकट की भयावहता के चिंताजनक आंकड़े रेखांकित कर रहे हैं। विभाग के अनुसार पिछले एक दशक में लू की आवृत्ति और तीव्रता में वृद्धि हो रही है। हीटवेव संकट सिर्फ मौसम संबंधी या कृषि संबंधी मुद्दा नहीं बल्कि यह एक महत्वपूर्ण सार्वजनिक स्वास्थ्य चुनौती भी है। भारत में राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) ने हीटवेव्स की गंभीरता को पहचानते हुए इन्हें 2021 में आपदा के रूप में वर्गीकृत किया है। विभाग की रिपोर्टें गर्मी से संबंधित मृत्यु दर में बढ़ती प्रवृत्ति का संकेत देती हैं।

हाल के वर्षों में हजारों मौतें हीटवेव के कारण हुई हैं। पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के पूर्व सचिव एम राजीवन एवं कमलजीत रे, एस एस रे, आर के गिरि और ए पी डिमरी आदि वैज्ञानिकों द्वारा 2021 में प्रकाशित एक शोध पत्र के अनुसार भारत में 50 वर्षों में हीटवेव ने 17,000 से अधिक लोगों की जान ले ली है। इस शोध पत्र में कहा गया है कि 1971-2019 तक देश में 706 हीटवेव घटनाएं हुईं। एक अन्य शोध के अनुसार 2015 की घातक हीटवेव में 2,500 से अधिक लोगों की जान चली गई थी। इससे श्रम उत्पादकता, स्वास्थ्य देखभाल लागत और कृषि उत्पादन में नुकसान के साथ आर्थिक प्रभाव भी महत्वपूर्ण है। ग्रामीण क्षेत्र, जो पहले से ही आर्थिक चुनौतियों से जूझ रहे हैं, इन प्रभावों का खामियाजा भुगत रहे हैं, जिससे गरीबी और स्वास्थ्य असमानताएं और बदतर हो रही हैं।

अभी अधिकतम तापमान कहां तक उछलेगा, इसका पूर्वानुमान तो नहीं आया मगर 19 मई 2016 को राजस्थान के फलोड़ी में अधिकतम तापमान 51 डिग्री सेल्सियस तक उछल चुका है। भारत हाल के वर्षों में भीषण गर्म हवाओं का सामना कर रहा है। देश में अत्यधिक उच्च तापमान अक्सर 50 डिग्री सेल्सियस के करीब चला जाता है, जिससे गर्मी की लहरें या लू पैदा होती है। ये गर्मी की लहरें आम तौर पर अप्रैल और जुलाई के बीच होती हैं, जो लाखों लोगों के जीवन और आजीविका को गंभीर रूप से प्रभावित करती हैं। इन लू के थपेड़ों से कृषि प्रधान ग्रामीण क्षेत्र विशेष रूप से अधिक प्रभावित होते हैं। इस विकट मौसम के कारण फसल की पैदावार प्रभावित होती है और किसानों पर काम का बोझ बढ़ जाता है।

गर्म हवाओं से शहरी क्षेत्र भी अछूते नहीं हैं। क्योंकि कंक्रीट और डामर की गर्मी से तापमान में वृद्धि होती है। एक अनुमान के अनुसार वर्ष 2020 में हीटवेव के दिनों की संख्या चार थी। इसी प्रकार 2021 में गर्म लहरों के दिनों की संख्या तीन और 2022 में 17 थी।

# टीएन शेषन ने बदली थी भारत के अराजक चुनावों की तस्वीर

योगेंद्र योगी

ऐसे में देश को एक ऐसा मुख्य चुनाव आयुक्त मिलता है, जो पूरी चुनाव व्यवस्था को बदलकर रख देता है। बड़े-बड़े दिग्गज नेताओं को नकेल कस देता है। उस मुख्य चुनाव आयुक्त का नाम है टीएन शेषन। आज अगर देश में निष्पक्ष और स्वतंत्र माहौल में चुनाव हो पाता है तो इसका श्रेय टीएन शेषन को जाता है।

देश की मौजूदा पीढ़ी को शायद इस बात का अंदाजा भी नहीं होगा कि भारत की आजादी के बाद की ऊबड-खाबड़ यात्रा में देश ने ऐसे-ऐसे हिचकोले खाए कि लगने लगा था कि लोकतंत्र पटरी से उतर कर अराजकता में बदल जाएगा। इसी यात्रा में सबसे बड़ी चुनौती थी, देश के निष्पक्ष और शांतिपूर्ण चुनाव सम्पन्न कराना। आज जिस तरह शांतिपूर्ण तरीके से चुनाव सम्पन्न कराए जा रहे हैं। करीब साढ़े तीन दशक पहले इसकी कल्पना तक नहीं की जा सकती थी। उस दौर में ऐसा कोई भी चुनाव नहीं रहा जो खून-खराबे से भरा नहीं रहा हो। देश में बैलट पर बुलट भारी था। बंदूक की नोक पर वोटों की पेटियों को लूटना आम बात थी। भारत की चुनावी प्रक्रिया में हर तरह की बुराई थी।

ऐसे में देश को एक ऐसा मुख्य चुनाव आयुक्त मिलता है, जो पूरी चुनाव व्यवस्था को बदलकर रख देता है। बड़े-बड़े दिग्गज नेताओं को नकेल कस देता है। उस मुख्य चुनाव आयुक्त का नाम है टीएन शेषन। आज अगर देश में निष्पक्ष और स्वतंत्र माहौल में चुनाव हो पाता है तो इसका श्रेय टीएन शेषन को जाता है। देश के दबंग चुनाव आयुक्त के तौर पर अपनी पहचान बनाने वाले टीएन शेषन नौकरशाही में भी सुधार के जनक थे। ईमानदारी और कानून के प्रति अपनी निष्ठा की वजह से वह बहुतों को खटकते भी थे। इस वजह से उनके विरोधी उनको सनकी और तानाशाह तक भी कहते थे। लेकिन वह व्यवस्था में क्रांति लाने वाले इंसान, मेहनती, सक्षम प्रशासक, योग्य नौकरशाह, बुद्धीजीवियों और मध्य वर्ग के नायक थे।

पलक्कड़ (केरल) के निवासी टीएन शेषन ने 1955 में भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) में ट्रेनी के तौर पर अपने कॅरियर की शुरुआत की। शेषन ने अपनी पहली तैनाती में ही तीखे तेवर दिखाते हुए तमिलनाडु के मदुरई जिले के डिंडीगुल में सब कलेक्टर पद पर रहते हुए हरिजन समुदाय के एक व्यक्ति पर फंड के घपले का आरोप में गिरफ्तार करवा दिया। मंत्री के दवाब के बाद भी आरोपी को नहीं छोड़ा।

चेन्नई में यातायात आयुक्त पद के दौरान एक बार एक ड्राइवर ने शेषन से पूछा कि अगर आप बस के इंजन को नहीं समझते और ये नहीं जानते कि बस को ड्राइव कैसे किया जाता है, तो आप ड्राइवरों की समस्याओं को कैसे समझ पाएंगे। शेषन ने इसको एक चुनौती के रूप में स्वीकार किया। उन्होंने न सिर्फ़ बस की ड्राइविंग सीखी बल्कि बस वर्कशॉप में भी काफ़ी समय बिताया। एक बार उन्होंने बीच सड़क पर ड्राइवर को रोक कर स्टेयरिंग संभाल लिया और यात्रियों से भरी बस को 80 किलोमीटर तक चलाया। शेषन का तमिलनाडु के मुख्यमंत्री से काफी झगड़ा हो गया, जिसके बाद वे प्रतिनियुक्ति पर दिल्ली आ गए और तेल एवं प्राकृतिक गैस आयोग के एक सदस्य के तौर पर उनकी नियुक्ति हुई। तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी के आग्रह पर पर्यावरण एवं वन मंत्रालय के सचिव बन गए। सचिव के तौर पर उन्होंने टिहरी बांध और सरदार सरोवर बांध जैसी परियोजनाओं का विरोध



किया। भले ही सरकार ने उनको विरोध को दरकिनार कर दिया और परियोजना पर काम को आगे बढ़ाया लेकिन बांध के पर्यावरण पर पडने़ वाले प्रभाव को नजरअंदाज नहीं किया गया।

इसके साथ ही शेषन ने विभागों में नहीं कहने का रुझान शुरू किया। इस दौरान राजीव गांधी से उनकी नजदीकी बढ़ी। वहां से उनको आंतरिक सुरक्षा का सचिव बनाया गया। करीब 10 महीनों बाद उनको कैबिनेट सचिव बनाया गया। जब राजीव गांधी दिसंबर 1989 में चुनाव हार गए और प्रधानमंत्री नहीं रहे तो टीएन शेषन का ट्रांसफर योजना आयोग में कर दिया गया। शेषन के मुख्य चुनाव आयुक्त बनने की दास्तां भी कम दिलचस्प नहीं है। दिसंबर 1990 केंद्रीय वाणिज्य मंत्री और शेषन के दोस्त सुब्रमण्यम स्वामी ने प्रधानमंत्री चंद्रशेखर के दूत के तौर शेषन पर मुख्य चुनाव आयुक्त के पद की पेशकश की। शेषन इस प्रस्ताव से बहुत अधिक उत्साहित नहीं हुए थे, क्योंकि पहले ही कैबिनेट सचिव विनोद पांडे ने भी उन्हें ये प्रस्ताव दिया था। शेषन इस प्रस्ताव पर राजीव गांधी से मिले। राजीव गांधी ने शेषन को मुख्य चुनाव आयुक्त का पद स्वीकार करने के लिए अपनी सहमति दे दी। लेकिन वो इससे बहुत खुश नहीं थे। उन्होंने उन्हें छेड़ते हुए कहा कि वो दाढ़ी वाला शख्स (चंद्रशेखर) उस दिन को कोसेगा, जिस दिन उसने तुम्हें मुख्य चुनाव आयुक्त बनाने का फ़ैसला किया था। पंडित जवाहर लाल नेहरू ने साठ के दशक में तमिलनाडु में शेख़ को नजऱबंद करवा दिया था। शेषन उस समय मदुरै जिले के कलेक्टर थे। उनको जिम्मेदारी दी गई थी कि वो शेख़ द्वारा बाहर भेजे गए हर पत्र को पढ़ें। शेख ने डॉक्टर एस राधाकृष्णन प्रेसिडेंट ऑफ़ इंडिया के नाम पत्र लिखा। शेषन ने बिना डरे पत्र पढ़ लिया। शेख़ ने घोषणा की कि वो उनके साथ किए जा रहे खऱाब व्यवहार के विरोध में आमरण अनशन पर जाएंगे। शेषन ने कहा कि सर ये मेरा कर्तव्य है कि मैं आपकी हर ज़रूरत का ख्याल रखूं, मैं ये सुनिश्चित करूंगा कि कोई आपके सामने पानी का एक गिलास भी ले कर न आए। शहरी विकास मंत्रालय के संयुक्त सचिव के धर्मराजन त्रिपुरा में हो रहे चुनावों का पर्यवेक्षक का कार्य छोड़ कर थाइलैंड चले गए। इस पर दंडित करते हुए शेषन ने उनकी गोपनीय रिपोर्ट में विपरीत प्रवष्टि करने का फ़ैसला किया। शेषन ने वर्ष 1993 में 17 पेज का आदेश जारी किया कि जब तक सरकार चुनाव आयोग की शक्तियों को मान्यता नही देती, तब तक देश में कोई भी चुनाव नहीं कराया जाएगा। आखिरकार सरकार को उनके सामने झुकना पड़ा। मौजूदा आदर्श आचार संहिता उसी आदेश का परिणाम है। शेषन के आने से पहले मुख्य चुनाव आयुक्त एक आज्ञाकारी नौकरशाह होता था जो वही करता था जो उस समय की सरकार चाहती थी। ये शेषन का ही बूता था कि उन्होंने चुनाव में पहचान पत्र का इस्तेमाल आवश्यक कर दिया।

शेषन ने साफ कह दिया कि अगर मतदाता पहचान पत्र नहीं बनाए गए तो 1 जनवरी 1995 के बाद भारत में कोई चुनाव नहीं कराए जाएंगे। शेषन के दौर में ही हिमाचल प्रदेश में चुनाव के दिन पंजाब के मंत्रियों के 18 बंदूकधारियों को राज्य की सीमा पार करते हुए धर दबोचा गया। उत्तर प्रदेश और बिहार सीमा पर तैनात नागालैंड पुलिस ने बिहार के विधायक पप्पू यादव को सीमा नहीं पार करने दी। हिमाचल प्रदेश के तत्कालीन राज्यपाल गुलशेर अहमद को चुनाव आयोग द्वारा सतना का चुनाव स्थगित करने के बाद उन्हें अपने पद से इस्तीफ़ा देना पड़ा। गुलशेर अहमद पर आरोप था कि उन्होंने राज्यपाल पद पर रहते हुए अपने पुत्र के पक्ष में सतना चुनाव क्षेत्र में चुनाव प्रचार किया था। उसी तरह राजस्थान के तत्कालीन राज्यपाल बलिराम भगत को भी शेषन का कोपभाजन बनना पड़ा था, जब उन्होंने एक बिहारी अफ़सर को पुलिस का महानिदेशक बनाने की कोशिश की। शेषन ने बिहार में पहली बार चार चरणों में चुनाव करवाया और चारों बार चुनाव की तारीखें बदली गईं। ये बिहार के इतिहास का सबसे लंबा चुनाव था।

शेषन ने आचार संहिता के उल्लंघन पर पश्चिम बंगाल की राज्यसभा सीट पर चुनाव नहीं होने दिया, जिसकी वजह से केंद्रीय मंत्री प्रणब मुखर्जी को अपने पद से इस्तीफ़ा देना पड़ा। पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री ज्योति बसु इतने नाराज़ हुए कि उन्होंने उन्हें पागल कुत्ता कह डाला। साल 1992 के शुरू से ही शेषन ने सरकारी अफ़सरों को उनकी ग़लतियों के लिए लताडऩा शुरू कर दिया था। उसमें केंद्र के सचिव और राज्यों के मुख्य सचिव भी शामिल थे। बीते दशकों में टीएन शेषन से ज़्यादा नाम शायद ही किसी नौकरशाह ने कमाया हो। वर्ष 1990 के दशक में तो भारत में एक मज़ाक प्रचलित था कि भारतीय राजनेता सिर्फ़ दो चीज़ों से डरते हैं। एक खुदा और दूसरे टीएन शेषन से।

# वोटरों को प्रभावित करता पैसा और नशा

भारत में स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद पहले आम चुनाव से लेकर अध्यतन चुनाव में पैसे तथा नशे की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण रही हैद्य वैश्विक स्तर पर भी भी इस महत्वपूर्ण कारक का प्रभाव रहा है।

आम चुनाव में लोकसभा,विधानसभा के चुनाव से लेकर स्थानीय चुनाव तक सक्षम चुनाव के उम्मीदवार पैसे और नशे की खेप से मतदाता के बड़े गरीब तपके के मतदाताओं को प्रभावित करते आए हैं। मतदान के ठीक 1 दिन पहले रात्रि में मजदूरों की झुग्गी झोपड़ीयों में बकरा तथा शराब की पार्टियों तथा रूपयों के साथ अन्य आवश्यक सामग्रियों के वितरण द्वारा मतदाता को प्रभावित करने का प्रयास किया जाता है। शराब तथा पैसों की लगातार आपूर्ति और वितरण मतदाताओं को प्रभावित करने का मापदंड बनता चला आया है। शराब एवं अन्य नशा देश के नौजवानों को मानसिक शारीरिक और आर्थिक रूप से कमजोर करता रहा है तथा चुनाव के समय इस पर प्रभावी नियंत्रण अत्यंत आवश्यक है इस पर एक राष्ट्रीय कानून तथा संविधान बनाने की बड़ी और प्रभावी आवश्यकता है। आईए एक विश्लेषण में देखते हैं कि नशा किस तरह देश के आर्थिक तथा मानसिक विकास को क्षति पहुंचाता आया है।

देश मे हर तरह के एक सूखे और अन्य नशे से न सिर्फ शारीरिक, मानसिक, सामाजिक संरचना कमजोर होती है, बल्कि परिवार, समाज और देश के आर्थिक तंत्र पर बड़ी चोट लगती हैद्य वैश्विक स्तर पर यह माना जाता है कि विश्व का हर चौथा युवा नशे की गिरफ्त में है और उसकी सांसे नशे के नियंत्रण में ही हैं। भारत युवा शक्ति का देश है और भारत को नशे की गिरफ्त से बचाकर एक ऊर्जावान युवा शक्ति का बड़ा केंद्र बनाना ही हमारी सार्थकता होगी। विश्वव्यापी नशे की व्यापकता को देखते हुए संयुक्त राष्ट्र संघ की महासभा ने 7 दिसंबर 1987 को एक प्रस्ताव पारित कर हर वर्ष 26 जून को अंतर्राष्ट्रीय नशा व मादक पदार्थ निषेध दिवस मनाने का निर्णय लिया था। ये एक तरफ लोगों को नशे के प्रति चेतना फैलाता है ।वहीं दूसरी तरफ नशे की गिरफ्त में आए लोगों के उपचार की दिशा में महत्वपूर्ण कदम भी उठाता है।

मादक पदार्थों की नशे की लत आज के युवाओं में तेजी से फैल रही है। कई बार फैशन की खातिर दोस्तों के कहने पर लिए गए यह मादक पदार्थ अक्सर युवाओं के लिए जानलेवा साबित होते हैं। युवा तो युवा बच्चे भी फेविकोल,तरल इरेज़र, पेट्रोल की गंध और स्वाद के प्रति आकर्षित होते हैं, और कई बार कम उम्र के बच्चे आयोडेक्स, वोलीनी जैसी दवाओं को सूघकर नशे का आनंद लेते हैं। कुछ मामलों में आयोडेक्स को ब्रेड में लगाकर खाने का नशा भी बच्चों में देखा गया है।

और मजाक मजाक में जिज्ञासा बस कोरेक्स, कोडन, अल्प्राजोलम, कैनेबिस जैसी दवाओं को पीकर नशे में झूमते हैं। यह नशीली दवाएं कब बच्चों को तथा गरीब युवाओं को अपने घेरे में ले लेती है पता ही नहीं चलता। तंबाकू, सिगरेट, गांजा, कोकीन, चरस, स्मैक, भांग जैसी नशीली वस्तुओं का आज युवा वर्ग लगातार सेवन कर अपनी जिंदगी से खेलने में लगा हुआ है।

## मतदाता एक दिन का राजा

एक मतदान के पावन दिन
लगाकर कपड़ों में चमकदार रिन
एक पार्टी के उम्मीदवार
लगते थे मानो है सूबेदार,
बिना लंबा भाषण गाये
मुस्कुरा कर मेरे पास आए,
बोले-
कृपया अपने मताधिकार का लोकतंत्र
के हथियार का
भरपूर करें प्रयोग
दिमाग का करें उपयोग
आप एक दिन के हैं राजा
लोकतंत्र के हैं महाराजा
बाद के पांच वर्षों में प्रतिदिन
आपकी इच्छाओं का
बजने वाला है बाजा,
यही लोकतंत्र का है मजा
गलत उम्मीदवार को चुनोगे
तो आगे पाओगे बड़ी सजा
हमने पूछा
यह क्या होता है लोकतंत्र
वह जोर-जोर से हंसे बोले
यह है अलौकिक तंत्र
और है प्रजातंत्र का मंत्र।
मिलता है मतदाता को
वोट देने का
बस एक दिन का अधिकार
मतदान करने जाता सपरिवार,
आगामी पांच साल कोसता है
बाद मेंअपनी किस्मत
को जार-जार रोता है
पूरा का पूरा परिवार
यही तो रहता है
एकदिन के मतदान का शाहकार,
बाकी दिनों जनता
मचाती खूब हाहाकार,
यही है लोकतंत्र का अधिकार।
अब समझ जाओ कितना
तुम्हारे पास है
बड़ा लोकतंत्र का यह अधिकार।

# बैलेट पेपर व वीवीपीएटी पर सुप्रीम कोर्ट का ऐतिहासिक फैसला



बैलेट पेपर से चुनाव कराने व वीवीपीएटी स्लिप की 100 प्रतिशत क्रॉस चेकिंग का चैप्टर दि एंड-सुप्रीम कोर्ट ने सभी याचिकाएं खारिज की

लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण की वोटिंग के दिन,सुप्रीम कोर्ट में बैलेट पेपर,वीवीपीएटी शत प्रतिशत मिलान की मांग को झटका लगा,पर फैसले का सम्मान होगा- एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी गोंदिया

गोंदिया - वैश्विक स्तरपर दुनियां के सबसे बड़े लोकतंत्र भारत में ऐसा भी एक जमाना था जब हम बैलेट पेपर के द्वारा अपना वोट देते थे। यानें अपने मनपसंद उम्मीदवार और उसके चुनाव चिन्ह पर ठप्पा लगाते थे। इस व्यवस्था के दुष्प्रभाव में हमने दूरदर्शन व अन्य चैनलों पर बूथ कैपचरिंग सहित बैलेट पेपरों पर धड़ाधड़ ठप्पे लगाते पेटी में डालते हुए भी चैनलों में देखे थे तथा लाइनों में खड़े मतदाताओं को भगा दिया जाता था यह भी मैंने चैनलों पर स्वयं देख था ।फिर समय का चक्कर ऐसा चला कि प्रौद्योगिकी का तेजी के साथ विकास हुआ तो मतदान में बैलेट पेपर से हटकर ईवीएम मशीनों का उपयोग कर दिया जाने लगा। फिर हमने ईवीएम की गड़बड़ियों के बारे में भी अनेक आरोप प्रत्यारोप मीडिया में देखे व सुने फिर वीवीपीएटी आया, जिसमें हम देख सकते हैं कि वोट हमारे पसंदीदा उम्मीदवार को गया या नहीं, जो मैंने स्वयं ने भी 19 अप्रैल 2024 को मतदान के दौरान यह देखा, फिर इसकी पर्चियों का 100 प्रतिशत क्रॉस वेरिफिकेशन का मुद्दा आया यह सभी मुद्दे विवादों में घिरते हुए सुप्रीम कोर्ट की दहलीज तक जा पहुंचे, जिसमें माननीय सुप्रीम कोर्ट ने संबंधित पक्षों को नोटिस जारी कर सुनवाई पूरी की और फैसला सुरक्षित रखा था, जो आज दिनांक 26 अप्रैल 2024 को माननीय दो जजों की बेंच ने बैलेट पेपर से चुनाव कराने ववीवीपीएटी स्लिपों की 100 प्रतिशत क्रॉस चेकिंग की याचिका को खारिज़ कर दिया जिसका चैप्टर अब दि एंड हो गया है। चूंकि बैलेट पेपर व एवं वीवीपीएटी पर सुप्रीम कोर्ट का ऐतिहासिक फैसला आज आया है,इसीलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे,लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण की वोटिंग के दिन सुप्रीम कोर्ट ने बैलेट पेपर व एवं वीवीपीएटी का शतप्रतिशत मिलान की मांग को झटका लगा है,परंतु फैसले का सम्मान सभी पक्ष करेंगे।

साथियों बात अगर हम दिनांक 26 अप्रैल 2024 को आए माननीय सुप्रीम कोर्ट के फैसले की करें तो,लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण की वोटिंग के बीच शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट ने वीवीपैट वेरिफिकेशन की मांग को लेकर सभी याचिकाओं को खारिज कर दिया है ।बैलेट पेपर की मांग को लेकर दर्ज याचिका भी खारिज कर दी गई है ।कोर्ट के इस फैसले से ईवीएम के जरिए डाले गए वोट की वीवीपैट की पर्चियों से शत-प्रतिशत मिलान की मांग को झटका लगा है। एससी ने साफ कर दिया है कि देश में बैलेट पेपर से वोटिंग का दौर वापस नहीं आएगा। यानें मतदान तो ईवीएम से ही होगा, इसके साथ ही वीवीपैट से 100 फीसदी पर्ची मिलान भी नहीं होगा। हालांकि, ईवीएम 45 दिनों तक सुरक्षित रहेगी और अगर नतीजों के बाद 7 दिनों के भीतर शिकायत की जाती है तो जांच कराई जाएगी। एससी ने इस मामले से जुड़ी सभी याचिकाएं खारिज कर दी हैं। माननीय जस्टिसने कहा, हमने सभी याचिकाओं को खारिज किया है। कोर्ट ने यह भी निर्देश दिया है कि चुनाव के बाद सिंबल लोडिंग यूनिटों को भी सील कर सुरक्षित किया जाए। कोर्ट ने निर्देश दिया कि उम्मीदवारों के पास परिणामों की घोषणा के बाद टेक्निकल की एक टीम द्वारा ईवीएम के माइक्रो कंट्रोलर प्रोग्राम की जांच कराने का विकल्प होगा, जिसे चुनाव की घोषणा के 7 दिनों के भीतर किया जा सकेगा ।वोटिंग पर्चियों की गिनती पर कोर्ट ने कहा, सिंबल लोडिंग यूनिट्स के पूरा होने पर कंटेनर में सील कर दिया जाएगा, इस पर उम्मीदवारों के हस्ताक्षर होंगे और नतीजे घोषित होने के बाद 45 दिन के लिए स्ट्रॉन्ग रूम में रखा जाएगा।

साथियों बात अगर हम माननीय कोर्ट में चुनाव आयोग द्वारा रखे गए पक्ष की करें तो,चुनाव आयोग के अधिकारी ने कोर्ट को बताया कि एक वोटिंग यूनिट में एक बैलट यूनिट,कंट्रोल यूनिट और एक वीवीपीएटी यूनिट होती है। सभी यूनिट में अपना अपना माइक्रो कंट्रोलर होता है। इन कंट्रोलर से छेड़छाड़ नहीं हो सकती। सभी माइक्रो कंट्रोलर में सिर्फ एक ही बार प्रोग्राम फीड किया जा सकता है। चुनाव चिह्न अपलोड करने के लिए हमारे पास दो मैन्युफैक्चर हैं, एक ईसीआई है और दूसराभारतइलेक्ट्रॉनिक्स। चुनाव आयोग ने बताया कि सभी ईवीएम 45 दिन तक स्ट्रॉन्ग रूम में सुरक्षित रखी जाती हैं। उसके बाद रजिस्ट्रार, इलेक्शन कमीशन से इस बात की पुष्टि की जाती है कि क्या चुनाव को लेकर कोई याचिका तो दायर नहीं हुई है ।अगर अर्जी दायर नहीं होती है तो स्ट्रॉन्ग रूम को खोला जाता ।कोई याचिका दायर होने की सूरत में स्ट्रॉन्ग रूम को सीलबन्द रखा जाता है। बुधवार को एससी ने कहा था कि अदालत चुनाव की नियंत्रण अथॉरिटी नहीं हैं ।अदालत ने ईवीएम मुद्दे पर दो बार दखल दिया है। बेंच ने याद दिलाया कि सुप्रीम कोर्ट ने इससे पहले वीवीपीएटी पर दो आदेश जारी किए हैं, जो एक स्वतंत्र वोट सत्यापन प्रणाली है और मतदाताओं को यह देखने में सक्षम बनाती है कि उनके वोट सही ढंग से दर्ज किए गए हैं या नहीं. कोर्ट ने कहा, एक आदेश तब पारित किया गया था जब अदालत ने चुनावों के दौरान वीवीपैट के उपयोग का आदेश दिया था और दूसरा आदेश तब पारित किया गया था जब अदालत ने निर्देश दिया था कि वीवीपैट का उपयोग एक से बढ़ाकर पांच बूथों तक किया जाना चाहिए। अब आप सभी चाहते हैं कि हम मतपत्रों पर वापस जाने के लिए निर्देश जारी करें ।बेंच ने कहा, यदि जरूरी हुआ तो वो मौजूदा ईवीएम सिस्टम को मजबूत करने के लिए निर्देश पारित कर सकती है। सुप्रीम कोर्ट ने अप्रैल 2019 में चुनाव आयोग से कहा था कि किसी संसदीय क्षेत्र में प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में ईवीएम के साथ वीवीपैट की संख्या एक से बढ़ाकर पांच कर दी जाए।

साथियों बात अगर हम इस केस और फैसले के असर को सभी पक्षकारों के नजरिए से समझने की कोशिश करें तो,केस और फैसले के असर को इन सभी पक्षों के नजरिए से समझते हैं (1) आम आदमी यानी मतदातासुप्रीम कोर्ट के इस फैसले से आम आदमी की वोट देने की प्रोसेस में कोई बदलाव नहीं होगा। वोटर पोलिंग बूथ जाएगा। अंगुली पर स्याही लगेगी। चुनाव अधिकारी कंट्रोल यूनिट का बटन दबाएगा। वोटर बैलट यूनिट में कैंडिडेट के नाम के सामने का बटन दबाएगा और फिर कुछ सेकेंड तक वीवीपैट की लाइट में अपनी पर्ची देख सकेगा।(2) राजनीतिक पार्टियां और कैंडिडेट्स,फैसले के बाद राजनीतिक पार्टियां और कैंडिडेट्स के लिए एक रास्ता खुला है। वे ईवीएम की जांच करवा सकेंगे। इसे नीचे दिए पॉइंट्स से समझिए ।दूसरे या तीसरे नंबर पर आने वाले किसी कैंडिडेट को शक है तो वह रिजल्ट घोषित होने के 7 दिन के भीतर शिकायत कर सकता है ।शिकायत के बाद ईवीएम बनाने वाली कंपनी के इंजीनियर्स इसकी जांच करेंगे।

गौरवशाली भारत
नई दिल्ली
रविवार 28 अप्रैल 2024
Www.gauravshalibharat.com

# शार्ट न्यूज

## दामाद ने सास को मारी गोली, हालत गंभीर

**कोइरौना, भदोही।** भदोही में एक दामाद ने अपनी सास को ही गोली मार दी है। बेहद नजदीक से सिर में गोली लगी है, जिससे महिला की हालत गंभीर बनी हुई है। घायल महिला का इलाज वाराणसी ट्रॉमा सेंटर में चल रहा है। घटना भदोही जिले के कोईरौना थाना क्षेत्र में बसही गांव की है। बताया जा रहा है कि इसके पीछे पत्नी की विदाई न होने से गुस्साए दामाद ने सास को गोली मारी है। फिलहाल वह मौके से फरार है और पुलिस की टीमें आरोपी दामाद को गिरफ्तार करने में लगी हैं। बता दें कि रामकिशुनपुर बसहीं निवासी रामधनी बिंद की पत्नी पान कुमारी देवी (40) शुक्रवार को खाना पीना खाकर सोने जा रही थी। इस दौरान दामाद शिवकुमार भी मौजूद था। वह बार-बार पत्नी की विदाई को लेकर सास से बात करने की कोशिश कर रहा था। सास और दामाद के बीच विदाई को लेकर गर्मागर्म बहस हो गई और सास ने विदाई से साफ इनकार कर दिया। इससे दामाद शिवकुमार का गुस्सा बढ़ गया। उसने पास रखी पिस्टल निकाली और सास के सिर में नजदीक से गोली मार दी। गोली की आवाज सुनकर परिजन दौड़े तो दामाद वहां से भाग गया। इधर, पान कुमारी गोली लगने से बुरी तरह छटपटा रही थी, जिसे अस्पताल ले जाया गया। वहां से डॉक्टरों ने देखा कि हालत काफी सीरियस है तो उन्होंने घायल महिला को वाराणसी ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया।

## दहेज के लिए पत्नी को किया लहूलुहान

**अलीगढ़।** अलीगढ़ के अतरौली थाना क्षेत्र के मोहल्ला पक्की गढ़ी में दहेज के लिए महिला पर आत्मघाती हमला करने का मामला सामने आया है। पीड़िता ने बताया कि उसके शौहर ने दहेज के लिए पहले उससे मारपीट की और फिर उसे जान से मारने के इरादे से हमला कर दिया। आरोपी ने महिला पर धारदार हथियार से हमला किया और लहूलुहान कर दिया। चीख पुकार सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए और पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने तत्काल महिला को अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसका इलाज चल रहा है। वहीं घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया है। अतरौली के पक्की गढ़ी निवासी अतकीम खां की बेटी सिमरन का विवाह 4 साल पहले पक्की गढ़ी के ही रहने वाले राजा के पुत्र शमशुद्दीन के साथ हुई थी। पीड़िता के पिता ने बताया कि निकाह के कुछ दिन बाद तक सब ठीक चल रहा था। लेकिन इसके बाद ससुराल के लोगों ने दहेज की मांग करना शुरू कर दिया। शनिवार को आरोपियों ने उनकी बेटी के साथ जमकर मारपीट की और जान से मारने के इरादे से धारदार हथियार से प्रहार कर दिया। जिसके कारण उनकी बेटी गंभीर रूप से घायल हो गई। पिता ने बताया कि जब उन्हें घटना की जानकारी हुई तो वह तुरंत अस्पताल पहुंचे। अब वह आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करेंगे।

## गंगा किनारे बोरे में मिला महिला का शव

फतेहपुर। फतेहपुर में शनिवार को एक महिला का शव बोरे में गंगा किनारे झाड़ियों में पड़ा मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। महिला के पिता ने आरोप लगाया कि दहेज में 3 लाख कैश और बाइक न देने पर बेटी के ससुरालियों ने हत्या करने के बाद शव को फेंक दिया। पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुटी है। गाजीपुर थाना क्षेत्र के भगवानपुर मजरे अयाह के रहने वाले वीरेंद्र सिंह ने खागा कोतवाली पुलिस को तहरीर दिया। जिसमें उन्होंने बताया कि बेटी सांध्या देवी की शादी 6 नवंबर 2021 को खागा कोतवाली क्षेत्र के कल्लनपुर गांव के रहने वाले सार्जन सिंह के साथ की थी। बेटी के शादी में हैसियत के हिसाब से दान दहेज दिया था। शादी के कुछ माह बाद ससुराल पक्ष से पति सार्जन, ससुर मनोज, सास सोमवती, शिव सिंह और अन्य दहेज में 3 लाख रुपए कैश और एक बाइक की मांग को लेकर बेटी के साथ मारपीट शुरू कर दी। 24 अप्रैल की दोपहर में बेटी की जेठानी ने फोन पर सूचना दिया कि आपकी बेटी बिना बताए कहीं चली गई है। जिसके बाद पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज करते हुए। कुछ लोगों से पूछताछ शुरू किया तो हत्या कर गंगा किनारे बोरे में शव फेंकने की बात बतायी। जिसके बाद पुलिस ने मौके से पहुंचकर बोरे से शव को बरामद किया।

## किसान ने खेत में फांसी लगाकर की आत्महत्या

**जालौन।** जालौन में किसान ने खेत में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। शनिवार की सुबह ग्रामीण खेत पर गए तो उन्होंने किसान को फंदे पर लटका देखा। इसके बाद परिजनों को जानकारी दी। सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और पुलिस को अवगत कराया। परिजनों का कहना है कि कर्ज से परेशान थे, जिसके चलते सुसाइड कर लिया। जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। घटना उरई कोतवाली क्षेत्र के ग्राम गढ़र की है। यहां के रहने वाले हीरालाल (50) खेत पर अपनी फसल की रखवाली करने रोज जाते थे। शुक्रवार रात को भी वह रोज की तरह घर से अपने खेत में गए। जहां फंदा गले में डालकर फांसी लगा ली। ग्रामीण सुबह खेत की तरफ गए तो हीरालाल को देखा। जिससे वह दहशत में आ गए। यह खबर गांव में फैल गई। जिससे इलाके में सनसनी फैल गई। जिसके बाद परिवार के लोग और ग्रामीण मौके पर पहुंचे। किसान का बेटा कृष्ण मुरारी ने बताया कि पिता पर कर्ज था। जिस बात से वह तनाव में रहते थे और पिछले कुछ समय से खेती का काम भी ठीक नहीं चल रहा था। उरई कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र कुमार पटेल ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। जिससे आत्महत्या का कारण पता लग सके।

## कुशीनगर में युवक ने की बुजुर्ग की हत्या

कुशीनगर। कुशीनगर के कसया थाना क्षेत्र के बहोरापुर गांव में मामूली बात पर युवक ने बुजुर्ग की डंडे से पिटाई कर उसकी हत्या कर युवक फरार हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लेकर पीएम के लिए भेज दिया। आरोपित को पुलिस ने एक घंटे के भीतर ही गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के मुताबिक, आरोपी युवक और इसके दादा को पुलिस हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। घटना की सूचना मिलते ही एएसपी अभिनव त्यागी, सीओ कुंदन सिंह ने मौके पर पहुंचकर घटना की जानकारी ली। पीड़ित परिवार की तरफ से पुलिस को नामजद तहरीर दी गई है। पुलिस मुकदमा पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्रवाई मे जुट गयी है। कसया थाना क्षेत्र के बहोरापुर गांव निवासी 60 वर्षीय विक्रम प्रसाद शाम अपने दरवाजे के पास खड़े थे। इसी बीच आए चचेरे पौत्र दुर्गेश से किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। आक्रोशित दुर्गेश ने पास में रखे डंडे से विक्रम के सिर पर वार कर दिया। वह अचेत हो गए। आनन-फानन में लोग सीएचसी लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। हत्या की सूचना मिलते ही पुलिस गांव पहुंच गई। आरोपी दुर्गेश के दादा को हिरासत में ले लिया। फरार दुर्गेश को भी पुलिस ने कुछ देर बाद गांव के बाहर से दबोच लिया। गांव में पहुंचे इंस्पेक्टर कसया गिरिजेश उपाध्याय ने लोगों को समझाकर शांत कराया।

## फतेहपुर में जंगल में मिला युवक का शव

**फतेहपुर।** फतेहपुर में एक युवक अज्ञात युवक का शव झाड़ियों में पड़ा हुआ था। पास में खेत पर काम कर रहे किसान ने शव को देखा तो पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के शिनाख्त के लिए आस पास के गांव में फोटो पोस्ट की गई है। पुलिस के अनुसार किसी वाहन से टक्कर लगने के कारण सड़क से 200 मीटर दूर झाड़ियों में गिरने से मौत हुई है। जांच की जा रही है। जिले के सदर कोतवाली क्षेत्र के नऊवाबाग हाइवे पेट्रोल पंप के पास झाड़ियों में एक युवक का हत्या युक्त शव खून से लथपथ पड़ा था। पास के खेत में काम कर रहे किसान ने झाड़ियों में शव देखकर पुलिस को सूचना दी। शव मिलने के सूचना पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस शव का शिनाख्त कराने का प्रयास कर रही है। मृतक के सिर पर चोट के गहरे निशान हैं। शरीर पर पेंट-शर्ट के अलावा एक पैर में चप्पल पहने हुए है। जिस जगह पर युवक का शव मिला है, वहां पर कुछ लोगों ने बताया कि मृतक तीन दिन से आस पास देखा जा रहा था। आज सुबह इसका शव झाड़ियों में पड़ा था।

# विकसित भारत के लिए मोदी जरूरी है : योगी

### यह लोकसभा का चुनाव देश के भविष्य को बनाने वाला चुनाव है

फिरोजाबाद। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को फिरोजाबाद में एक चुनावी सभा में कहा कि भारत के भविष्य को सुरक्षित करने और विकसित करने के लिए तीसरी बार भी मोदी सरकार जरूरी है।

यहां तिलक इंटर कॉलेज में भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में आयोजित चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस और सपा पर प्रहार किया और कहा कि विपक्ष को गरीबों से नहीं माफियाओं से और आतंकवादियों से हमदर्दी है। यह लोकसभा का चुनाव देश के भविष्य को बनाने वाला चुनाव है ,अभी तक के दो चरणों के मतदान के रुझान से लोगों में काफी उत्साह है । सब एक स्वर से कह रहे हैं अबकी बार फिर एक बार मोदी सरकार।



उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने 10 साल में देश को काफी आगे ले जाने का काम किया है । विदेश में देश को बहुत सम्मान मिला है, करोड़ों लोगों को बिना जाति भेदभाव के मकान दिए गए, शौचालय का निर्माण कराया, उज्ज्वला योजना के तहत गैस सिलेंडर दिए गए और आयुष्मान योजना का लाभ दिया जा रहा है । लोगों के घर-घर नल से जल पहुंचाया जा रहा है?। मोदी जी ने बिना रुके,बिना झुके और बिना थके देश को आगे बढ़ने का काम किया है, मोदी जी के नेतृत्व में एक विकसित भारत का निर्माण होगा। हम राम मंदिर ही नहीं बनाते हम आतंकवादियों और माफिया का राम नाम सत्य भी करना जानते हैं। अब अयोध्या और काशी के बाद अब मथुरा की बारी है।

समाजवादी पार्टी और कांग्रेस पर प्रहार करते हुए कहा कि इनकी यूपीए सरकार के समय में आतंकवादियों माफियाओं को संरक्षण मिलता था। इनके मंसूबे सही नहीं है, इन्हें गरीब किसानों से कोई सहानुभूति नहीं यह माफियाओं के साथ हैं। माफियाओं की कब्र पर मर्सिया पढ़ने जाते हैं। समाजवादी पार्टी के शासन में आतंकवादियों के मुकदमे वापस लेने की पैरवी सरकार द्वारा की गई थी।

कांग्रेस की सरकार में सीमाओं पर विस्फोट होते थे किंतु सरकार कोई जवाब नहीं देती।

आज हमारी सीमाएं सुरक्षित हैं किसी भी दुश्मन की हिम्मत नहीं जो पटाखा भी फोड़ सके।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस का घोषणा पत्र खतरनाक मंसूबे वाला है। कांग्रेस हर व्यक्ति की संपत्ति का सर्वे कराकर संपत्ति का विभाजन करने की तैयारी कर रही है साथ ही पिछडी जाति के आरक्षण पर डकैती डालने का भी काम करने जा रही है उसमें से 6 प्रतिशत अल्पसंख्यकों के नाम पर आरक्षण मे हिस्सेदारी करने की तैयारी है।

# कक्षा 8 के छात्र ने फेल होने पर किया सुसाइड

एजेंसी

**मेरठ।** मेरठ लोहियानगर थाना क्षेत्र स्थित के ब्लॉक में 15 वर्ष के एक छात्र ने कक्षा 8 में फेल होने पर सुसाइड कर लिया। छात्र का शव मकान के एक कमरे में मौजूद पंखे पर बंधे कपड़े से लटका हुआ था। सुबह देर तक छात्र कमरे से नहीं निकला जिसके बाद छात्र के परिवार वाले उसे उठाने के लिए कमरे में पहुंचे परिवार वालों ने कमरे का गेट खोल कर देखा तो उनके होश उड़ गए।

जिसके बाद मृतक छात्रा के परिवार वालों में कोहराम मच गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने छात्र के शव को पंखे से उतरवाकर पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और मामले की जांच में जुट गई।

लोहियानगर थाना क्षेत्र स्थित के ब्लॉक का रहने वाला नादिल (15) पुत्र नोफिल 8वीं क्लास में पढ़ता था। पुलिस के अनुसार नादिल 8वीं क्लास में फेल हो गया था।

इसी के चलते वह काफी दिन से गुमसुम रहने लगा था। परिवार वालों के अनुसार नादिल शुक्रवार देर रात खाना खाने के बाद अपने रूम में सोने चला गया शनिवार सुबह 11: 30 बजे भी जब नादिल रूम से बाहर नहीं निकला तो उसे उठाने के लिए पिता नोफिल उसके रूम में पहुंचे नादिल के पिता नोफिल ने जैसे ही रूम का गेट खोला तो उनके होश उड़ गए, क्योंकि बेटा नादिल रूम में मौजूद पंखे पर बंधे कपड़े से लटका हुआ था। जिसके बाद मृतक छात्रा के परिवार वालों में कोहराम मच गया।

# शाहजहांपुर : बालिका से अश्लील हरकत करने वाला वैन चालक गिरफ्तार

**शाहजहांपुर।** उत्तर प्रदेश में शाहजहांपुर जिले के थाना राम चंद्र मिशन क्षेत्र के स्कूल में पढ़ने वाली कक्षा 01 छात्रा को विद्यालय ले जा रहे वैन चालक ने उसके साथ कथित रूप से अश्लील हरकतें की है ,पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा ने शनिवार को यूनीवार्ता को बताया कि शहर के ही एक प्राइवेट विद्यालय में कक्षा एक में पढ़ने वाली छात्रा को स्कूल तक ले जाने वाले वैन चालक ने शुक्रवार को विद्यालय ले जाते समय उसके साथ वैन की अगली सीट पर



बिठाकर अश्लील हरकतें की है। छात्रा जब विद्यालय पहुंची तो उसने यह जानकारी अपनी अध्यापिका को दी।

उन्होंने दर्ज कराई गई रिपोर्ट के हवाले से बताया कि इसके बाद अध्यापिका ने छात्रा को डराया धमकाया कि घटना की जानकारी अपने घर वालों को मत देना। इसके बाद जब छात्रा घर आई तो उसने अपने परिजनों को घटना की जानकारी दी बाद में छात्र के परिजन जब विद्यालय पहुंचे तो विद्यालय प्रबंध तंत्र ने उसे कहा कि हम माफी मंगवा देंगे।

श्री मीणा ने बताया कि पुलिस ने आज सुबह मामला दर्ज कर आरोपी वैन चालक कामरान तथा विद्यालय प्रबंधक खान साहब खाबर के विरुद्ध मामला दर्ज कर कामरान को गिरफ्तार कर आज जेल भेज दिया ।

# नाबालिग को बंधक बनाकर रेप

### गर्म लोहे की रॉड से चेहरे पर 100 बार दागा, 3 दिन तक बांधकर रखा


**लखीमपुर-खीरी।** लखीमपुर खीरी में नाबालिग को बंधक बनाकर युवक ने रेप किया। लोहे की गर्म रॉड से लड़की के चेहरे पर करीब 100 बार दागा। अपना नाम लिखा। उसे 3 दिन तक बंधक बनाकर रखा। लड़की के शादी से इनकार करने के बाद युवक ने यह हैवानियत की।

पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रेप और मारपीट का मामला दर्ज कर लिया है। आरोपी फरार है। पुलिस आज लड़की का मेडिकल कराएगी। मामला धौरहारा क्षेत्र के एक गांव का है।

#### लड़की के परिजनों की शिकायत से नाराज था

धौरहारा क्षेत्र के एक गांव के रहने वाले अमन की गांव की लड़की से दोस्ती थी। दोनों 2-3 साल से एक दूसरे को जानते थे। अमन वहीं कस्बे में सैलून चलाता है। लड़की घर पर ही रहती थी। लड़की के माता-पिता रोजाना मजदूरी के लिए कस्बे में जाते हैं। लड़का पिछले कई दिनों से लड़की पर शादी का दबाव बना रहा था। लड़की हर बार टाल दे रही थी। लड़की ने मिलना-जुलना भी कम कर दिया था।

लड़की ने अपने मां-बाप से भी अमन की शिकायत की थी। लड़कों के परिजनों ने अमन के घर पर इस बात की शिकायत की थी। लेकिन अमन ने



अपने घर वालों की नहीं सुनी। जब लड़की ने अमन से बिल्कुल मिलना बंद कर दिया तो उसने ये कदम उठाया।

#### चिल्लाने पर मुंह में कपड़ा ठूंस दिया

लड़की ने पुलिस को शिकायत दी है। उसने कहा- 19 अप्रैल को मैं अपने घर से सामान लेने के लिए मोहल्ले की दुकान पर गई थी।

तभी अमन वहां आया और रास्ते से मुंह दबाकर मुझे अपने घर घसीट ले गया। घर में उसने मुझसे शादी का दबाव बनाया। लेकिन मैंने मना कर दिया। गुस्से में उसने मुझे पीटना शुरू कर दिया। मेरे हाथ पैर बांधकर मेरे साथ गलत काम किया।

इसके बाद मैंने पुलिस से शिकायत करने की बात कही तो मुझे जान से मारने की धमकी दी। गुस्से में उसने लोहे की रॉड को गर्म किया और मेरे चेहरे पर अपना नाम लिखना शुरू कर दिया। जब मैं चिल्लाने लगी तो मुंह में कपड़ा ठूंस दिया। अमन के घर वाले भी आ गए। वह भी उसका साथ दे रहे थे।

उसने पहले पेन से मेरे गाल पर पूरा नाम लिखा। फिर उसी लिखे पर लोहे की राड से 100 बार दागा। वह कह रहा था कि तुम कहीं मुंह दिखाने लायक नहीं रहोगी। 3 दिन तक वह मुझे अपने घर में बंधक बनाए रहा। जब में छूटकर बाहर आई तो मां-बाप के साथ थाने पहुंची। पहले दिन पुलिस ने भी मेरी सुनवाई नहीं की।

#### मां बोली- 3 दिन तक बेटी की तलाश करती रही

पीड़िता की मां ने पुलिस को बताया, अमन मेरी बेटी को बहुत दिनों से परेशान कर रहा था। हमने उसके घर में शिकायत भी की लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। मेरी बेटी 19 अप्रैल को घर से निकली।

उसके बाद घर नहीं आई। हम उसे तलाश करते रहे। पहले हमें लगा किसी सहेली के घर चली गई होगी।

जब रात तक नहीं आई तो हमने पुलिस को सूचना दी। लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। तीसरे दिन जला चेहरा लिए बेटी अचानक सामने आई। बेटी को देखकर हम बहुत परेशान हो गए। बेटी ने पूरी घटना बताई। तब हम बेटी को लेकर पुलिस के पास पहुंचे।

# बहराइच : चलती कार में अचानक लगी आग

बहराइच। उत्तर प्रदेश में बहराइच जिले के नानपारा कोतवाली क्षेत्र के भवनियापुर रामगढ़ी में शनिवार को दोपहर में चलती कार में अचानक आग लग गई। सूत्रों के अनुसार दुर्गापुर गांव निवासी अतीक अहमद पुत्र अयूब अंसारी कार द्वारा किसी काम से नानपारा शंकरपुर की ओर जा रहे थे। वह भावनियापुर रामगढ़ी पहुंचे थे कि कार के इंजन से धुंआ उठता दिखाई दिया। वह कुछ समझ पाते तब तक आग की लपटे उठने लगी। किसी तरह कूदकर खुद को बाहर निकाला और सूचना दमकल कर्मियों व पुलिस को दी।

मौके पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने आग पर काबू पाया। प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार सिंह ने बताया कि घटना मे कोई हताहत नही हुआ है। चालक अकेला था, वह निजी काम से शंकरपुर जा रहे थे। वाहन को रास्ते से हटवा दिया गया है, आवागमन सामान्य है।

## सरकारी अस्पताल में अल्ट्रासाउंड के नाम पर ठगी

फिरोजाबाद। फिरोजाबाद के शिकोहाबाद के जिला संयुक्त चिकित्सालय में अल्ट्रासाउंड कराने आई महिला से एक कर्मचारी ने 301 रुपये की वसूली कर ली। इससे चिकित्सालय में हंगामा हो गया। महिला के पति ने इसकी लिखित शिकायत सीएमएस से की है। सरकारी अस्पताल में मरीजों का अल्ट्रासाउंड निश्शुल्क करने की व्यवस्था है। चिकित्सालय में अल्ट्रासाउंड की मशीन लंबे समय से है। चिकित्सक न होने से अल्ट्रासाउंड नहीं होते थे।

# बाहुबली धनंजय सिंह को हाईकोर्ट ने दी जमानत

### जौनपुर से बरेली जेल शिफ्ट कर रहे थे, रास्ते में आया फैसला; पत्नी बोली- हत्या का डर

जौनपुर। जौनपुर के पूर्व सांसद धनंजय सिंह को इलाहाबाद हाईकोर्ट ने जमानत दे दी। यह फैसला शनिवार को तब आया, जब जौनपुर पुलिस धनंजय को लेकर बरेली के लिए निकल चुकी थी। रास्ते में ही थे, तभी उनकी जमानत की खबर आ गई।

हालांकि, हाईकोर्ट ने धनंजय सिंह की 7 साल की सजा पर रोक लगाने से इनकार कर दिया। ऐसे में वह खुद चुनाव नहीं लड़ सकते। जौनपुर एमपी-एमएलए कोर्ट ने धनंजय सिंह को 7 साल की सजा सुनाई थी। फैसले के खिलाफ धनंजय ने हाईकोर्ट में अपील दाखिल करते हुए सजा पर रोक लगाने और जमानत की मांग की थी।



हाईकोर्ट के जस्टिस संजय कुमार सिंह की सिंगल बेंच ने यह फैसला सुनाया। 25 अप्रैल को कोर्ट ने इस मामले में बहस पूरी होने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया था। बहस के दौरान पूर्व सांसद के वकील ने कोर्ट से कहा था कि धनंजय सिंह को राजनीतिक साजिश का शिकार बनाया गया है।

#### मेरे पति की हत्या हो सकती है : श्रीकला रेड्डी

धनंजय सिंह की पत्नी और बसपा प्रत्याशी श्रीकला रेड्डी ने जौनपुर में प्रेस कांफ्रेंस की। उन्होंने कहा-मेरे पति की हत्या हो सकती है। मेरे पति के ऊपर जिन लोगों ने एके-47 से जानलेवा हमला किया था। वे लोग सत्ता से सांठ-गांठ करके उनकी हत्या का प्रयास कर सकते हैं। उन्हें किसी और फर्जी मुकदमे में फंसा सकते हैं। क्योंकि, मेरे पति उस मामले में गवाह है, जिनकी गवाही से आरोपियों को सजा होनी तय है। इस दौरान श्रीकला ने किसी का नाम नहीं लिया। उन्होंने कहा कि विपक्ष के लोग डरे हैं। यही वजह रही कि हाईकोर्ट के फैसले तक का इंतजार नहीं किया। मेरे मंगलसूत्र, मेरे सिंदूर, मेरे पति को आज दूसरे जेल में शिफ्ट कर दिया गया। आज मुझे और मेरे बच्चों को जान का खतरा है। हमें सुरक्षा दी जानी चाहिए। श्रीकला रेड्डी ने इस दौरान किसी का नाम नहीं लिया। हाईकोर्ट में धनंजय सिंह के वकील एसपी सिंह ने कहा-धनंजय सिंह चुनाव लड़ना चाहते हैं। इसलिए विरोधियों ने साजिश के तहत उन्हें फंसाया है। पूर्व सांसद की सजा पर रोक लगाने के लिए वह जल्द सुप्रीम कोर्ट जाएंगे।

# कासगंज में विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**कासगंज।** कासगंज में शनिवार को विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। उसका शव ससुराल में फंदे से लटका मिला। विवाहिता की मौत के बाद ससुराल वाले घर छोड़कर फरार हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा। विवाहिता के परिजनों ने ससुराल के लोगों पर हत्या का आरोप लगाकर पुलिस को तहरीर दी है। मामला कोतवाली सहावर क्षेत्र के हंस नगर मोहल्ले का है।

अनीता कोतवाली सहावर क्षेत्र के ही मुहम्मदपुर की रहने वाली थी। भाई मुकेश कुमार के मुताबिक अनीता की शादी ढाई साल पहले अनुज कुमार के साथ हुई थी। उसकी बहन अनीता को ससुराल वाले दहेज के लिए तंग करते थे और मारते पीटते भी थे। उसके पति अनुज और उसके सास-ससुर और ननद ने उसकी हत्या करके शव फांसी पर लटका दिया। इसके बाद घर छोड़कर फरार हो गए।

#### आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास जारी

सहावर थाने के प्रभारी लोकेश भाटी ने बताया भी विवाहिता के भाई मुकेश कुमार ने उसके पति सहित चार लोगों के खिलाफ तहरीर दी है। मामला दर्ज कर आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं।

# बिजनौर में सड़क हादसे में 3 युवकों की मौत

बिजनौर। बिजनौर में शुक्रवार की तेज रफ्तार अज्ञात पिकअप की टक्कर से बाइक सवार तीन युवकों की मौत हो गई। तीन युवकों की मौत से परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों का रो रो-कर बुरा हाल है। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया और कानूनी कार्रवाई में जुट गई। घटना नगीना देहात इलाके की है।

बढ़ापुर थाना क्षेत्र के मोहल्ला नोमी के रहने वाले गौरव कश्यप, उसका साथी प्रिंस कश्यप और वंश पुत्र नरपाल सिंह एक बाइक से नगीना देहात क्षेत्र के एक गांव में शादी में शामिल होने गए थे।

देर रात रहे शादी में शामिल होकर वापस घर लौट रहे थे। इस दौरान नगीना से नजीबाबाद रोड पर रावल खेड़ी रेलवे फाटक जैसे ही इनकी बाइक पहुंची तभी सामने से आ रहे तेज रफ़्तार पिकअप वाहन से उनकी बाइक को टक्कर मार दी।

हादसे में गौरव और प्रिंस की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। जबकि वंश की नाजुक हालत देखते हुए उसे अस्पताल मे भर्ती कराया गया। जहां इलाज के दौरान उसकी भी मौत हो गई।

तीनों की मौत से परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। मौके पर पहुंची पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया।

## गाजीपुर पुलिस ने अन्तर्राज्यीय तस्कर को किया गिरफ्तार

गाजीपुर। गाजीपुर में स्वाट/सर्विलांस व जंगीपुर थाना पुलिस टीम के द्वारा अन्तर्राज्यीय मादक पदार्थ (हेरोइन) की अवैध तस्करी करने वाले एक तस्कर को 525 ग्राम मादक पदार्थ हेरोइन के साथ गिरफ्तार किया गया। जिसकी अन्तर्राष्ट्रीय कीमत लगभग 1 करोड़ बताया जा रहा है। पुलिस गिरफ्तार बदमाश के बाकी नेटवर्क की छानबीन में जुटी हुई है। एसपी ओमवीर सिंह ने बताया कि स्वाट/सर्विलांस व थाना जंगीपुर पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा अन्तर्राज्यीय मादक पदार्थ (हेरोइन) की अवैध तस्करी करने वाले गैंग के सदस्य सैफुद्दीन उर्फ सर्फुद्दीन को मादक पदार्थ के साथ जंगीपुर थाना क्षेत्र के रामपुर से गिरफ्तार किया गया।

# ललितपुर में टीचर ने दो बहनों से किया रेप

**ललितपुर।** ललितपुर में एक कोचिंग टीचर ने घर पर ट्यूशन पढ़ने आने वाली दो सगी नाबालिग बहनों के साथ 12 दिन में कई बार रेप किया। किसी को बताने पर माता-पिता को जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित बहनों ने टीवी पर आने वाले क्राइम कंट्रोल सीरियल को देखा तो उनमें हिम्मत आई और उन्होंने परिजनों को आपबीती सुनाई, जिसके बाद परिजन कोतवाली पहुंचे और रिपोर्ट दर्ज कराई।

पुलिस ने आरोपी को शनिवार को गिरफ्तार कर लिया। कोतवाली सदर क्षेत्र एक मोहल्ला निवासी महिला ने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि उसकी 11 साल बेटी और 5 साल की बेटी मोहल्ले में ट्यूशन पढ़ने के लिए मोहल्ले के एक टीचर के घर जाती थी। टीचर ने 15 अप्रैल से दोनों बेटियों के साथ कई बार अश्लील हरकतें करते हुए रेप



किया। घर पर बताने पर माता पिता को जान से मारने की धमकी दी। वारदात के बाद से दोनों बेटियां डरी-सहमी थीं। 26 अप्रैल को जब उन्होंने टीवी पर क्राइम कंट्रोल सीरियल देखा तो उनमें हिम्मत आई। सीरियल में बताया गया कि कोई भी व्यक्ति कुछ गलत काम करे, तो इसकी जानकारी तत्काल माता पिता को दें।

इसके बाद दोनों बहनों ने अपना माता पिता को शुक्रवार को आपबीती सुनाई। जिसके बाद परिजन कोतवाली पहुंचे और तहरीर दी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली। शनिवार को कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अपराध जनार्दन यादव ने शनिवार की सुबह तुवन चौराहे के आगे गिरजाघर वाले मार्ग से आरोपी अनिल को गिरफ्तार कर लिया।

आरोपी को न्यायालय में पेश किया जा रहा है। वहीं पीड़ित बहनों को मेडिकल परीक्षण कराया जा रहा है। सीओ सिटी अभय नारायण राय ने बताया कि दो नाबालिग के साथ रेप करने वाले आरोपी पर मामला दर्ज गिरफ्तार कर लिया गया है।

# शार्ट न्यूज

## बैंक एजेंटों पर आरबीआई की नकेल

मुंबई। आरबीआई ने बैंकों पर और नकेल कसी है। बैंकों के एजेंटों के रूप में काम करने वाले कर्ज सेवा प्रदाताओं यानी एलएसपी को उपलब्ध सभी लोन ऑफर्स की जानकारी कर्ज लेने वाले ग्राहकों को देनी चाहिए, ताकि वे सही फैसले ले सकें। कई एलएसपी कर्ज उत्पादों के लिए एकत्रीकरण सेवाएं प्रदान करते हैं। आरबीआई ने मसौदा पर 31 मई तक हितधारकों से राय मांगी है। इसमें कहा गया है कि ऐसे व्यक्तियों को उधार देना जो कर्जदाता के निर्णय को नियंत्रित करने या प्रभावित करने की स्थिति में हैं, चिंता का विषय हो सकता है, यदि ऋणदाता ऐसे उधारकर्ताओं से दूरी नहीं रखता है। इसमें कहा गया है कि इस तरह के उधार में नैतिक खतरे शामिल हो सकते हैं। इससे मूल्य निर्धारण और ऋण प्रबंधन में समझौता होने की आशंका है। मसौदे में प्रस्ताव है कि एलएसपी जिन भी बैंक या वित्तीय संस्थान के साथ काम कर रहा है, उधारकर्ता की जरूरतों के अनुसार उपलब्ध सभी लोन ऑफर्स को डिजिटल तरीके से मुहैया कराया जाना चाहिए। इसमें लोन ऑफर्स वाले संस्थान का नाम, कर्ज की रकम और अवधि, वार्षिक ब्याज और अन्य नियम एवं शर्तें शामिल हों।

## जीडीपी वृद्धि 6.6 प्रतिशत रहने का अनुमान

खपत व्यय बढ़ने से भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर चालू वित्त वर्ष 2024-25 (वित्त वर्ष 2025) में 6.6 प्रतिशत रहने की संभावना है। डेलॉयट इंडिया की ओर से शुक्रवार को जारी रिपोर्ट में यह सामने आया है। डेलॉयट इंडिया ने भारत की तिमाही आर्थिक परिदृश्य रिपोर्ट में वित्त वर्ष 2024 के लिए भी भारत की जीडीपी वृद्धि का अनुमान बढ़ाकर 7.6 से 7.8 प्रतिशत कर दिया है, जबकि जनवरी की रिपोर्ट में 6.9 से 7.2 प्रतिशत के बीच वृद्धि का अनुमान लगाया था। परामर्श एजेंसी ने कहा है कि भारत में मध्य आय वर्ग के लोगों की संख्या में तेज वृद्धि से क्रय शक्ति बढ़ी है और इससे प्रीमियम लग्जरी उत्पादों व सेवाओं की मांग पैदा हुई है। महामारी के बाद उपभोक्ताओं के व्यय में उतार चढ़ाव रहा है, लेकिन खपत के तरीके में बदलाव साफ नजर आ रहा है। भारत में लग्जरी और महंगे उत्पादों व सेवाओं की मांग, बुनियादी जरूरत की चीजों की तुलना में बहुत तेजी से बढ़ रही है। इसमें कहा गया है, '2030-31 तक भारत में हर दो परिवार में से एक परिवार मध्य से उच्च आय वर्ग की श्रेणी में आ जाएगा। अभी हर 4 परिवार में से एक परिवार इस श्रेणी में आता है। हमारा मानना है कि यह धारणा आगे चलकर और मजबूत होगी और इससे कुल मिलाकर निजी उपभोक्ता व्यय वृद्धि में तेजी आएगी।'

## महिंद्रा लाइफस्पेस का मुनाफा मामूली गिरकर 98 करोड़ रुपये हुआ

महिंद्रा समूह की रियल एस्टेट और बुनियादी ढांचा विकास इकाई महिंद्रा लाइफस्पेस डेवलपर्स लिमिटेड का एकीकृत शुद्ध लाभ बीते वित्त वर्ष (2023-24) में मामूली घटकर 97.89 लाख रुपये रहा है। वित्त वर्ष 2022-23 में कंपनी का शुद्ध लाभ 101.43 करोड़ रुपये रहा था। शेयर बाजार को दी जानकारी के अनुसार, कंपनी की कुल आमदनी बीते वित्त वर्ष में घटकर 279.12 करोड़ रुपये रह गई, जो वित्त वर्ष 2022-23 में 659.56 करोड़ रुपये थी। बीते वित्त वर्ष की मार्च तिमाही में कंपनी का एकीकृत शुद्ध लाभ बढ़कर 71.15 करोड़ रुपये हो गया, जो मार्च, 2023 तिमाही में सिर्फ 55 लाख रुपये था। कंपनी की कुल आमदनी मार्च तिमाही में घटकर 54.60 करोड़ रुपये रह गई, जो मार्च, 2023 तिमाही में 270.26 करोड़ रुपये थी। महिंद्रा लाइफस्पेस के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी अमित सिन्हा ने कहा, पूरे बीते वित्त वर्ष में बिक्री हमारी अब तक की सर्वाधिक वार्षिक बिक्री रही है।

## 7.1 से 7.4 प्रतिशत के बीच रहेगी भारत की वृद्धि दर

नैशनल इंस्टीट्यूट ऑफ पब्लिक फाइनैंस ऐंड पॉलिसी (एनआईपीएफपी) के मुताबिक सरकार द्वारा सार्वजनिक संपत्तियों में निवेश व ज्यादा पूंजीगत व्यय (कैपेक्स) के कारण चालू वित्त वर्ष में भारत की अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर 7.1 से 7.4 प्रतिशत के बीच रहने की संभावना है। शुक्रवार को जारी व्यापक आर्थिक समीक्षा में सरकार की संस्था ने कहा है कि निजी क्षेत्र के निवेश को गति पकड़ना अभी बाकी है, सरकार के पूंजीगत व्यय में कोविड महामारी के दौरान किए गए भारी पूंजीत व्यय और उसके बाद व्यय जारी रखे जाने से जीडीपी वृद्धि का अनुमान बढ़ाया गया है। हालांकि एनआईपीएफपी की समीक्षा में कहा गया है कि सरकार के खपत व्यय में कमी और निजी खपत में सुस्ती के कारण वृद्धि कम रहने का जोखिम भी है।

## बौद्धिक संपदा निगरानी सूची में भारत बरकरार

अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि ने भारत को 'प्राथमिकता निगरानी सूची' में बरकरार रखा है। यूएसटीआर का कहना है कि भारत बौद्धिक संपदा (आईपी) अधिकारों की सुरक्षा और उसे लागू करने के मामले में दुनिया के 'सबसे चुनौतीपूर्ण' देशों में से एक बना हुआ है और पेटेंट से जुड़े मुद्दे विशेष चिंता का विषय बने हुए हैं। छह देश चीन, रूस, इंडोनेशिया, चिली, अर्जेंटीना, वेनेजुएला भी इस सूची में बने हुए हैं। भारत अमेरिका व्यापार नीति मंच (टीपीएफ) की जनवरी में हुई 14वीं मंत्रिस्तरीय बैठक में भारत द्वारा पेटेंट व्यवस्था को आधुनिक बनाने की कवायदों पर चर्चा हुई और पेटेंट, कॉपीराइट और ट्रेडमार्क जैसे मसलों पर चर्चा की गई थी। हालांकि इसमें यह भी कहा गया है कि भारत ने पेटेंट नियम, 2024 को अंतिम रूप दे दिया है, जिसमें पेटेंट आवेदकों के दीर्घावधि से लंबित बोझ कम होने की संभावना है। संशोधनों में पूर्व-अनुदान विरोधों के लिए प्रक्रियाओं में बदलाव, पेटेंट कार्य के लिए रिपोर्टिंग फॉर्म को अद्यतन करना और विदेशी आवेदनों की रिपोर्टिंग के लिए रिपोर्टिंग समय में कमी शामिल होगी। बौद्धिक संपदा संरक्षण और प्रवर्तन की वैश्विक स्थिति की सालाना समीक्षा की स्पेशल 301 रिपोर्ट में यूएसटीआर ने कहा, 'अमेरिका फॉर्म 27 सहित इसे लागू करने की स्थिति की निगरानी करेगा। साथ ही भारत को इन पर आगे बढ़ना जारी रखने व अन्य सुधार संबंधी कवायदों के लिए प्रोत्साहित करेगा, जिससे कि पेटेंट के आवेदन लंबित रहने की अवधि में कमी आए और सभी यूजर्स के लिए पेटेंट व्यवस्था में सुधार हो।'

# शक्कर में उठाव, खाद्य तेलों में नरमी, दलहन मजबूत, दाल में गिरावट, चावल सामान्य

इंदौर। सियागंज किराना बाजार में शक्कर में उठाव रहा। खोपरा बूरा महंगा बिका।
खाद्य तेलों में भाव नरमी का रूझान लिए बताए गए। कारोबार में सोयाबीन रिफाइंड सस्ता बिका। तिलहन में पूछपरख रही। दलहनों में स्थिरता दर्ज की गई। दाल कम हुई। चावल में लिवाली रही।

### किराना बाजार

सियागंज किराना बाजार में शक्कर में पूछपरख से भाव बने रहे। शक्कर में 04 गाड़ी की आवक हुई। खोपरा गोला लिवाली से स्थिर रहा। साबूदाना में साधारण बताई गई। खोपरा बूरा महंगा बिका।

### तेल-तिलहन

खाद्य तेलों में नरमी दर्ज की गई। सोयाबीन रिफाइंड सस्ता होकर बिका। आने वाले दिनों में खाद्य तेलों में लिवाली सुधार की संभावना है। तिलहनों में कामकाज पूर्व स्तर पर थमा रहा।

### दाल-दलहन

दलहन मिश्रित रंगत लिए बताए गए। दालों में पूछपरख सुस्ती के चलते भाव गिरावट लिए रहे। चावल में उठाव साधारण बताया गया।

### किराना

शक्कर 3960 से 4000 रुपये प्रति क्विंटल। खोपरा गोला 114 से 125 रुपये प्रति किलोग्राम। खोपरा बूरा 2500 से 4800 रुपये प्रति 15 किलोग्राम। हल्दी खडी 220 से 285 रुपये प्रति किलोग्राम। साबूदाना 6200 से 6800, पैकिंग में 7100 से 7200 रुपये प्रति क्विंटल।

### तिलहन

सरसों निमाड़ी 5200 से 5850, सोयाबीन 4600 से 4650 रुपये प्रति क्विंटल।

### तेल

मूंगफली तेल इंदौर 1490 से 1500, सोयाबीन रिफाइंड इंदौर 920 से 925, साल्वेंट 875 से 880, पाम तेल 980 से 985 रुपये प्रति 10 किलो।

### दलहन

चना (कांटा) 6400 से 6450, चना विशाल 6000 से 6300, मसूर 6000 से 6050, तुअर निमाड़ी 9800 से 11200, तुअर सफेद (महाराष्ट्र) 11500 से 11700, तुअर (कर्नाटक) 11600 से 11800, मूंग 8500 से 8700, मूंग हल्की 7000 से 8000, उड़द 8800 से 9200, उड़द हल्की 3000 से 5000 रुपये प्रति क्विंटल।

### दाल

चना दाल 8000 से 8500, तुअर दाल सवा नंबर 15000 से 15100, तुअर दाल फूल 16000 से 16100, तुअर दाल बोल्ड 16900 से 17000, आयातित तुअर दाल 14000 से 14100, मसूर दाल 7100 से 7400, मूंग दाल 10300 से 10600, मूंग मोगर 11300 से 11600, उड़द दाल 11400 से 11700, उड़द मोगर 11800 से 12000 रुपये प्रति क्विंटल।

### चावल-पोहा

बासमती 11500 से 12500, तिबार 10000 से 11000, दुबार 8500 से 9500, मिनी दुबार 7500 से 8500, मोगरा 4500 से 7000, बासमती सैला 7000 से 9500, कालीमूंछ 8000 से 8500, राजभोग 6500 से 7500, दूबराज 4000 से 4500, परमल 2800 से 3000, हंसा सैला 2900 से 3100, हंसा सफेद 2500 से 2700, पोहा 4300 से 4800 रुपये प्रति क्विंटल।

# चुनिंदा दालों और खाद्य तेलों में घटबढ़

नयी दिल्ली। स्थानीय स्तर पर आवक सुस्त रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में चुनिंदा खाद्य तेलों और दाल दलहन की कीमतों में घटबढ़ दर्ज की गयी जबकि अनाज और मीठे के बाजार में टिकाव देखा गया।

तेल-तिलहन : इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में मिश्रित रूख रहा। सरसों तेल 367 रुपये प्रति क्विंटल, सोया रिफाइंड 480 रुपये प्रति क्विंटल और वनस्पति तेल 266 रुपये प्रति क्विंटल चढ़ गया जबकि मूंगफली तेल 293 रुपये प्रति क्विंटल और सूरजमुखी तेल 294 रुपये प्रति क्विंटल उतर गया। पाम आयल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

गुड़-चीनी : मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले दिवस के स्तर पर पड़े रहे।



दाल-दलहन : दाल-दलहन बाजार में चुनिंदा दालों में तेजी रही। इस दौरान चना 100 रुपये, दाल चना 100 रुपये, मूंग दाल 200 रुपये और उड़द दाल 400 रुपये प्रति क्विंटल उबल गयी जबकि अरहर दाल और मसूर दाल में कोई बदलाव नहीं हुआ और वे पिछले स्तर पर पड़ी रही।

अनाज : अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के दाम में कोई बदलाव नहीं हुआ।

### सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे

दाल-दलहन : चना 6200-6300, दाल चना 7200-7300, मसूर काली 7550-7650, मूंग दाल 10200-10300, उड़द दाल 11400-11500, अरहर दाल 12000-12100 रुपये प्रति क्विंटल रहे।

अनाज : (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2600-2700 रुपये और चावल 2800-2900 रुपये प्रति क्विंटल रहा।

चीनी-गुड़ : चीनी एस 3740-3840, चीनी एम. 4000-4100, मिल डिलीवरी 3620-3720 और गुड़ 4400-4500 रुपये प्रति क्विंटल बोले गये।

खाद्य तेल : सरसों तेल 12967 रुपये, मूंगफली तेल 19780 रुपये, सूरजमुखी तेल 12160 रुपये, सोया रिफाइंड 11721 रुपये, पाम ऑयल 8400 रुपये और वनस्पति तेल 10666 रुपये प्रति क्विंटल पर रहा है।

# आईसीआईसीआई बैंक का मुनाफा 17 प्रतिशत बढ़ा

मुंबई। निजी क्षेत्र के सबसे बड़े बैंक आईसीआईसीआई बैंक ने वित्त वर्ष 2023-24 की अंतिम तिमाही में 10707.53 करोड़ रुपये का मुनाफा कमाया है जो पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि के 9122 करोड़ रुपये की तुलना में 17 प्रतिशत अधिक है।

बैंक ने शेयर बाजार को सूचित किया कि मार्च 2024 को समाप्त इस तिमाही में उसकी शुद्ध ब्याज आय 19093 करोड़ रुपये रही जो मार्च 2023 में समाप्त तिमाही के 17667 करोड़ रुपये की आय की तुलना में 8 प्रतिशत अधिक है।

उसने कहा कि इस तिमाही में उसका सकल एनपीए 2.16 प्रतिशत रहा है जबकि वित्त वर्ष 2022-23 की अंतिम तिमाही में यह 2.81 प्रतिशत रहा था। इसी तरह से शुद्ध एनपीए मार्च 2023 की तिमाही के 0.48 प्रतिशत से घटकर 0.42 प्रतिशत पर आ गया।

बैंक के निदेशक मंडल ने मार्च 2024 में समाप्त वित्त वर्ष के लिए 10 रुपये प्रति शेयर लाभांश देने का प्रस्ताव किया है जो वार्षिक आम बैठक में अनुमोदन पर निर्भर करता है।

# सब्जियों की ऊंची कीमतों से जून तक नहीं मिलेगी राहत


नई दिल्ली। महंगाई को घटाने और बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाली सब्जियों की ऊंची कीमतों से जून, 2024 तक राहत मिलने की उम्मीद नहीं है। इसकी प्रमुख वजह है...तापमान का सामान्य से अधिक रहना, जो सब्जी उत्पादकों और उपभोक्ताओं के लिए चुनौतियां बढ़ा रहा है। क्रिसिल की रिपोर्ट के मुताबिक, मौसम के अनियमित पैटर्न और पर्यावरण संबंधी अन्य कारक सब्जियों की कीमतों को प्रभावित कर रहे हैं। इनकी जल्द खराब होने की प्रवृत्ति भी बफर स्टॉक बनाने और आयात जैसे विभिन्न उपायों के जरिये कीमतों को नीचे लाने के प्रयास को सीमित कर रही हैं। इसके अलावा, देश में कोल्ड स्टोरेज जैसी पर्याप्त बुनियादी ढांचा सुविधाएं नहीं होने से कीमतों को स्थिर करने के प्रयास और जटिल होते जा रहे हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि 2023-24 में खाद्य महंगाई बढ़ाने में सब्जियों का करीब 30 फीसदी योगदान था। यह उनकी 15.5 फीसदी की सामान्य हिस्सेदारी से ज्यादा है। भारत जलवायु दृष्टि से सर्वाधिक प्रभावित होने वाला देश है। लू, बाढ़ और तूफान जैसे मौमसी कारकों से सब्जियों के उत्पादन एवं कीमतों के मोर्चे पर जोखिम बढ़ रहा है।

# छह देशों को 99,150 टन प्याज के निर्यात की अनुमति

नयी दिल्ली। सरकार ने बंगलादेश और पश्चिम एशिया के कुछ देशों सहित छह पड़ोसी देशों को 99,150 टन प्याज के निर्यात की अनुमति दी है।

गौरतलब है कि वर्ष 2022-23 की तुलना में वित्त वर्ष 2023-24 में खरीफ और रबी फसलों कम अनुमान के मद्देनजर पर्याप्त घरेलू उपलब्धता सुनिश्चित करने और अंतरराष्ट्रीय बाजार में मांग बढ़ने पर प्याज के निर्यात पर प्रतिबंध लगाया गया है।

केंद्रीय उपभोक्ता, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मामलों के मंत्रालय ने शनिवार को एक बयान में बताया कि पड़ोसी छह देश बंगलादेश, संयुक्त अरब अमीरात, भूटान, बहरीन, मॉरीशस और श्रीलंका को 99,150 टन प्याज का निर्यात की अनुमति दी गई है। इन देशों को केंद्रीय एजेंसी नेशनल कोऑपरेटिव एक्सपोर्ट्स लिमिटेड (एनसीईएल) ई-प्लेटफॉर्म के माध्यम से प्याज का निर्यात कराएगी। इसके साथ ही सरकार ने मध्य-पूर्व और कुछ यूरोपीय देशों के निर्यात बाजारों के लिए विशेष रूप से उगाए गए 2000 टन सफेद प्याज का निर्यात करने की भी अनुमति दी है।



केंद्रीय एजेंसियां एनसीसीएफ और नफेड स्टोर-योग्य प्याज की खरीद शुरू करने के लिए खरीद, भंडारण और किसानों के पंजीकरण का समर्थन करने के लिए एफपीओ/एफपीसी/पीएसी जैसी स्थानीय एजेंसियों को जोड़ रही हैं।

मंत्रालय के मुताबिक एनसीईएल द्वारा निर्यात की जाने वाली प्याज मुख्यतः महाराष्ट्र से आती है जो देश में प्याज का सबसे बड़ा उत्पादक राज्य है।

सरकार ने उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय की मूल्य स्थिरीकरण कोष योजना के अंतर्गत रबी सीजन-2024 में प्याज के बफर स्टॉक के लिए इस वर्ष पांच लाख टन प्याज खरीदने का लक्ष्य तय किया है।

# भारत और ताइवान ने डब्ल्यूटीओ की इकाई से आईसीटी आयात शुल्क विवाद पर फैसला टालने को कहा

नई दिल्ली। भारत और चीनी ताइपे (ताइवान) ने विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) के विवाद निपटान निकाय से 26 जुलाई तक कुछ सूचना और प्रौद्योगिकी उत्पादों पर नयी दिल्ली के आयात शुल्क के खिलाफ कोई फैसला नहीं लेने को कहा है क्योंकि 'दोनों पक्ष मामले को सुलझाने में लगे हुए हैं।' एक अधिकारी ने यह बात कही।

यह मुद्दा 26 अप्रैल को जिनेवा में विवाद निपटान निकाय (डीएसबी) की बैठक के दौरान उठा। जिनेवा स्थित अधिकारी ने कहा कि बैठक में दोनों देशों ने विवादों के समाधान को सुविधाजनक बनाने में मदद के लिए डीएसबी को 26 जुलाई, 2024 तक विवाद पैनल की रिपोर्टों पर विचार नहीं करने के लिए कहा है। उन्होंने बताया कि निकाय इस पर सहमत हो गया है।

इससे पहले भी डीएसबी ने रिपोर्टों पर विचार करने में देरी के लिए भारत और चीनी ताइपे के तीन पिछले अनुरोधों पर सहमति व्यक्त की थी। डब्ल्यूटीओ के नियमों के अनुसार, आदेश जारी होने के 60 दिनों के भीतर पैनल के फैसले को डीएसबी द्वारा कार्यान्वयन के लिए अपनाना होगा। हालांकि, दोनों देश परस्पर निर्णय को अपनाने में देरी के लिए डीएसबी से अनुरोध कर सकते हैं।

डब्ल्यूटीओ के एक विवाद पैनल ने 17 अप्रैल, 2023 को अपनी रिपोर्ट में कहा कि कुछ सूचना और प्रौद्योगिकी उत्पादों पर भारत द्वारा लगाया गया आयात शुल्क वैश्विक व्यापार मानदंडों का उल्लंघन है। डब्ल्यूटीओ में इन शुल्कों के खिलाफ यूरोपीय संघ, जापान और ताइवान द्वारा दायर एक मामले के बाद यह फैसला आया।

चीनी ताइपे ने मई, 2019 में सेलुलर नेटवर्क के लिए टेलीफोन सहित कुछ इलेक्ट्रॉनिक सामानों पर लगाए गए आयात शुल्क को लेकर डब्ल्यूटीओ में भारत के खिलाफ मामला दायर किया था।

इन वस्तुओं में आवाज, छवियों या अन्य डेटा के स्वागत, रूपांतरण और प्रसारण या पुनर्जनन के लिए मशीनें; और टेलीफोन सेट के हिस्से शामिल हैं।

# अमेरिकी नियामक ने रिपब्लिक फर्स्ट बैंक की संपत्ति जब्त की

नई दिल्ली। अमेरिकी नियामक एफडीआईसी ने रिपब्लिक फर्स्ट बैनकॉर्प की संपत्तियों को जब्त कर लिया है और इसे फुल्टन बैंक को बेचने पर सहमति व्यक्त की है। नियामक ने शुक्रवार को इसकी जानकारी दी। फिलाडेल्फिया स्थित रिपब्लिक फर्स्ट बैंक ने निवेशकों के एक समूह के साथ फंडिंग की वार्ता बंद कर दी थी, जिसके बाद पेंसिल्वेनिया डिपार्टमेंट ऑफ बैंकिंग एंड सिक्योरिटीज द्वारा इसे जब्त कर लिया गया। रिसीवर के रूप में नियुक्त एफडीआईसी ने कहा कि फुल्टन फाइनेंशियल कॉर्प की एक इकाई फुल्टन बैंक, पर्याप्त रूप से बैंक की सभी डिपॉजिट का ग्रहण करेगी और जमाकर्ताओं की सुरक्षा के लिए रिपब्लिक बैंक की सभी संपत्तियों को खरीदेगी। रिपब्लिक बैंक के पास 31 जनवरी, 2024 तक कुल संपत्ति में लगभग 6 अरब डॉलर और कुल जमा राशि में 4 अरब डॉलर थे। एफडीआईसी के अनुसार न्यू जर्सी, पेंसिल्वेनिया और न्यूयॉर्क में रिपब्लिक फर्स्ट बैंक की 32 शाखाएं शनिवार या सोमवार को व्यावसायिक घंटों के दौरान फुल्टन बैंक की शाखाओं के रूप में फिर से खुलेंगी।

# मसाला विवाद पर अमेरिकी खाद्य नियामक भी सतर्क

नई दिल्ली। अमेरिकी खाद्य और औषधि प्रशासन (एफडीए) भारतीय मसाला निर्माताओं एमडीएच और एवरेस्ट के उत्पादों से जुड़ी जानकारी इकट्ठा कर रहा है। यह कार्रवाई हांगकांग की ओर से कथित तौर पर कैंसर पैदा करने वाले कीटनाशक का उच्च स्तर पर मिलने पर कुछ उत्पादों की बिक्री रोकने के बाद की जा रही है। मीडिया रिपोर्ट्स ये दावे किए गए हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार एफडीए के एक प्रवक्ता ने शुक्रवार को रॉयटर्स को बताया, एफडीए रिपोर्टों से अवगत है और स्थिति के बारे में अतिरिक्त जानकारी एकत्र कर रहा है। हांगकांग ने इस महीने एमडीएच के तीन मसाले और एवरेस्ट की फिश करी की बिक्री को रोक दिया था। सिंगापुर ने भी एवरेस्ट मसालों को बाजार से वापस मंगाने का आदेश देते दिया था। उनकी ओर से कहा गया था कि इनमें एथिलीन ऑक्साइड का उच्च स्तर है, जो मानव उपयोग के लिए अयोग्य है और लंबे समय तक संपर्क में रहने पर इससे कैंसर हो सकता है।




इस मामले में एमडीएच और एवरेस्ट की ओर से रॉयटर्स के सवालों का फिलहाल जवाब नहीं दिया गया है। इससे पहले एवरेस्ट ने कहा था कि उसके मसाले खाने के लिए सुरक्षित हैं। एमडीएच ने अब तक कोई जवाब नहीं दिया है। एमडीएच और एवरेस्टभारत में मसालों के लोकप्रिय ब्रांड हैं और यूरोप, एशिया और उत्तरी अमेरिका में भी बेचे जाते हैं।

# मानसून के बाद खाद्य पदार्थों की कीमतों में आएगी नरमी

नई दिल्ली। वित्त मंत्रालय ने हाल ही जारी अपनी मासिक आर्थिक समीक्षा में बताया है कि सरकार को मानसून के बाद खाद्य पदार्थों की कीमतों में कमी आने की उम्मीद है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) की ओर से इस बार सामान्य से अधिक मानसून का अनुमान जताना इसका कारण है। रिपोर्ट में कहा गया है कि सामान्य से अधिक बारिश से फसलों का अधिक उत्पादन होगा। वित्त मंत्रालय ने मासिक आर्थिक समीक्षा में कहा, खाद्य कीमतों में और नरमी आने वाली है क्योंकि आईएमडी ने मानसून के मौसम के दौरान सामान्य से अधिक बारिश की भविष्यवाणी की है। इससे वर्षा जल का बेहतर वितरण और उच्च उत्पादन होने की संभावना है।

### मार्च महीने में खाद्य मुद्रास्फीति 8.5 प्रतिशत रही

भारत में खाद्य मुद्रास्फीति फरवरी के 8.7 प्रतिशत से घटकर मार्च में 8.5 प्रतिशत रह गई है। खाद्य मुद्रास्फीति का उच्च स्तर मुख्य रूप से सब्जियों और दालों की बढ़ी कीमतों के कारण है।

सरकार ने कीमतों पर अंकुश लगाने के उपाय किए हैं। जमाखोरी रोकने के लिए स्टॉक सीमा तय करना, प्रमुख खाद्य पदार्थों के बफर को मजबूत करना और समय-समय पर उसे खुले बाजार को जारी करना शामिल है।

### ब्राजील और अर्जेंटीना से दालों की खरीद के लिए चल रही बातचीत

सरकार ने आवश्यक खाद्य वस्तुओं के आयात को आसान बनाया है। इसके अलावे नामित खुदरा दुकानों के माध्यम से आपूर्ति को सुव्यवस्थित किया गया है।

सरकारी सूत्रों ने एएनआई को बताया कि सरकार दालों के आयात के दीर्घकालिक अनुबंध के लिए ब्राजील और अर्जेंटीना जैसे नए बाजारों के साथ बातचीत कर रही है। ब्राजील से 20,000 टन उड़द का आयात किया जाएगा और अर्जेंटीना से अरहर आयात करने के लिए बातचीत लगभग अंतिम चरण में है। सरकार ने दालों के आयात के लिए मोजाम्बिक, तंजानिया और म्यांमार से भी अनुबंध किया है। सब्जियों के संबंध में, क्रिसिल की हालिया रिपोर्ट भी बताती है कि, सब्जियों की कीमतें जून के बाद कम हो जाएंगी।

### आईएमडी ने 2024 में सामान्य से अधिक मानसून की भविष्यवाणी की है

रिपोर्ट में कहा गया है, आईएमडी ने 2024 में सामान्य से अधिक दक्षिण-पश्चिम मानसून की भविष्यवाणी की है। यह सब्जियों की कीमतों के लिए अच्छा है, लेकिन मानसून का वितरण भी महत्वपूर्ण है। आईएमडी को जून तक सामान्य से अधिक तापमान की उम्मीद है, जिससे अगले कुछ महीनों तक सब्जियों की कीमतें बढ़ सकती हैं।

### आरबीआई की एमपीसी ने खाने-पीने के चीजों की बढ़ती कीमतों पर जताई थी चिंता

इससे पहले आरबीआई की मौद्रिक नीति समिति ने खाद्य पदार्थों की बढ़ती कीमतों पर चिंता जताई थी। हालांकि एमपीसी ने कहा रबी की रिकॉर्ड फसल अनाज की कीमतों को कम करने में मदद करेगी। एमपीसी ने कहा कि मौसम मौसम की अनिश्चतता से जुड़ी घटनाएं खाद्य पदार्थों की कीमतों के लिए झटका साबित होती हैं। इस पर भू-राजनीतिक तनाव और तेल की कीमतों का भी असर पड़ता है। एमपीसी के अनुसार हालांकि इस साल आईएमडी के सामान्य से अधिक मानसून की भविष्यवाणी से शुरुआती चरण में खरीफ फसल की संभावनाएं भी बेहतर दिख रही हैं। उच्च खाद्य मुद्रास्फीति दुनिया की कई प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं के लिए एक चुनौती बनी हुई है। उदाहरण के लिए, जर्मनी, इटली, दक्षिण अफ्रीका, फ्रांस और ब्रिटेन जैसे देश खाद्य पदार्थों की बढ़ती कीमतों का सामना कर रहे हैं।

इस वर्ष मार्च में सब्जियों की महंगाई दर फरवरी महीन के 30 प्रतिशत से घटकर 28.3 प्रतिशत रह गई है, पर यह पिछले साल के 8.4 प्रतिशत की अपस्फीति की तुलना में बहुत अधिक है।

## शार्ट न्यूज

### 16वीं सब जूनियर बॉयज एंड गर्ल्स नेशनल रोल बाल चैंपियनशिप शुरू



देहरादून। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को देहरादून के परेड ग्राउंड स्थित बहुउद्देशीय हॉल में रोल बाल फेडरेशन ऑफ़ इंडिया द्वारा आयोजित 16वीं सब जूनियर (अंडर-14) बॉयज एंड गर्ल्स नेशनल रोल बाल चैंपियनशिप में प्रतिभाग करने वाले खिलाड़ियों का उत्साहवर्द्धन किया। धामी ने उत्तराखंड तथा हिमाचल के मध्य आयोजित मैच का आनंद लिया तथा खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। इससे पहले उन्होंने सभी खिलाड़ियों का परिचय लिया तथा खेल के क्षेत्र में देश व प्रदेश का नाम रोशन करने का आह्वान किया। इस अवसर पर, नेशनल रोल बाल चैंपियनशिप के प्रेसिडेंट पंकज भारद्वाज, सेकेट्री चिरतानजी नेगी, अमित भाटिया, आशीष नेगी, डॉ. वरुण प्रताप सिंह, प्रियांक शर्मा, प्रमोद कुमार सहित बड़ी संख्या में खेल प्रेमी मौजूद रहे।

### पीजीडीएवी कॉलेज ने जाकिर हुसैन कॉलेज को 233 रनों से हराया

नयी दिल्ली। श्रेष्ठ यादव के तूफानी शतक और उसके बाद घातक गेंदबाजी की बदौलत पीजीडीएवी(प्रात:) कॉलेज ने द्वितीय स्वामी दयानंद सरस्वती डे-नाइट टी-20 इंटर कॉलेज क्रिकेट टूर्नामेंट में जाकिर हुसैन कॉलेज को 233 रनों से रौंद दिया। जाकिर हुसैन कॉलेज ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए पीजीडीएवी (प्रात:) कॉलेज ने 2 विकेट पर 272 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। पीजीडीएवी कॉलेज की ओर से श्रेष्ठ पी. यादव ने सिर्फ 70 गेंदों में 172 रनों की शतकीय पारी खेली। 273 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी जाकिर हुसैन कॉलेज की टीम को पीजीडीएवी कॉलेज के गेंदबाजों ने 7.2 ओवर में 39 रन ढ़ेरकर मुकाबला जीत लिया। पीजीडीएवी कॉलेज की ओर से गौरव मेहरा ने 7 रन देकर 3 विकेट लिए। पीजीडीएवी (प्रात:) कॉलेज के श्रेष्ठ पी. यादव को प्रमोद सेठी, कुलवीर गहलोत और विपिन त्यागी द्वारा प्लेयर ऑफ द ? मैच से नवाजा गया।

### हार्दिक पांड्या को ज्यादा तवज्जो देने की जरुरत नहीं : इरफान पठान

मुबंई। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व सदस्य इरफान पठान का मानना है कि भारतीय टीम को हार्दिक पांड्या को इतना महत्व नहीं देना चाहिए। स्टार स्पोर्ट्स प्रेस रूम शो, टिकट टू वर्ल्ड कप में पठान ने कहा हार्दिक पंड्या के बारे में मैं जो महसूस करता हूं वह यह है कि भारतीय क्रिकेट को यह स्पष्ट करने की जरूरत है कि उन्हें उसे उतनी प्राथमिकता नहीं देनी चाहिए जितनी उन्होंने अब तक दी है, क्योंकि हमने अभी भी विश्व कप नहीं जीता है और अगर आपको लगता है कि आप एक प्राथमिक ऑलराउंडर हैं, तो आपको अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उस तरह का प्रभाव डालना होगा। जहां तक ? ?ऑलराउंडर की बात है तो उसने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उतना प्रभाव नहीं डाला है। उन्होने कहा हम केवल क्षमता के बारे में सोच रहे हैं। हम आईपीएल प्रदर्शन और अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शन के बीच भ्रमित हो रहे हैं। यह एक बड़ा अंतर है। खिलाड़ी विशेष को प्राथमिकता देना बंद करें, यदि आप ऐसा करते हैं, तो आप बड़े टूर्नामेंट नहीं जीत पाएंगे। ऑस्ट्रेलिया कई वर्षों से यही कर रहा है। वे वास्तव में टीम गेम को प्राथमिकता दे रहे हैं।

### भारतीय महिला बैडमिंटन टीम का शानदार प्रदर्शन, चालिहा ने किया उलटफेर

नई दिल्ली। भारतीय महिला बैडमिंटन खिलाड़ी अश्मिता चालिहा ने अपने से ऊंची रैंकिंग की खिलाड़ी मिशेल ली को हराकर उलटफेर किया जिससे भारतीय महिला बैडमिंटन टीम ने शनिवार को उबेर कप टूर्नामेंट जीत के साथ अभियान की शुरुआत की। भारतीय महिला टीम ने इस तरह कनाडा पर 4-1 की जीत से टूर्नामेंट में सकारात्मक शुरुआत की है। रैंकिंग में 53वें स्थान पर काबिज चालिहा ने मानसिक मजबूती और जज्बे का शानदार प्रदर्शन करते हुए दुनिया की 25वें रैंकिंग की खिलाड़ी ली को शुरुआती सिंगल्स मैच में 26-24, 24-22 से मात दी। ली 2014 और 2022 राष्ट्रमंडल खेलों में क्रमश: स्वर्ण और रजत पदक जीत चुकी हैं। फरवरी में पहली बार एशिया टीम चैंपियनशिप जीतने वाली भारतीय टीम का हिस्सा रहीं चालिहा ने पीवी सिंधू सहित शीर्ष खिलाड़ियों की अनुपस्थिति में जिम्मेदारी अच्छी तरह निभाई। पिछले साल सीनियर राष्ट्रीय चैंपियनशिप का खिताब जीतने वाली प्रिया कोंजेगबाम और श्रुति मिश्रा की युवा महिला डबल्स जोड़ी ने कैथरीन चोई और जेसलिन चाउ को 21-12, 21-10 से हराकर भारत को 2-0 से आगे कर दिया था। इशारानी बरुआ ने वेन यू झांग को 21-13, 21-12 से हराकर भारत को 3-0 की अजय बढ़त दिलाने में मदद की।

### ट्रेन पटरी से उतरने से राजमार्ग बंद

ह्यूस्टन। पश्चिमी अमेरिका में एरिज़ोना-न्यू मैक्सिको सीमा के पास गैसोलीन और प्रोपेन ले जा रही एक ट्रेन शुक्रवार दोपहर को पटरी से उतर गई जिससे एक प्रमुख ट्रकिंग मार्ग बंद हो गया। न्यू मैक्सिको स्टेट पुलिस (एनएमएसपी) ने यह जानकारी दी। एनएमएसपी लेफ्टिनेंट फिल वर्गास ने कहा, हॉक, एरिज़ोना के पास पटरी से उतरने के बाद लगभग छह रेल कारों में आग लग गई और वे घंटों तक जलती रहीं। दुर्घटना में किसी के घायल होने की सूचना नहीं है। घटना के बाद माइलपोस्ट 8 के पास अंतरराज्यीय राजमार्ग आई- 40 पर पूर्व और पश्चिम की ओर जाने वाली लेन बंद कर दी गई। मैकिन्ले काउंटी शेरिफ कार्यालय ने कहा कि वे निश्चित नहीं हैं कि सड़कें फिर से कब खुलेंगी। बीएनएसएफ रेलवे प्रवक्ता लेना केंट ने पटरी से उतरने की पुष्टि की और कहा कि चालक दल को कोई चोट नहीं आई है। स्थानीय मीडिया ने बताया कि इस घटना को घातक सामग्री घटना के रूप में देखा जा रहा है। कारण की जांच चल रही है।

### ट्यूनीशिया, इटली ने अवैध आप्रवासन से निपटने के तरीकों पर की चर्चा

ट्यूनिस। ट्यूनीशिया और इटली ने यूरोपीय तटों खासतौर से इटली की ओर अवैध आव्रजन प्रयासों में वृद्धि से निपटने के लिए प्रयासों को तेज करने की आवश्यकता पर जोर दिया है। यह जानकारी ट्यूनिस अफ्रीक प्रेस ने शुक्रवार को रिपोर्ट में दी। ट्यूनीशियाई राजधानी ट्यूनिस में ट्यूनीशियाई संसदीय अध्यक्ष इब्राहिम बौडरबाला और ट्यूनीशिया में इतालवी राजदूत एलेसेंड्रो प्रूनास के बीच एक बैठक के दौरान इस मुद्दे पर चर्चा की गई। टीएपी ने श्री बौडरबाला के हवाले से कहा कि अवैध आप्रवासन मुद्दे पर भूमध्य सागर में शांति और सुरक्षा को मजबूत करने के लिए द्विपक्षीय और बहुपक्षीय स्तर पर संयुक्त कार्रवाई को बढ़ावा देने की जरूरत है। उन्होंने विशेष रूप से सांसदों की यात्राओं के आदान-प्रदान के माध्यम से मित्रता और सहयोग के संबंधों को मजबूत करने में संसदों की भूमिका पर भी प्रकाश डाला। इतालवी राजदूत ने शिक्षा, संस्कृति, उच्च शिक्षा और व्यावसायिक प्रशिक्षण सहित कई क्षेत्रों में सार्थक सहयोग और समझौतों के समापन पर प्रकाश डाला। श्री प्रूनास ने ट्यूनीशिया को सहायता प्रदान करने और क्षेत्र के भीतर और यूरोपीय संघ के स्तर पर अपनी स्थिति की रक्षा करने के लिए अपने देश की प्रतिबद्धता की पुष्टि की।

# शंघाई में भारतीय तीरंदाजों का जलवा, चार स्वर्ण पदक जीते

शंघाई। एशियन गेम्स की चैंपियन ज्योति सुरेखा वेन्नम के नेतृत्व में भारतीय तीरंदाजों ने शनिवार को यहां तीरंदाजी विश्व कप 2024 में कंपाउंड स्पर्धाओं में दांव पर लगे पांच स्वर्ण पदकों में से चार पदक अपने नाम किए।

दूसरी वरीयता प्राप्त ज्योति सुरेखा वेन्नम ने फाइनल में जगह बनाई और शूट-ऑफ में 2023 विश्व चैंपियनशिप की रजत पदक विजेता और शीर्ष वरीयता प्राप्त मैक्सिको की एंड्रिया बेसेरा को हराकर महिला कंपाउंड तीरंदाजी में व्यक्तिगत स्वर्ण पदक जीता। पांच सेटों की समाप्ति के बाद स्कोर 146 की बराबरी पर रहा।

इस स्वर्ण पदक के साथ, ज्योति सुरेखा वेन्नम ने अक्टूबर में मैक्सिको के त्लाक्सकाला में होने वाले तीरंदाजी विश्व कप फाइनल के लिए भी क्वालीफाई कर लिया।

इस बीच, मौजूदा विश्व चैंपियन अदिति गोपीचंद स्वामी क्वार्टर-फाइनल में एंड्रिया बेसेरा से 144-142 से हार गईं। अवनीत कौर क्वार्टर-फाइनल में ज्योति के खिलाफ 143-142 से हार गईं, जबकि परनीत कौर तीसरे दौर में बाहर हो गईं।

पुरुषों के व्यक्तिगत कंपाउंड में, प्रियांश को ऑस्ट्रिया के 2021 विश्व चैंपियन निको वीनर से हारने के बाद रजत पदक से संतोष करना पड़ा, जिन्होंने 150 का परफेक्ट स्कोर बनाया, जबकि प्रियांश 147 का स्कोर बनाने में सफल रहे।

प्रथमेश फुगे क्वार्टर-फाइनल में हार गए, जबकि भारतीय दिग्गज अभिषेक वर्मा और रजत चौहान दूसरे




दौर में ही हारकर बाहर हो गए। इससे पहले दिन में, भारत ने तीनों कंपाउंड टीम स्पर्धाओं में स्वर्ण पदक जीते। ज्योति सुरेखा वेन्नम, अदिति गोपीचंद स्वामी और परनीत कौर ने शीर्ष वरीयता प्राप्त होने के बाद इटली पर 236-225 से जीत के साथ स्वर्ण पदक जीता। चौथी वरीयता प्राप्त अभिषेक वर्मा, प्रियांश और प्रथमेश फुगे ने पुरुषों की कंपाउंड टीम स्पर्धा में नीदरलैंड को 238-231 से हराकर शीर्ष स्थान हासिल किया। मिश्रित टीम फाइनल में अभिषेक वर्मा और ज्योति सुरेखा वेन्नम ने भी मिलकर एस्टोनिया को 158-157 से हराया और स्वर्ण पदक जीता।

वेन्नम, स्वामी और कौर ने महिला टीम के फाइनल में इटली के खिलाफ मुकाबला करने के लिए शीर्ष वरीयता प्राप्त की थी। तीनों तीरंदाज पहले तीन एंड में सिर्फ दो बार परफेक्ट 10 स्कोर से चूकीं और 178-171 से आगे हो गईं। फिर भारतीय महिला टीम ने चौथे एंड पर केवल दो अंक गंवाए, लेकिन इससे ज्यादा फर्क नहीं पड़ा क्योंकि शीर्ष वरीयता प्राप्त तीरंदाजों ने 11 अंकों के अंतर से स्वर्ण पदक जीत लिया।

पुरुष टीम ने चौथी वरीयता के तौर पर क्वालीफाई किया था और पहले एंड में 60 के स्कोर के साथ शानदार शुरुआत की थी। अगले दो एंड पर दो अंक गंवाने के बावजूद, भारतीय पुरुष टीम ने चौथे एंड को 60 अंक के एक और परफेक्ट स्कोर के साथ पूरा किया और सात अंकों के अंतर से स्वर्ण पदक जीता।

इसके बाद वेन्नम और वर्मा ने एस्टोनिया के खिलाफ मिश्रित टीम फाइनल में संयुक्त रूप से शानदार प्रदर्शन किया, जहां उन्होंने अपने स्वर्ण पदक के अभियान में केवल दो अंक गंवाए। दोनों ने चारों एंड पर लगातार बढ़त बनाए रखी और पहले और तीसरे एंड पर परफेक्ट स्कोर हासिल किया। रविवार को तीन बार की ओलंपियन दीपिका कुमारी महिला व्यक्तिगत रिकर्व सेमीफाइनल में उतरेंगी। तरूणदीप राय, प्रवीण जाधव और धीरज बोम्मदेवरा की भारतीय पुरुष रिकर्व टीम स्वर्ण पदक के लिए रिपब्लिक ऑफ कोरिया से भिड़ेगी।

## अब लगता है कि टी20 में कोई भी लक्ष्य सुरक्षित नहीं है : करन

कोलकाता। टी20 क्रिकेट इतिहास में सर्वश्रेष्ठ रन चेज का रिकार्ड बनाने वाली पंजाब किंग्स के कप्तान कप्तान सैम करन ने कहा कि अविश्वनीय मगर हकीकत में इस जीत को देख कर लगने लगा है कि अब छोटे फार्मेट के क्रिकेट में कोई भी लक्ष्य सुरक्षित नहीं है। उन्होने कहा के लिये वह पूरी टीम को विशेषकर जॉनी ब्रेयस्टो और शंशांक को इस जीत का श्रेय देना पसंद करेंगे। दोनो ने असाधारण खेल का प्रदर्शन किया और एक विश्वनीय लक्ष्य को बेहद आसान बना दिया। ऐसा लग रहा है कि टी20 क्रिकेट बेसबॉल में तब्दील हो गया है।



पंजाब के कप्तान ने कहा कि खराब फार्म से जूझ रहे ब्रेयस्टो के लिये यह मैच उनके आत्मविश्वास को वापस लाने वाला था। लियम लिविंगस्टन की जगह पर आए ब्रेयस्टो ने 48 गेंदों पर आठ चौके और नौ छक्कों की मदद से 108 रनों की नाबाद पारी खेली और अपनी टीम को एक रिकॉर्ड जीत दिलाई। इस बीच ब्रेयस्टो ने कहा मैं इससे पहले कभी ऐसे मैच में नहीं रहा, जब एक पारी में 260 रन बने हो। जब गेंद आपके पाले में आती है तो आपको प्रहार करना ही होता है और मैने ऐसा ही किया।

## फ़्रेज़र-होप के तूफान से मुबंई के हौसले पस्त, दिल्ली जीता

**नई दिल्ली।** जेक फ़्रेज़र-मक्गर्क (84) और शे होप (41) की तूफानी पारियों के बाद गेंदबाजों के उम्दा प्रदर्शन की बदौलत दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 43वें मुकाबले में शनिवार को मुबंई इंडियंस (एमआई) को आसानी से दस रन से हरा कर मौजूदा सत्र में अपनी पांचवीं जीत दर्ज की।

अरुण जेटली स्टेडियम में दिल्ली ने पहले खेलते हुये चार विकेट पर 257 रन बनाये जिसके जवाब में मुबंई की टीम निर्धारित 20 ओवर में नौ विकेट पर 247 रन ही बना सकी। दिल्ली और मुबंई के बीच जीत हार का अंतर उनके शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों ने पैदा किया। टॉस हार कर पहले बल्लेबाजी करने उतरे दिल्ली के जेक फ्रेजर और अभिषेक पोरल (36) ने पहले पॉवर प्ले का भरपूर फायदा उठाया और शतकीय साझीदारी कर डाली।

जेक ने 27 गेंदों की संक्षिप्त पारी में 11 चौके और छह छक्के लगा कर दिल्ली की फिजां को और गर्म कर दिया। जेक के आउट होने के बाद शे होप ने पांच छक्कों की मदद से 17 गेंदों में 41 रन ठोक कर दिल्ली के लिये बड़े स्कोर का प्लेटफार्म तैयार कर दिया। दिल्ली के शीर्ष तीन खिलाड़ियों ने 13.4 ओवर के खेल में 180 रन बनाये।

वहीं मुबंई का टाप आर्डर दिल्ली के गेंदबाजों के सामने आत्मसमर्पण कर गया जिसने मध्यक्रम पर खासा दवाब बनाया और अंततः वह मुबंई की हार का कारक बना। रोहित शर्मा (8), ईशान किशन (20) और इंपेक्ट प्लेयर के तौर पर सूर्य कुमार यादव (26) ने अपने विकेट सस्ते में गंवा कर टीम की मुश्किलों में इजाफा किया और पहले पॉवर प्ले में मुबंई का स्कोर तीन विकेट पर 65 रन हो गया।




# भारत आ रहे जहाज पर लाल सागर में मिसाइल अटैक


**रूस से तेल लेकर आ रहा था; हूतियों ने ली हमले की जिम्मेदारी**

भारत आ रहे एक जहाज पर शनिवार को लाल सागर में मिसाइल अटैक हुआ है। इसकी जिम्मेदारी यमन के हूती विद्रोहियों ने ली है। जहाज का नाम अंड्रोमेडा स्टार बताया गया है। ये तेल लेकर भारत आ रहा था। शिप के मास्टर ने जानकारी देते हुए बताया है कि हमले में जहाज को मामूली नुकसान पहुंचा है।

अमेरिकी सेना की सेंट्रल कमांड के मुताबिक घटना शुक्रवार शाम 5 बजकर 49 मिनट पर हुई। जहाज ब्रिटेन का है, जिस पर एंटीगुआ और बारबाडोस का झंडा लगा था। अटैक के बावजूद जहाज अपने रास्ते पर आगे बढ़ रहा है। इसने रूस के प्रिमोर्स्क से यात्रा शुरू की थी और ये गुजरात के वाडीनार पहुंचने वाला था।

### जहाज पर कई मिसाइलों के साथ 2 बार हमले हुए

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक भारत आ रहे जहाज पर 2 बार हमले हुए। इस दौरान हूतियों ने कई मिसाइलें दागीं। हालांकि, पहले हमले में दागी गई मिसाइलें जहाज पर न गिरकर उसके नजदीक समुद्र में गिरीं। दूसरे



हमले में जहाज को नुकसान पहुंचा।

लाल सागर में जहाज पर हमला कई दिनों की शांति के बाद अचानक हुआ है। इससे पहले इजराइल के साथ तनाव के बीच ईरान ने भारत आ रहे एक जहाज को होर्मुज पास से कब्जे में ले लिया था। ईरान ने कहा था कि वे बिना मंजूरी उनकी समुद्री सीमा में घुसा था। जहाज के क्रू मेंबर्स में 17 भारतीय और 2 पाकिस्तानी भी थे।

ईरान ने पाकिस्तान के 2 नागरिकों और भारत की एक महिला क्रू मेंबर को छोड़ दिया। जबकि बाकी 16 भारतीय अभी भी ईरान की कैद में हैं।

हूतियों ने शुक्रवार को सिर्फ भारत आ रहे जहाज ही नहीं, बल्कि अमेरिका के रूक्-9 रीपर ड्रोन को भी अपना निशाना बनाया। हूतियों ने यमन के सादा प्रोविंस में ड्रोन को मिसाइल अटैक से मार गिराया है।

### हूतियों के हमले से भारत को नुकसान

ग्लोबल ट्रेड का करीब 12 प्रतिशत और 30 प्रतिशत कंटेनर ट्रैफिक हर साल लाल सागर के स्वेज कैनाल से होकर गुजरता है। हूती विद्रोहियों के हमलों से यूरोप और एशिया के बीच मुख्य मार्ग पर अंतरराष्ट्रीय व्यापार को समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।

भारत का 80 प्रतिशत व्यापार समुद्री रास्ते से होता है। वहीं 90 प्रतिशत ईंधन भी समुद्री मार्ग से ही आता है। समुद्री रास्ते में हमले से भारत के कारोबार पर सीधा असर पड़ता है। इससे सप्लाई चेन बिगड़ने का खतरा है। हूतियों से निपटने के लिए अमेरिका ने करीब 10 देशों के साथ मिलकर एक गठबंधन भी बनाया है, जो लाल सागर में हूतियों को रोकने और कार्गो शिप्स को हमले से बचाने का काम कर रहा है।

### यूरोप से सामान लाने के लिए भारत के पास ये दो रास्ते

इजराइल-हमास जंग के बीच फिलिस्तीनियों के समर्थन में हूती विद्रोही लगातार लाल सागर में जहाजों पर हमला कर रहे हैं। इसकी वजह से कई जहाज अपना रास्ता भी बदल रहे हैं। हूतियों के हमलों के जवाब में अमेरिका और ब्रिटेन ने मिलकर अब तक 4 बार यमन में हूतियों के ठिकानों पर एयरस्ट्राइक की है।

अमेरिकी मीडिया ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के मुताबिक, लाल सागर में लगातार हो रहे हूतियों के हमलों के कारण अंतरराष्ट्रीय ट्रेड पर गंभीर असर पड़ रहा है।

भारत से यूरोप के लिए डीजल की सप्लाई पिछले 2 सालों के सबसे निचले स्तर पर पहुंच गई है। इसमें करीब 90 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई है। एशिया से यूरोपियन यूनियन और ब्रिटेन जाने वाले कार्गो के शिपिंग चार्ज बढ़ गए हैं।

## अमेरिका के राष्ट्रपति चुनावों में चीन की दखलंदाजी

**एंटनी ब्लिंकन ने कहा- हमें कई सबूत मिले, अमेरिका को बांटने की कोशिश हो रही**

अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने चीन पर अमेरिका के राष्ट्रपति चुनावों में दखल देने का आरोप लगाया है। अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने कहा है कि चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मिले आश्वासन के बावजूद अमेरिकी चुनाव में चीन के दखल के सबूत मिले हैं।

विदेश मंत्री ब्लिंकन ने अपने चीन के दौरे के बाद सीएनएन को दिए इंटरव्यू में कहा, मैंने अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन के सैन फ्रैंसिस्को में दिए मैसेज को चीन के सामने दोहराया। इस मैसेज में अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने चीन को अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में दखल न देने को कहा था। जिसके बाद



चीन ने भी इस बात से सहमति जताई थी।

### बाइडेन के मैसेज को दोहराया

अमेरिका के राष्ट्रपति चुनावों में चीन के हस्तक्षेप के सवाल पर ब्लिंकन ने कहा, हमारे चुनाव में चीन का दखल कुछ ऐसा है जिस पर हम बहुत सावधानी से विचार कर रहे हैं।

हमें चीन के हस्तक्षेप के कई सबूत मिले हैं, जो हमें बिलकुल भी स्वीकार नहीं हैं।

इसलिए मैं इस बात को दोहरा रहा हूं, ताकि इसे सुना जाए। चीन और कुछ देश अलग- अलग कैंपेन चलाकर अमेरिका को बांटने की कोशिश कर रहे हैं।

ब्लिंकन ने इंटरव्यू के दौरान बताया कि उन्होंने चीन दौरे पर टेक्नोलॉजी से लेकर बींजिंग के मॉस्को के साथ रिश्ते और कई विवादित मुद्दों पर लंबी चर्चा की।

### ट्यूनीशिया, इटली ने अवैध आप्रवासन से निपटने के तरीकों पर की चर्चा

ट्यूनिस। ट्यूनीशिया और इटली ने यूरोपीय तटों खासतौर से इटली की ओर अवैध आव्रजन प्रयासों में वृद्धि से निपटने के लिए प्रयासों को तेज करने की आवश्यकता पर जोर दिया है। यह जानकारी ट्यूनिस अफ्रीक प्रेस ने शुक्रवार को रिपोर्ट में दी। ट्यूनीशियाई राजधानी ट्यूनिस में ट्यूनीशियाई संसदीय अध्यक्ष इब्राहिम बौडरबाला और ट्यूनीशिया में इतालवी राजदूत एलेसेंड्रो प्रूनास के बीच एक बैठक के दौरान इस मुद्दे पर चर्चा की गई। टीएपी ने श्री बौडरबाला के हवाले से कहा कि अवैध आप्रवासन मुद्दे पर भूमध्य सागर में शांति और सुरक्षा को मजबूत करने के लिए द्विपक्षीय और बहुपक्षीय स्तर पर संयुक्त कार्रवाई को बढ़ावा देने की जरूरत है।

### भारत, ईरान ने घनिष्ठ रक्षा सहयोग की योजनाओं पर की चर्चा

तेहरान। भारत और ईरान के वरिष्ठ अधिकारियों ने पश्चिम एशिया और भारतीय उपमहाद्वीप में नाजुक स्थिति के मद्देनजर पारस्परिक घनिष्ठ रक्षा सहयोग की योजनाओं पर चर्चा की। एक रिपोर्ट में कहा कि रक्षा सहयोग पर चर्चा ईरानी रक्षा मंत्री ब्रिगेडियर जनरल मोहम्मद रजा अश्तियानी ने कजाकिस्तान में भारतीय रक्षा सचिव गिरिधर अरामाने के साथ बैठक के दौरान की। बैठक के दौरान ईरान के रक्षा मंत्री ने कहा, कि रणनीतिक क्षेत्रों में ईरान और भारत के पास पश्चिम एशिया और भारतीय उपमहाद्वीप में शांति और सुरक्षा स्थापित करने की अपार संभावनाएं हैं। यह बैठक कजाकिस्तान में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के सदस्य देशों के रक्षा मंत्रियों के एक सम्मेलन के मौके पर आयोजित की गयी थी। ईरानी रक्षा मंत्री ने दाएश (आईएसआईएस) आतंकवादी समूह के खिलाफ जंग और उसे क्षेत्र में दोबारा सत्ता हासिल करने से रोकने के लिए तेहरान और भारत के बीच घनिष्ठ सहयोग का भी आह्वान किया। जनरल अश्तियानी ने ईरान और भारत के बीच सैन्य और रक्षा सहयोग के क्षेत्रीय स्थिरता और सुरक्षा की स्थापना पर पड़ने वाले प्रभाव पर प्रकाश डाला और भारत के साथ रक्षा सहयोग को बढ़ावा देने के आवश्यकता पर भी जोर दिया। तस्नीम समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार भारतीय रक्षा सचिव ने 'सीरिया में इजरायली हवाई हमले में ईरानी सैन्य सलाहकारों की जान जाने पर ईरान के प्रति सहानुभूति व्यक्त की और क्षेत्रीय सुरक्षा और शांति सुनिश्चित करने पर जोर दिया।

### यूरोपीय देशों के विश्वविद्यालयों में भी इजरायल, फिलीस्तीन संघर्ष को लेकर विरोध प्रदर्शन तेज

पेरिस। इजरायल और गाजा के बीच जारी संघर्ष के खिलाफ यूरोपीय देश के विश्वविद्यालयों में भी विरोध प्रदर्शन तेज हो गया है। इस मुद्दे पर पेरिस के विशिष्ट विश्वविद्यालय साइंसेज पो पर शुक्रवार को विद्यार्थियों ने धरना दिया और आवाजाही को रोक दिया। यहां इजरायल समर्थक प्रदर्शनकारी और फिलिस्तीन समर्थक विद्यार्थियों के आमने-सामने आने से तनाव और अधिक बढ़ गया। फ़िलिस्तीनी समर्थक छात्रों ने काले और सफ़ेद केफ़ियेह हेड स्कार्फ पहना, जो गाजा के साथ एकजुटता का प्रतीक बन गया है जबकि इजरायल समर्थक प्रदर्शनकारी कुछ इज़रायली और कुछ फ्रांसीसी झंडे लपेटे हुए थे। इस बीच, फिलीस्तीनी समर्थक विद्यार्थियों ने संस्था से गाजा में इजरायल की कार्रवाई की निंदा करने की मांग की। इस दौरान, विद्यार्थियों में पिछले सप्ताह कोलंबिया विश्वविद्यालय में सामूहिक गिरफ्तारी को लेकर बेहद नाराजगी दिखी। गौरतलब है कि इजरायली हमले में करीब 34,305 फिलिस्तीनियों की मौत हो गयी है। इनमें से ज्यादातर महिलाएं और बच्चे हैं।

### चीन निर्मित हवाई अड्डे का प्रबंधन भारतीय, रूसी कंपनियों को मिलेगा

कोलंबो/नयी दिल्ली। श्रीलंका ने हंबनटोटा बंदरगाह के पास स्थित अपने चीन निर्मित मटाला अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का प्रबंधन एक भारतीय और एक रूसी कंपनी को 30 साल की लीज पर सौंपने का फैसला किया है।

मीडिया रिपोर्टों के अनुसार मंत्रियों की कैबिनेट द्वारा नियुक्त वार्ता समिति की सिफारिशों को ध्यान में रखते हुए श्रीलंका के मंत्रिमंडल ने मटाला राजपक्षे अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का प्रबंधन 30 वर्षों की अवधि के लिए भारत की मेसर्स शौर्य एयरोनॉटिक्स (प्राइवेट) लिमिटेड और रूस की रिजेन प्रबंधन कंपनी अथवा इसकी संबद्ध कंपनी को सौंपने की अनुमति दे दी है। यह हवाई अड्डा वर्ष 2013 में 20 करोड़ 90 लाख डॉलर की लागत से बनाया गया था और इसके लिए अधिकांश राशि चीन से ऋण के रूप में आए थे। बारह हजार वर्ग मीटर टर्मिनल भवन, 12 चेक-इन काउंटर, दो गेट और एक सबसे बड़े वाणिज्यिक जेटों को संभालने के लिए पर्याप्त लंबा रनवे, और प्रति वर्ष दस लाख यात्रियों को संभालने की क्षमता होने के बावजूद शायद ही यहां कोई यात्री या यातायात आता है। यह हवाई अड्डा पूर्व राष्ट्रपति महिंदा राजपक्षे के कार्यकाल के दौरान बनाया गया था और यह उनके गृह नगर में स्थित है।

स्वामी प्रकाशक एवं मुद्रक प्रवीण कुमार सिंह द्वारा साईं प्रिंटिंग प्रेस D 85 सेक्टर 6 नोएडा से मुद्रित एवं 240 A अंसल चैंबर II, 6 भीकाजी कामा प्लेस नई दिल्ली 110066 से प्रकाशित
संपादकः प्रवीण कुमार सिंह, आरएनआई नं. ·DELHIN/2011/38334, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, टेलीफोन नं.: 011-26700510/11, ई-मेल : info@gauravshalibharat.com, समस्त विवादो का न्यायलय दिल्ली होगा